आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26



## महाशिवरात्रि पर श्री महाकालेश्वर दर्शन के लिए आए श्रद्धालु अपेक्षा से कम रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाशिवरात्रि पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान के दर्शनों के लिए शनिवार रात से ही श्रद्धालुओं की कतार लगना शुरू हो गई थी। रात 2.30 बजे मंदिर के पट खुलने के बाद से ही श्रद्धालुओं के दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया था। रविवार अपरान्ह 5 बजे तक 4 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। मंदिर समिति की व्यवस्था की अपेक्षा अनुरूप श्रद्धालुओं का आंकड़ा कम रहा। श्रद्धालुओं को लक्ष्य अनुसार 30-40 मिनट में दर्शन होते रहे।

शनिवार-रविवार देर रात को महाशिवरात्रि के दो दिवसीय आयोजन के लिए मंदिर के पट 44 घंटे निरंतर दर्शनों के लिए खुले हैं। मंदिर में महापर्व के तहत चार प्रहर की विशेष पूजा का दौर रविवार रात को शुरू होगा। इससे पूर्व शिवनवरात्रि के तहत होने वाली पूजन में मंदिर के पट खुलने के साथ भस्म आरती की गई। इसके बाद दध्योदक आरती हुई। सुबह के समय में पुजारी पुरोहित परिवार की और से जल चढ़ाया गया। इसके उपरांत भगवान की भोग आरती की गई। मध्य दोपहर में तहसील प्रशासन का अभिषेक किया गया। अपरान्ह में सिंधिया एवं होल्कर स्टेट का अभिषेक शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा के द्वारा करवाया गया। संध्या आरती में भगवान को नए वस्त्र अर्पण कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रबंध समिति की उप प्रशासक सिम्मी यादव के अनुसार विधि विधान के साथ भगवान का पूजन अर्चन जारी रहा है। इस दौरान मंदिर के पट खुलने से लेकर शाम 5 बजे तक 4 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्रद्धालु निर्धारित मार्ग से मंदिर के अंदर प्रवेश करने के बाद सुगमता एवं सहजता से भगवान के दर्शन कर 40 मिनिट में निकल रहे थे।

### दो दिनों में 10 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे

मंदिर प्रबंध समिति को महाशिवरात्रि के दो दिनों में 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान था। बकौल प्रशासक प्रथम कौशिक सामान्य दिनों में सवा से डेढ़ लाख श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में पर्व की स्थिति में हमें उम्मीद थी कि इन दो दिनों में 10 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। अपेक्षा से कम श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर क्षेत्रीय रहवासी एवं श्रद्धालु महेन्द्र योगी का कहना था कि असल में बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। साथ ही भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट मैच को लेकर भी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या प्रभावित रही है। वैसे मंदिर पूरे 44 घंटे खुला रहेगा और सोमवार रात 11 बजे ही अब पट बंद होंगे। रविवार रात से चार प्रहर का पूजन होगा। इसके उपरांत सोमवार तड़के से भगवान के सेहरा के श्रृंगार दर्शन होंगे। दोपहर में 12 बजे वर्ष में एक बार होने वाली भस्म आरती की जाएगी।

## मंदिर जा रहे पुजारी की हमलवार ने हत्या कर दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सीधी



सीधी जिले के कुसमी क्षेत्र में महाशिवरात्रि की सुबह बका से हमला कर पुजारी की हत्या कर दी गई। मृतक इन्द्रभान द्विवेदी (75) तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे रविवार सुबह 8.30 बजे महाशिवरात्रि पर पूजा करने जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमला अचानक हुआ। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ नहीं पाए। हमलावर लाला केवट (55) ने वार कर इन्द्रभान को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

वारदात के फौरन बाद आरोपी को भागने का मौका नहीं मिला। उसे घटनास्थल से ही पकड़ लिया गया। पुलिस आरोपी लाला केवट को हिरासत में लेकर थाने लाई, उससे पूछताछ जारी है। हत्या की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। स्थानीय वकील राजेंद्र तिवारी ने बताया की पंडित जी की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सिर्फ ब्राह्मण होने की वजह से उनकी हत्या की गई है। आरोपी शुरू से ही ब्राह्मण से बैर रखता है। उसकी इसी मानसिकता की वजह से पुजारी की जान गई है।

## देश विदेश

### 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचकेदार गद्दी स्थल उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में वैदिक विधि-विधान और पंचांग गणना के बाद शुभ मुहूर्त की औपचारिक घोषणा की गई। इस वर्ष कपाट वृष लग्न में खुलेंगे, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इस साल केदारनाथ यात्रा पिछले साल की तुलना में पहले शुरू हो रही है। 2025 में धाम के कपाट 2 मई को खुले थे, जबकि इस बार 22 अप्रैल को खुलेंगे। यानी श्रद्धालु इस बार 10 दिन पहले बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। तिथि घोषित होते ही शासन-प्रशासन और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियों को तेज कर दिया है।

### तारिक रहमान कल लेंगे बांग्लादेश के पीएम पद की शपथ

**ढाका।** बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री तारिक रहमान 17 फरवरी को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सहित 13 देशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, समारोह राजधानी ढाका में आयोजित होगा। इसमें दक्षिण एशिया और अन्य मित्र देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। नई सरकार के गठन को लेकर देश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम को क्षेत्रीय सहयोग और कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को नई दिशा देने पर भी जोर दिया जाएगा।

### राजपाल यादव को बेल मिलने का दावा गलत



वायरल वीडियो में सलमान खान को शुक्रिया करते दिखे एक्टर, आज होगी जमानत याचिका पर अगली सुनवाई

**मुंबई।** चेक बाउंस केस में तिहाड़ जेल में बंद राजपाल यादव का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा जिसमें दावा किया जा रहा है कि एक्टर को बेल मिल चुकी है, जिसके बाद उन्होंने सलमान खान को शुक्रिया किया है। हालांकि ये दावा गलत है। वायरल हो रहा वीडियो काफी पुराना है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में राजपाल यादव कह रहे हैं, सलमान भाई बड़े भाई की तरह हैं। सलमान भाई के साथ घर में बैठकर, उनके साथ बहुत खुशी महसूस हो रही है। सलमान भाई जैसे इंसान अपनी इंडस्ट्री में बहुत कम हैं। वो हमेशा लोगों के लिए खड़े रहते हैं। और हमने तो 20 साल से लगातार सलमान भाई के साथ 10-12 फिल्में की हैं। मैं पूरी तरह से राहत महसूस कर रहा हूं और उनके अच्छे की कामना करता हूं। इस वीडियो के साथ दावा किया गया कि राजपाल यादव को चेक बाउंस केस में जमानत मिली है, जिसके बाद उन्होंने आर्थिक मदद देने के लिए सलमान का शुक्रिया अदा किया है। हालांकि फैक्ट चैक में सामने आया है कि ये वीडियो 8 साल पुराना है। ये वीडियो तब का है जब सलमान खान को काला हिरण शिकार मामले में बेल मिली थी। 2018 के इस वीडियो में राजपाल यादव सलमान की बेल पर बात कर रहे हैं न कि अपनी बेल पर। राजपाल यादव की बेल याचिका पर 12 फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट से एक्टर की जमानत याचिका खारिज हो गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एक्टर को फटकार लगाई। दिल्ली हाईकोर्ट ने राजपाल यादव से पूछा कि वे सजा को रद्द करने की मांग क्यों कर रहे हैं। उन्होंने खुद माना था कि उन्होंने पैसा उधार लिया था और उसे लौटाने का वादा किया था। ऐसे में अब सजा पर रोक लगाने की मांग किस आधार पर की जा रही है?

### अमेरिका से परमाणु समझौते पर बातचीत के लिए ईरान तैयार

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने की इच्छा जताई है। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त-रवांची ने बीबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर बात करने को तैयार है, तो हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई मुद्दों पर समझौता करने के लिए तैयार हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत का अगला दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है। वहीं अमेरिकी अधिकारी बार-बार कहते रहे हैं कि परमाणु वार्ता में प्रगति रुकने की वजह ईरान है, न कि अमेरिका। हालांकि, तख्त-रवांची ने दोहराया कि ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा।

### गहरी खाई में गिरी जीप, तीन दोस्तों की मौत, एक गंभीर

**थुनाग।** शिवरात्रि महोत्सव की सुबह हिमाचल प्रदेश के सराज क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसा रविवार सुबह करीब चार बजे बूनालीधार के पास हुआ। चार दोस्त घर से जीप लेकर निकले थे, जो रास्ते में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जानकारी के अनुसार, जीप योगराज निवासी बगस्याड की थी। हादसे में योगराज के बेटे हार्दिक की भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चारों युवक बिना घरवालों को बताए तड़के घर से निकले थे। लंबाथाच-कलहणी सड़क पर बूनालीधार के समीप जीप करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई।

## झारखंड: हजारीबाग में जंगली हाथियों का भयावह आतंक

## 7 लोगों को कुचलकर मार डाला

एजेंसी ▸▸ हबीबगंज



मृतकों में एक ही परिवार के 4 लोग

झारखंड में जंगली हाथियों का आतंक अब भयावह रूप लेता जा रहा है। ताजा मामला हजारीबाग जिले के चूरचू प्रखंड का है। यहां गुरुवार- शुक्रवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने अलग-अलग गांवों में घुसकर सात लोगों को कुचलकर मार डाला। इस घटना से गांव वालों में दहशत फैल गई।

गोंदवार और कजरी गांव में हुए हाथियों के इन हमलों में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित कुल सात लोगों की जान चली गई। मृतकों में सूरज राम, सविता देवी, धनेश्वर राम, सुमन देवी और कजरी गांव की फुलमनी किस्कू शामिल हैं। इनमें दो मासूम नाबालिग बच्चे भी बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाथियों का झुंड देर रात उस समय गांव में घुस आया जब सभी ग्रामीण अपने घरों में सो रहे थे। अचानक हुए हमले से लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

## महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बोले- टीपू सुल्तान शिवाजी महाराज के बराबर

एजेंसी ▸▸ बुलढाणा

महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने पर विवाद बढ़ गया है। सपकाल ने कहा था- टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर मानना चाहिए। वे एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली सोच को नहीं अपनाया। दरअसल, सपकाल 14 फरवरी को बुलढाणा में मालेगांव नगर निगम के डिप्टी मेयर निहाल अहमद के ऑफिस पर थे। वे टीपू सुल्तान की तस्वीर हटाने पर हुए विवाद के बारे में बोल रहे थे। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सपकाल के बयान को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रेसिडेंट का दिमाग खराब हो गया है, वह पागल हो गए हैं। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए।

## इंडिगो 1,000 से ज्यादा पायलट की भर्ती करेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बड़े पैमाने पर पायलटों की भर्ती करने की तैयारी में है। कंपनी 1 हजार से ज्यादा पायलट नियुक्त करेगी। यह भारतीय विमानन क्षेत्र में किसी भी एयरलाइन द्वारा की जाने वाली सबसे बड़ी भर्ती मुहिम में से एक है। यह फैसला पिछले साल दिसंबर में आई परिचालन संबंधी दिक्कतों के बाद लिया गया है, जब क्रू की कमी के कारण महज 7 दिनों में 5 हजार से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंडिगो की इस भर्ती प्रक्रिया में ट्रेनी फर्स्ट ऑफिसर, सीनियर फर्स्ट ऑफिसर और कैप्टन के पद शामिल हैं। कंपनी अपने विस्तार और रेगुलेटरी जरूरतों को पूरा करने के लिए यह कदम उठा रही है। इंडिगो हर महीने बेड़े में 4 नए विमान जोड़ेगी। इन्हें उड़ाने के लिए नए पायलटों की जरूरत है।

## भारत को मिलने वाले 114 में से 24 होंगे सुपर-राफेल

### एफ-5 होगा नाम, अभी वायुसेना के पास एफ-3

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



फ्रांस के साथ भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपए में करने जा रहा है। 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रॉ की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इसी दौरान इस डील पर मुहर लगेगी। इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है।

अभी वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है। लेकिन, नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे।

## महाशिवरात्रि पर देश की पहली किन्नर शंकराचार्य का पट्टाभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को राजधानी भोपाल में किन्नर धर्म सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का पट्टाभिषेक किया गया। आयोजकों के अनुसार राजस्थान के पुष्कर पीठ का चयन देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में किया गया है। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह घोषणा की गई। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और विभिन्न राज्यों से आए अनुयायी मौजूद रहे। आयोजकों ने सम्मेलन के दौरान धर्म परिवर्तन कर चुके 60 किन्नरों की घर वापसी कराए जाने का भी दावा किया। मंच से कहा गया कि मुस्लिम बने कुछ किन्नरों ने शुद्धिकरण की प्रक्रिया के साथ पुनः हिंदू धर्म स्वीकार किया। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

## मैनेजर पर कंपनी का 25 लाख के गबन का मामला दर्ज

### स्टॉक जांच में बिना बिल माल सप्लाई का खुलासा, आरोपी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक मैनेजर पर 25 लाख रुपए के गबन का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने मैनेजर पद पर रहते हुए कंपनी के खाते और स्टॉक में हेरफेर कर राशि का गबन किया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सी स्कीम नंबर 78 विजयनगर निवासी अशोक पटेल, जो संघवी फूड्स डिपो के डायरेक्टर हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है और बताया कि उनकी कंपनी की देशभर में कई इकाइयां संचालित हैं और इंदौर में सेल्स ऑफिस सिल्वर हाउस, स्कीम नंबर 74 में स्थित है। रामप्रवेश पुत्र बाचन राजभर, निवासी ड्रीम सिटी तलावली चांदा, वर्ष 2011 से इंदौर सेल्स यूनिट में मैनेजर पद पर कार्यरत था। उसे कंपनी के स्टॉक और सेल्स से जुड़े सभी कार्यों की जिम्मेदारी दी गई थी। जून 2025 में आरोपी को हेड ऑफिस में अटैच किया गया और इसके बाद नए स्टाफ की नियुक्ति कर स्टॉक और अकाउंट का रिवीजन कराया गया।

## बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों का दावा

## 7 पाकिस्तानी सैन्य कर्मियों को बंदी बनाया

एजेंसी ▸▸ क्वेटा

### घुटनों पर बैठे दिखे जवान, 7 दिनों का अल्टीमेटम



बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने हालिया कार्रवाई के दौरान सात पाकिस्तानी सैन्य कर्मियों को बंदी बना लिया है। संगठन ने इन सैनिकों को युद्धबंदी बताया है और उनकी रिहाई के बदले बलूच राजनीतिक कैदियों तथा कथित रूप से लापता व्यक्तियों की रिहाई की मांग की है। बीएलए ने पाकिस्तान सरकार को सात दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर बंदियों के खिलाफ तथाकथित बलूच नेशनल कोर्ट में कार्रवाई की जा सकती है।

बीएलए के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई बलूचिस्तान में चल रहे संघर्ष का हिस्सा है। संगठन का आरोप है कि क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा बलूच नागरिकों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाइयाँ की जा रही हैं। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारियों की ओर से इस दावे पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। आम तौर पर ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि तुरंत संभव नहीं होती।

### अपहरण मामले में संगठन ने 48 घंटे की समयसीमा दी थी

इससे पहले भी बीएलए ने इसी तरह के अल्टीमेटम जारी किए हैं। 2025 में जफर एक्सप्रेस से जुड़े अपहरण मामले में संगठन ने 48 घंटे की समयसीमा दी थी और राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग की थी। उस घटना के बाद पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन ग्रीन बोलन नामक कार्रवाई चलाकर बंधकों को छुड़ाने का दावा किया था, जबकि बीएलए ने अलग दावा किया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

ज्यादा भीड की संभावना में शनिवार देर रात से लाईन में लगकर कई श्रद्धालुओं ने तडके दर्शन किए, अनुमानित संख्या के मुकाबले कम रही संख्या,अभी सोमवार रात 11 बजे तक निरंतर दर्शन होंगे

# सरपट आए श्रद्धालु, चलना ज्यादा पडा, दर्शन हुए फटाफट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए ज्यादा भीड के उमडने की संभावना के चलते शनिवार देर रात से ही श्रद्धालु कतार में लग गए थे। देर रात 2.30 बजे से भगवान के दर्शन का क्रम चालू हुआ और श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को चलायमान भस्मार्ती के दर्शन भी हुए। मंदिर प्रबंध समिति की व्यापक व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की कम संख्या के कारण श्रद्धालु कतार में सरपट आए और भगवान के दर्शन कर फटाफट निकल गए। इस दौरान उन्हें करीब 2.5 किलोमीटर से अधिक पैदल चलना पडा है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान के दर्शनों का मोह श्रद्धालुओं को बढता जा रहा है लेकिन इस बार मंदिर प्रबंध समिति के अनुमान से दो दिवसीय पर्व के तहत पहले दिन कम श्रद्धालुओं का आगमन हुआ है। मंदिर प्रबंध समिति को दो दिनों में 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान था जो कि सहज ही था । मंदिर में सामान्य दिनों में ही सवा से डेढ लाख श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इसके पीछे कारण बोर्ड की परीक्षाओं का नियमित होना एवं अति चाव एवं रोमांच से भरपूर भारत - पाकिस्तान क्रिकेट मैच का भी इसी दिन होना संभावित बताया जा रहा है।



### सरपट चलना पडा, दर्शन फटाफट हुए

महाराष्ट्र के संभाजी नगर से आए श्रद्धालुओं की टोली ने बताया कि उनका आज उज्जैन में दुसरा दिन है। भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए उन्हें लंबा और सरपट चलना पडा। दर्शन भी फटाफट हो गए। उनके अनुसार मंदिर समिति की व्यवस्थाएं पर्याप्त थी लेकिन उसके आगे श्रद्धालुओं की संख्या कम लग रही थी। मंदिर में बेरिकेट्स से दर्शन किए हैं।

### किस श्रद्धालु को कितना चलना पडा

**सामान्य श्रद्धालु:** श्रद्धालु भील समाज धर्मशाला के समीप के दर्शन द्वार से प्रवेश कर - चारधाम मंदिर पार्किंग स्थल - शक्ति पथ - त्रिवेणी संग्रहालय के समीप से - नंदीद्वार - श्री महाकाल महालोक - मानसरोवर भवन - फेसेलिटी सेंटर 01 - टनल - नवीन टनल 01 - गणेश मण्डपम् से भगवान के दर्शन किए। दर्शन उपरांत आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर निकले ओर बड़ा गणेश मंदिर के समीप - हरसिद्धि मंदिर चौराहा होते वापसी पार्किंग की और रही।

**शीघ्र दर्शन रू.250:** भील समाज धर्मशाला के समीप पृथक से बैरिकेटिंग पंक्तिबद्ध प्रवेश कर - चारधाम मंदिर पार्किंग स्थल - अशोक सेतु से - मानसरोवर भवन - फेसेलिटी सेंटर 01 - टनल - नवीन टनल 01 - गणेश मण्डपम् से भगवान के दर्शन किए। आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर बड़ा गणेश मंदिर के समीप - हरसिद्धि मंदिर चौराहा होते हुए रवाना हुए। इसी प्रकार शीघ्र दर्शन व्यवस्था 2 के तहत हरसिद्धि पाल पार्किंग जिगजेग में होते हुए - बड़ा गणेश के समीप वाली गली - प्रीपेड बूथ तिराहा - शहनाई जिगजेग - द्वार नंबर 01 से मंदिर में प्रवेश कर - फेसेलिटी सेंटर 01 - टनल - नवीन टनल 01 - गणेश मण्डपम् से भगवान के दर्शन किए। दर्शन उपरांत आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर की ओर बड़ा गणेश मंदिर के समीप ।

### उमा भारती ने भी किए दर्शन



**अपरांह में स्टेट पूजा:** मंदिर प्रबंध समिति की और से रविवार अपरांह में सिंधिया और होल्कर स्टेट की और से विधिविधान पूर्वक पूजन किया गया। शासकीय पूजारी घनश्याम शर्मा ने इस पूजन को संपन्न करवाया। इससे पूर्व दोपहर में तहसील की और से विधि विधान के अनुसार भगवान का पूजन किया गया।

### दोपहर में भस्मार्ती आज

सोमवार को भगवान की तडके की जाने वाली भस्मार्ती दोपहर 12 बजे होगी। वर्ष में एक बार ही यह आरती दिन में होती है। इसके चलते भगवान की भोग आरती का समय भी अपरांह में रहेगा।

### शहर भर में आयोजन

महाशिवरात्रि पर शहर के अधिकांश मंदिरों पर धार्मिक आयोजन का सिलसिला रविवार को देखा गया है। इसके अंतर्गत खिचडी एवं फरियाली सामग्री का वितरण भी शहर भर में रहा है। अनुमानित करीब 250 से अधिक स्थानों पर शहर में चाय,फल ,फरियाली का वितरण किया गया। विभिन्न संगठनों ने इसके आयोजन किए।

### 44 घंटे बाद सोमवार रात बंद होंगे पट

शनिवार-रविवार देर रात 2 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए थे। 2.30 बजे भस्मार्ती की गई उसके उपरांत विधिविधान से पूजन किया गया । निरंतर रूप से पूजन का दौर चलता रहा है। रविवार रात को चार प्रहर की विशेष पूजा का दौर शुरू किया गया है। इस दौरान भी पहुंचने वाले श्रद्धालु बराबर दर्शन कर रहे थे। सायं 7 बजे से रात 10 बजे तक कोटितीर्थ कुण्ड के तट पर विराजित कोटेश्वर महादेव का पूजन, सप्तधान्य अर्पण, पुष्प मुकुट श्रृंगार (सेहरा) के उपरान्त आरती की गई। इसके बाद रात 10 बजे से महापूजन शुरू हुआ था। प्रातः 6 बजे तक भगवान महाकालेश्वर का महाअभिषेक पूजन श्रृंगार चलेगा। जिसमे एकादश एकादशनी रूद्रपाठ व विभिन्न मंत्रो के माध्यम से 11 ब्राह्मणों द्वारा देवादिदेव भगवान महाकालेश्वर का अभिषेक किया जायेगा। उसके बाद भस्म लेपन, विभिन्न प्रकार के पांच फलों के रसों से अभिषेक, पंचामृत पूजन (101 लीटर दूध, 31 किलो दही, 21 किलो खांडसारी, 21 किलो शहद, 15 किलो घी) से अभिषेक, गंगाजल, गुलाब जल, भाँग आदि के साथ केसर मिश्रित दूध से अभिषेक किया जायेगा।मंदिर निरंतर रूप से खुला रहा है। सोमवार को दोपहर की भस्मार्ती के बाद रात 11 बजे शयन आरती के उपरांत ही पट बंद होंगे।

### ऐसे निर्माण तो समस्याजनक रहेंगे...




हाल ही में एक बार फिर शहर के एक प्रमुख देव स्थल के मुख्य द्वार से सौंदर्य की भारी भरकम सामग्री धरातल पर आ गिरी। जहां शहर में सदियों पुराने निर्माण सतत रूप से चल रहे हैं और उनमें कोई दरार तक नहीं आई ऐसी स्थिति में 10-12 साल पहले के इन निमार्णों का दरकना समझ से परे है और सवालिया स्थिति में भी है। प्रदेश के नामी विभाग के कामी-दामी जिम्मेदारों ने इस निर्माण को अंजाम दिया और उसके बाद भी ऐसा होना किसी भी स्थिति में वाजिब नहीं माना जा रहा है। 10-12 साल की अवधि कोई बहुत बडी अवधि नहीं होती है न ही इतनी कम समयावधि में ऐसा होना ही चाहिए। इससे महाआयोजन 2016 के दौरान किए गए कामों पर शंका की छाया पूरी तरह से मंडराने लगी है। एक नहीं अनेक कामों के दरकने का मामला भी बराबर बना हुआ है। इसी धर्म स्थल में ये पहली बार नहीं हुआ है पूर्व में भी यहां ऐसा हुआ है। नामी-कामी-दामी विभाग के जिम्मेदारों की और से इस तरह के मामले हो जाने के बावजूद उच्च स्तर से भी कोई बयान सामने नहीं आना सीधे तौर पर आंख चुराने जैसा ही माना जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि निर्माण कार्यों में धर्मस्थलों में अगर इस प्रकार की गुणवत्ता के काम सामने आएंगे और ऐसे में कोई हादसा हो गया तो फिर इसके लिए कौन जिम्मेदार माना जाएगा इसे पूर्व से ही तय किया जाना चाहिए। इसमें संबंधित निर्माण कंपनी के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी बांड भरवाना चाहिए। जिसमें निर्माण की गुणवत्ता के साथ उसके निषिद्ध काल की अवधि के लिए इन्हें जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। संबंधित समयावधि से पूर्व निर्माण कार्यों के दरकने पर संयुक्त रूप से जिम्मेदारी मानकर इनसे वसूली की जाना चाहिए।

### ट्रैंडिंग




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किए महाकाल दर्शन

### व्यापार मेला एवं विक्रमोत्सव का शुभारंभ किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



रविवार को गृह नगर उज्जैन आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इससे पूर्व उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज परिसर में उज्जैन व्यापार मेले का शुभारंभ किया। मंदिर से दर्शन करने के उपरांत उन्होंने विक्रमोत्सव का पालिटेक्निक कालेज परिसर में शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंदिर में दर्शन पूजन में सहभागिता की तथा श्री महाकाल बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। पूजन के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रद्धालुओं से संवाद किया ।

## भारत-पाक मुकाबले से पहले उज्जैन में हवन-पूजन

**उज्जैन।** रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच श्रीलंका में होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह रहा। भारतीय टीम की जीत के लिए उज्जैन के प्रसिद्ध अंगारेश्वर मंदिर में क्रिकेट प्रेमियों, पंडित-पुजारियों ने मिलकर हवन-पूजन और विशेष अनुष्ठान किया।

आईसीसी टी-20 के वर्ल्ड कप मुकाबले में चिर परिचित प्रतिद्वंदी टीम इंडिया और पाकिस्तान रविवार को मैच खेला । मैच शुरू होने से पहले देशभर में भारतीय टीम की जीत के लिए पूजन अर्चन किया। रविवार सुबह अंगारेश्वर मंदिर में करीब 50 से अधिक पण्डे-पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सूर्य कुमार यादव, अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे सहित टीम के खिलाड़ियों के फोटो अंगारेश्वर मंदिर के शिवलिंग के पास रखकर पूजन अर्चन किया।

## श्री अंगारेश्वर महादेव के दिव्य सेहरा श्रृंगार के बाद 2 क्विंटल फलाहारी खीर का लगा भोग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिद्धवट क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान का विशेष पूजन-अर्चन कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान को भांग और सूखे मेवों से बना सुंदर सेहरा बांधा गया, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

मंदिर के पुजारी पं. मनीष अर्जुन उपाध्याय और रोहित उपाध्याय ने बताया कि इस विशेष अवसर पर भगवान को 2 क्विंटल फलाहारी खीर का महाभोग लगाया गया। इसके पश्चात शाम 5 बजे भगवान की भव्य महाआरती की गई। आरती के बाद उपस्थित भक्तों में फलाहारी खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

## 28 फरवरी को होगी 6 बड़े ग्रहों की परेड, इन राशि वालों की चमक उठेगी किस्मत

ग्रहों के इस दुर्लभ संयोग का खास प्रभाव इन 3 राशि वालों पर दिखाई देगा। आपका भाग्य चमक सकता है और सभी कार्यों में अच्छे व मनचाहे परिणाम हासिल हो सकते हैं।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फरवरी 2026 ज्योतिष दृष्टि से बेहद विशेष मानी जा रही है, क्योंकि इस माह आकाश में ग्रहों की एक दुर्लभ स्थिति बनने वाली है। खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार, 28 फरवरी 2026, शनिवार को सूर्यास्त के बाद पश्चिमी या दक्षिण-पश्चिमी क्षितिज पर कई ग्रह एक सीध में नजर आने वाले हैं। इन ग्रहों में मुख्य रूप से राजकुमार बुध, वैभव शुक्र, न्याय के दाता शनि, देवगुरु बृहस्पति के साथ यूरेनस और नेप्च्यून ग्रहों का नाम शामिल है। ज्योतिष के अनुसार, यह दुर्लभ प्लैनेटरी अलाइनमेंट मार्च तक चलने वाला है। परंतु 28 फरवरी 2026 को यह अधिक प्रभावशाली होगी। मान्यता है कि, एक साथ कई ग्रहों के सक्रिय होने से कुछ राशि वालों के जीवन में नई ऊर्जा, कार्यक्षेत्र में परिवर्तन व काम को लेकर निर्णय बेहतर होंगे। साथ ही कई अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

### मेष राशि

ग्रहों की कतार मेष राशि वालों के लिए लाभ के नए द्वार खुलेंगे। आपको नई नौकरी या व्यापार में हिस्सेदारी प्राप्त होगी।

मेष राशि वालों के धन कमाने के अवसर बढ़ेंगे और करियर में नई नौकरी या बेहतर ऑफर मिलने की संभावना बनेगी।

इस समय आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और रुके हुए काम गति पकड़ सकते हैं।

किसी नए काम को करने की ऊर्जा बढ़ेगी और कई परिवर्तन जीवन में महसूस होंगे।

### कन्या राशि

कन्या राशि वालों के लिए यह समय भाग्योदय करने वाला साबित हो सकता है।

इस समय आपको मनचाहा लाभ मिलने के योग बनेंगे और योजनाओं में सफलता मिलने की संभावना रहेगी।

मेहनत का सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा।

कन्या राशि वालों के लिए समय कला के क्षेत्र में मौके लेकर आएगा और आपको धन लाभ की भी संभावनाएं हैं।

धन लाभ के अवसरों में वृद्धि के योग हैं।

### मीन राशि

मीन राशि वालों को इस अवधि में धन लाभ के मजबूत संकेत मिल रहे हैं।

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं।

परिवार और कार्यक्षेत्र दोनों जगह संतुलन बना रहेगा।

विवाह के योग बनेंगे और घर में सभी के साथ अच्छा संवाद होगा।

मीन राशि वालों के आमदनी के लिए नए-नए रास्ते खुलेंगे।

# संस्कृत की क्लास शुरू पाकिस्तान में, पहले सत्र मे आठ विद्यार्थी सीख रहे व्याकरण

विभाजन के इतने लंबे अर्से बाद अब लाहौर मे एक बार फिर संस्कृत का उद्भव होना नई पीढी की स्वस्थ सोच को बढाने मे कितना फलदायी होगा ये तो आनेवाला समय बताएगा किन्तु शाहीद रशीद जैसे लोग इस्लामी देश मे एक वृहद व स्वस्थ विचार रखते हैं जो कि सराहनीय है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

भाषा देश व सीमा से परे होती है। भाषा किसी एक धर्म की नहीं होती बल्कि ये तो पुरातन साझा विरासत है दोनो ही मुल्क भारत व पाकिस्तान की ये सोच रखनेवाले लाहौर के एसोसिएट प्रोफेसर शाहीद रशीद ने व्यक्तिगत प्रयास किए और इस वर्ष लाहौर की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंस मे संस्कृत का एक क्रेडिट ऐच्छिक कोर्स शुरू किया। जेन जी ने अपनी साझा संस्कृति के प्रति रूझान दिखाते हुए इस कोर्स मे एडमिशन लिए और पहले ही सत्र मे आठ विद्यार्थी इस कोर्स को पूरी शिद्दत से कर रहे हैं।





### शुरूआत कार्यशाला से

समाजशास्त्री डॉ शाहीद रशीद ने अपना शोध कार्य इस्लामिक विचार व सभ्यता पर किया है। उनके मन मे विचार आया कि संस्कृत के कुछ प्राचीन ग्रंथ , लाहौर के मुस्लिम एंग्लो ओरिएंटल कालेज की लायब्रेरी मे रखे हैं जो पूर्व मे सनातन धर्म कालेज कहलाता था। विभाजन से पहले सनातन धर्म कालेज, संस्कृत का एक प्रसिद्ध केन्द्र था जिसके प्राचार्य संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान पं रघुवीर दयाल शास्त्री थे। उस दौरान संस्कृत लाहौर मे खूब फलीफूली और दूर दूर से स्कॉलर यहां संस्कृत सीखने आते थे। विभाजन के बाद सनातन कालेज , भारत के अंबाला कैंट मे स्थानांतरित हो गया और इसकी जगह मुस्लिम - एंग्लो ओरिएंटल कालेज ने ले ली।

### संस्कृत की लिपि बहुत सुन्दर

अधिकतर विद्यार्थी संस्कृत की सुन्दर लिपि से प्रभावित हैं । छात्रा व पाकिस्तान की मशहूर पत्रकार सैहर मिर्जा का कहना है कि देवनागरी लिपि बहुत ही सुन्दर है। गीता और महाभारत जैसे सनातनी धर्म के मर्म को समझने के लिए ही उन्होने इस कोर्स मे प्रवेश लिया है।

### गीता के दर्शन को समझने की ललक

शाहीद रशीद ने स्वयं पहले सोश्यल प्लेटफार्म के आनलाइन प्रोग्राम से शास्त्रीय संस्कृत व्याकरण सीखी और उन्हे ये समझते देर न लगी कि उर्दू के कई शब्दों का संस्कृत से गहरा साम्य व नाता है । चांद , सितारे आदि शब्दों की उत्पत्ति प्राचीन भाषा संस्कृत से ही माना जा सकता है। पहले तीन सप्ताह की एक वर्कशॉप संस्कृत की शुरू की गई जिसमे सात से आठ विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रवेश लिया और वे लगातार संस्कृत के श्लोकों के अर्थ सीख रहे हैं।

### दक्षिण एशिया की आत्मा है संस्कृत

डॉ शाहीद रशीद का मानना है कि संस्कृत को हिन्दू धर्म से जोडकर नहीं देखना चाहिए । ये प्राचीन भाषा पूरे दक्षिण एशिया की साझा विरासत है। प्रसिद्ध ग्रंथअष्टाध्यायी के रचनाकार पाणिनी का संबंध अविभाजित भारत के गांधार से रहा है जो अब अफगानिस्तान- पाकिस्तान का क्षेत्र है। जब पाकिस्तान के छात्र जर्मन व अन्य विदेशी भाषा सीख रहे हैं तो अपनी साझा विरासत संस्कृत क्यों नही सीखें। वे संस्कृत का श्लोक ₹ अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम।उदार - चरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम।। का अर्थ उद्धृत करते हुए विद्यार्थियों को समझाते हैं कि संकुचित सोच रखना मूर्ख को काम है और वृहद सोच रखकर पूरे विश्व को एक परिवार मानकर इंसान से प्रेम रखना ही बुद्धिमान मनुष्य की पहचान है। विभाजन के इतने लंबे अर्से बाद अब लाहौर मे एक बार फिर संस्कृत का उद्भव होना नई पीढी की स्वस्थ सोच को बढाने मे कितना फलदायी होगा ये तो आनेवाला समय बताएगा किन्तु शाहीद रशीद जैसे लोग इस्लामी देश मे एक वृहद व स्वस्थ विचार रखते हैं ये सराहनीय है।

दैनिक अवन्तिका 57 since 1968

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



# धंसा मकान...बाल-बाल बचे लोग

## भाजपाई-कांग्रेसी हुए आमने-सामने पुलिस ने दोनों दलों को कराया अलग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

संयोगितागंज थाना क्षेत्र के मुराई मोहल्ले में शनिवार रात एक मकान धंस गया। घटना से कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि मकान खाली था और कोई जनहानि नहीं हुई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, नगर निगम और एमपीईबी की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली।

घटना के बाद कांग्रेसी और भाजपाई आमने-सामने हो गए और एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे। विवाद की स्थिति बनती देख पुलिस ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया।





**निगमायुक्त से चर्चा कर शिकायत करेंगे**

पार्षद पति सुमित तलरेजा ने एक कांग्रेस नेता की गुमटी के कारण हादसा होना बताया है, वहीं नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने ड्रेनेज लाइन के काम के दौरान जेसीबी का पंजा लगने की वजह से हादसा होने की बात कही है। वे इस मामले में निगमायुक्त से चर्चा कर शिकायत करेंगे।

### वंदे मातरम पर इमाम का विवादित बयान

## अल्लाह के साथ किसी और को इबादत में शरीक करना स्वीकार्य नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

'वंदे मातरम्' को लेकर जारी केंद्र सरकार के नए निर्देशों पर स्थानीय इमाम ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि हम हिंदुस्तान की जमीन की पूजा करते हैं लेकिन अल्लाह के साथ अपनी इबादत में किसी और को शरीक करना हमारी मान्यताओं के खिलाफ है।

केंद्र सरकार ने 28 जनवरी को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनके मुताबिक अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम्' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। उज्जैन के इमाम मुफ्ती सैय्यद नासिर अली नदवी ने इस आदेश को इस्लाम विरोधी बताया है। उन्होंने कहा- यह आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। वंदे मातरम् में कहा गया है कि हिंदुस्तान की भूमि की हम पूजा करते हैं लेकिन मुसलमान के लिए यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि वह अल्लाह के साथ किसी और को अपनी इबादत में शरीक करे। हम कहेंगे कि जिन स्कूलों में वंदे मातरम् को अनिवार्य किया जा रहा है, वहां से सभी मुसलमान अपने बच्चों को निकाल लें। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते कि वह इस्लाम में रहकर किसी और खुदा की इबादत करे। यह फैसला कानून के खिलाफ है।

### गाइडलाइन पर उठते सवाल...

# न मास्टर प्लान और ना ही निवेश क्षेत्र

## केवल रजिस्ट्री के आधार पर बढ़ा दिए जाते हैं प्रॉपर्टी रेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर गाइडलाइन बढ़ाने की कवायद शुरू हो चुकी है। पंजीयन विभाग ने नई गाइडलाइन तैयार करने के लिए 1 अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच हुई रजिस्ट्रियों का डाटा एनालिसिस शुरू कर दिया है। इसी डाटा को आधार बनाकर आने वाले समय में प्रॉपर्टी की नई सरकारी दरें तय की जाएंगी।

जानकारों का कहना है कि कलेक्टर गाइडलाइन बनाना किसी एक्ट में सीधे तौर पर शामिल नहीं है। यह मूल्यांकन के सिद्धांतों के आधार पर तय की जाती है। साल 2000 के बाद कलेक्टर गाइडलाइन की दरें तेजी से बढ़ाई गई हैं और अब उसी का असर बाजार में साफ दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि शहर में प्रॉपर्टी के दाम आसमान छूते नजर आ रहे हैं। शहर में न कोई नया मास्टर प्लान आया है, ना ही निवेश क्षेत्र बढ़े हैं। न ऐसे नए रोजगार पैदा हुए हैं, जिनसे रियल एस्टेट में मांग अचानक बढ़ ?ी चाहिए। इसके बावजूद प्रॉपर्टी के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। हर बार कलेक्टर गाइडलाइन तय करते समय हायर रेट पर हुई रजिस्ट्रियों के आंकड़े सामने रख दिए जाते हैं। यह मान लिया जाता है कि पूरे शहर में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त इसी रेट पर हो रही है। हायर रेट वाली रजिस्ट्रियों का प्रतिशत दिखाकर नए रेट तय कर दिए जाते हैं। अगर इसी आधार पर दरें तय की जा रही हैं, तो जहाँ गाइडलाइन रेट पर रजिस्ट्री हो रही है, वहाँ रेट कम करने पर भी विचार होना चाहिए। नया मास्टर प्लान न आने और टीएंडसीपी द्वारा निवेश क्षेत्र नहीं बढ़ाए जाने के कारण कॉलोनाइजर और डेवलपर्स नए वैध प्रोजेक्ट नहीं ला पा रहे हैं। मजबूरी में सीमित इलाकों में ही प्रोजेक्ट लाने पड़ते हैं। इसी सीमित क्षेत्र में जमीन के दाम सबसे ज्यादा बढ़ जाते हैं। उसका असर पूरे बाजार पर पड़ता है। हर बार की तरह इस बार भी हायर रेट को आधार कलेक्टर गाइडलाइन बढ़ाने की तैयारी है।

**हायर रेट के 3 कारण**



- पहला- बैंक लोन। बैंक रजिस्ट्री वैल्यू के आधार पर ही लोन देते हैं। खरीदार पूरी कीमत दिखा रहे हैं।
- दूसरा- कई इलाकों में कृषि भूमि की गाइडलाइन दर कम है। उन्हीं जगहों पर प्लॉट और रिहायशी प्रॉपर्टी महंगी है।
- तीसरा- कमर्शियल गतिविधियों का तेजी से बढा। डेढ़ साल में उज्जैन की करीब 10 से 15 प्रतिशत लोकेशन कमर्शियल गतिविधियों से जुड़ चुकी हैं।

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान में आबकारी विभाग की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्यवाही कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार की गई।

आबकारी विभाग के अमले द्वारा वृत्त-आंतरिक 2, महू अ एवं महू ब क्षेत्रों में होटल-ढाबों पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान ढाबा बल्ले-बल्ले, राजपूत ढाबा, द्वारका ढाबा, भगवती ढाबा एवं यूपी-बिहार ढाबा पर कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए। इन प्रकरणों में 110 पाव देशी मदिरा, 18 केन बीयर, 90 पाव विदेशी मदिरा एवं 12 बोतल विदेशी मदिरा सहित कुल 54 बल्क लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जप्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 37 हजार 500 रुपये है।

सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि गत दिवस शहरी क्षेत्र वृत्त-बंबई बाजार एवं वृत्त-बलदा कॉलोनी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया।

## केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के बंदी हो रहे आत्मनिर्भर

**उज्जैन।** दशहरा मैदान पर वन विभाग द्वारा आयोजित 6 दिवसीय वन मेले में अकाष्ठीय वनोपज, ग्रामीण आजीविका, हर्बल उद्यमिता, संरक्षण, प्रसंस्करण और विपणन के स्टॉल के साथ ही केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को मेले में आने वाले लोग पसंद कर रहे है। विभिन्न उत्पादों के माध्यम से जेल के बंदी अब आत्मनिर्भर बन रहे है। वन विभाग द्वारा आयोजित 06 दिवसीय श्री महाकाल वन मेले में 250 भव्य, आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। मेला परिसर में केंद्रीय जेल भैरवगढ़ का स्टॉल भी लगा है।

## प्रदेशभर के बस संचालक 22 को सागर में जुटेंगे

**उज्जैन।** प्रदेश के बस संचालक 22 फरवरी को सागर में जुटने जा रहे हैं। ये सभी बस संचालन की शासन की ताजा नीतियों के विरोध में रणनीति बनाएंगे। इस बैठक में उज्जैन संभाग से भी करीब 50 ऑपरेटर शामिल होंगे।मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक के संबंध में सभी को सूचना जारी कर दी है। इसमें लिखा है कि बस ऑपरेटरों का कई प्रकार से लगातार शोषण किया जा रहा है। सरकार द्वारा बस संचालन से जुड़े नियम में जो संशोधन किया है, उससे बस मालिक अपना अस्तित्व ही खो देगा।

### चुनावों से पहले कांग्रेस की बड़ी तैयारी

# 1636 बूथों पर होंगी महिला प्रभारी नियुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव से पहले ही पार्टी ने महिला शक्ति को केंद्र में रखते हुए 85 वार्डों के कुल 1636 बूथों पर महिला बूथ प्रभारी नियुक्त करने की योजना बनाई है।

इस रणनीति के तहत कांग्रेस अपनी पुरानी और सक्रिय महिला कांग्रेस नेत्रियों को जिम्मेदारी सौंपेगी। साथ ही एनएसयूआई, सेवादल और यूथ कांग्रेस से जुड़ी महिला नेत्रियों को भी उनके ही वार्ड में बूथ प्रभारी बनाया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा सके। पार्टी सूत्रों के अनुसार महिलाओं को सक्रिय करने के पीछे प्रमुख कारण आगामी चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रभाव है। कांग्रेस मान रही है कि महिला नेतृत्व और महिला कार्यकर्ताओं की मजबूत भागीदारी से चुनावी समीकरणों पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

कांग्रेस की योजना के अनुसार महिला बूथ प्रभारियों के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर एक महिला मंडल का गठन भी किया जाएगा। यह महिला मंडल घर-घर संपर्क, मतदाता संवाद और चुनावी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएगा, जिसे चुनाव के दौरान पार्टी के लिए प्रभावी माना जा रहा है। कांग्रेस का मानना है कि इस कदम से संगठन को जमीनी मजबूती मिलेगी और महिला मतदाताओं के बीच पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी।

## तीन माह से बंद अमृत 2.0 के काम का नया टेंडर अब तक नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में अमृत 2.0 योजना के तहत पानी की टंकी निर्माण, वाटर सप्लाई और सीवरेज से जुड़े कार्य तीन महीनों से बंद है। ठेका निरस्त होने और नई कंपनी को टेंडर नहीं मिलने से वार्डों में निर्माण कार्य ठप है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम ने कंपनी को करीब 4 करोड़ रुपए एडवांस दिए थे, जबकि 1.40 करोड़ का ही कार्य हुआ। शेष राशि की रिकवरी प्रक्रिया होना बाकी है। एसएलटीसी में नए टेंडर की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति, कुर्की और अन्य प्रक्रियाओं में 1 से 2 माह और लग सकते हैं, ऐसे में कई मार्गों का कार्य प्रभावित हो रहा है।



दरअसल अहमदाबाद की मेसर्स तीर्थ गोपी कॉन को वाटर सप्लाई के लिए करीब 30 करोड़ और सीवरेज कार्य के लिए 470 करोड़ रुपए के टेंडर आवंटित किए थे। कंपनी ने वार्ड 40, 41, 48 और 54 सहित हामूखेड़ी और मक्सी रोड क्षेत्र में सीवरेज लाइन के लिए खुदाई शुरू की और दो पानी की टंकियों का निर्माण भी शुरू किया था। इसी बीच टेंडर निरस्त होने से कार्य अधूरा रह गया। चार वार्डों में सड़कें अब भी खुदी है।

### खराब पानी की मोटर दो माह में नही सुधरी

## उपवन उपेक्षा के कारण सूखने की ओर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हरे भरे बगीचे के रख रखाव के प्रति नगर निगम के जिम्मेदारो का उपेक्षापूर्ण रवैया हरे-भरे उद्यान को सूखा बनाकर इसे बर्बाद करने का कारण बनते नजर आ रहे है।

दरअसल इस्कॉन मंदिर के पीछे स्थित राजीव गाँधी उपवन मे लगी पानी की मोटर विगत दो माह पूर्व खराब हो गई थी जिसे सुधरवाने हेतु भिजवाया गया था लेकिन ठीक होने के बाद पेमेंट न करने की समस्या बताकर मोटर ना लाते हुए संबधितों ने उसे अब तक इस समस्या का निराकरण न करते हुए इसे ठंडे बस्ते मे पटक रखा है। एक और पौधारोपण कर वृक्षो को हराभरा बनाने के लिए सरकारें बड़े स्तर पर अभियान चलाकर करोड़ों रुपया खर्च करती है लेकिन हरे भरे बगीचे को पानी के आभाव में उसे सुखाकर बर्बाद करने की नीति यहाँ आने वाले पर्यावरण प्रेमियों के मन को दुखी कर रही है। जानकारी के अनुसार इस बगीचे में आने वाले कई नागरिक स्वयं के खर्च पर व्यायाम के उपकरण सुधार से लेकर पौधारोपण तक करते रहे हैं यहाँ लगी घास भी अब धीरे-धीरे सूखने की ओर अग्रसर हो रही है। इस ओर ध्यान देकर क्या नगर निगम के जिम्मेदार बगीचा सूखने से पहले पानी को मोटर को यथास्थल लगाकर पौधों और नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे।

### इंदौर के खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में अनाधिकृत प्रवेश की घटना के मामले में

# कलेक्टर ने की दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रसिद्ध एवं आस्था के केंद्र खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में अनाधिकृत प्रवेश की घटना को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी तथा अध्यक्ष मंदिर प्रबंध समिति शिवम वर्मा ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान में लिया है। मामले में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है।

सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से आज यह जानकारी सामने आई कि विगत 11 फरवरी को सायं 7:41 बजे से 7:45 बजे के बीच मंदिर परिसर स्थित भगवान श्री गणेश जी के गर्भगृह में कुछ व्यक्तियों द्वारा प्रवेश किया गया। इस संबंध में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मंदिर परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें घटना की पुष्टि हुई। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में पाया गया कि स्थानीय निवासी आकाश रावत द्वारा गर्भगृह के चैनल गेट पर सुरक्षा गार्ड से बातचीत की गई। इसके पश्चात ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड द्वारा चैनल गेट खोला गया और अनाधिकृत व्यक्ति ने गर्भगृह में प्रवेश किया। सुरक्षा एजेंसी बालाजी सिक्युरिटी सर्विस की ओर से नियुक्त सुरक्षा गार्ड ज्योति वरूण ने लिखित प्रतिवेदन में उल्लेख किया कि स्थानीय निवासी आकाश रावत ने दो व्यक्तियों को गर्भगृह में दबाव बनाकर अनाधिकृत रूप से प्रवेश कराया। मंदिर प्रबंध समिति एवं पुजारीगण ने सर्वसम्मति से स्पष्ट किया है कि गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है। केवल विशेष परिस्थितियों में अध्यक्ष एवं प्रशासक की पूर्व अनुमति से ही प्रवेश संभव होगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आस्था के केंद्रों की मर्यादा और नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त निगरानी की जाएगी।



**प्रशासन की कार्रवाई**

- उक्त मामले में प्रथम दृष्टया मंदिर की गरिमा एवं प्रबंध समिति के निर्णयों के पालन में घोर लापरवाही पाई गई है।
- ड्यूटी पर उपस्थित सुरक्षा गार्ड को तत्काल मंदिर सेवा से बर्खास्त किया गया है।
- पूजन-पाठ हेतु भट्ट परिवार की दोनों शाखाओं के उपस्थित पुजारियों को घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए सचेत रहने की चेतावनी दी गई।
- सुरक्षा एजेंसी मेसर्स बालाजी सिक्युरिटी सर्विस पर 21 हजार रुपए का जुमार्ना, जो आगामी देयक से काटा जाएगा।
- स्थानीय निवासी आकाश रावत द्वारा बिना अनुमति गर्भगृह में प्रवेश दिलाने एवं ड्यूटी पर तैनात गार्ड पर दबाव बनाने के कारण उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**न्यूज कॉलम**

## वेलेंटाइन डे पर प्रेरणास्रोत दंपतियों का किया सम्मान



**उज्जैन।** उज्जैन में 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के अवसर पर दंपति दिवस मनाया। कार्यक्रम में प्रेरणास्रोत वरिष्ठ दंपत्तियों को सम्मानित किया। आयोजन में युवाओं को वैवाहिक समर्पण और आजीवन साथ निभाने की प्रेरणा देना रहा। कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऑनलाइन आयोजित किया। जहां एक ओर वेलेंटाइन डे पर युवा वर्ग प्रेम का इजहार करता है, वहीं उज्जैन में इस दिन को पिछले सात वर्षों से दंपति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आध्यात्मिक मार्गदर्शक कृष्णा गुरुजी के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी 14 फरवरी को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शहर के प्रेरणास्रोत दंपत्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में 75 वर्षों से वैवाहिक जीवन निभा रहे 97 वर्षीय चैतन्य जी एवं 94 वर्षीय श्रीमती चैतन्य जी को सम्मानित किया जाएगा। यह दंपत्ति समर्पण, धैर्य और पारिवारिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। इसके अलावा रोहित नागमोटिया (ऊंचाई 2 फीट) एवं टीना नागमोटिया (ऊंचाई 5 फीट) को भी सम्मानित किया जो शारीरिक भिन्नताओं के बावजूद प्रेम और आत्मविश्वास का प्रेरक संदेश दे रहे हैं।

## मासूम के साथ दरिंदगी के आरोपी को उम्रकैद



**इंदौर।** स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो अधिनियम) इंदौर ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में कड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दो साल पहले एक 9 वर्षीय बालिका को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी गोविन्द उर्फ गोलू (30 वर्ष) निवासी इंदौर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस केस में 17 लोगों की गवाही अहम रही। कोर्ट ने आरोपी गोविंद को धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास, धारा 366 भादंवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास और धारा 342 भादंवि में 3 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 13,500 रु. के अर्थदंड से भी दंडित किया। शासन की ओर से प्रीति अग्रवाल ने (विशेष लोक अभियोजक) ने पैरवी की। एडवोकेट प्रीति अग्रवाल ने बताया कि केस में पीड़ित बालिका और उसके परिजन की गवाही खास रही। जिसने घटनाक्रम का समर्थन किया। कोर्ट अपने फैसले में कहा है कि बालिका की उम्र 12 वर्ष से कम है, ऐसे में इस घटना का प्रभाव उसके दिलों, दिमाग पर रहेगा। आरोपी पर की गई अर्थ दंड की राशि पीड़िता के पुनर्वास के लिए पर्याप्त नहीं है।

## जिला स्तरीय सेमीनार एवं भव्य पुष्प प्रदर्शनी का आरंभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप मध्यप्रदेश शासन द्वारा मनाये जा रहे कृषि वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार से ग्रामीण हाट बाजार ढक्कनवाला कुआं में एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमिनार एवं पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए प्रगतिशील पुष्प उत्पादक कृषकों ने लूज फ्लॉवर जैसे गेंदा, गुलाब, सेवंती, नवरंगा तथा कट फ्लॉवर जैसे एस्टर, डच गुलाब, जरबेरा, लिथियम, डेंजी, फ्लॉक्स, डायएन्थम, स्वीट विलियम, जिप्सी फ्लोरा, सनफ्लॉवर सहित बल्बस फ्लॉवर ग्लैडियोलस, रजनीगंधा और लिलियम की उन्नत प्रजातियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में पीएमएफएमई योजना से लाभांवित हितग्राहियों के मशरूम उत्पादन, कृषि मशीनरी एवं आधुनिक सिंचाई संयंत्रों के स्टॉल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उप संचालक उद्यान टी.सी. वास्कले ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कृषकों को अनुदान एवं प्रोत्साहन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया।

## संभाग स्तरीय निर्यात संवर्धन एवं जागरूकता कार्यक्रम

**इंदौर।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन पश्चिम क्षेत्र मध्य प्रदेश चैप्टर ने उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के सहयोग से आज इंदौर में एमएसएमई इकाइयों के लिए संभाग स्तरीय निर्यात संवर्धन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को निर्यात अवसरों, सरकारी योजनाओं तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में इंदौर संभाग के एमएसएमई उद्यमियों, निर्यातकों एवं उद्योग से जुड़े विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान निर्यात से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गईं। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड की यंग प्रोफेशनल सुश्री प्रीति दुबे ने निर्यात लाइसेंसिंग, विदेशी व्यापार नीति के प्रावधानों तथा निर्यातकों के लिए उपलब्ध सुविधा उपायों की जानकारी दी। एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन के कार्यकारी अधिकारी राजीव रंजन ने निर्यात जोखिम प्रबंधन, निर्यात ऋण बीमा तथा निर्यातकों के लिए उपलब्ध वित्तीय सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डाला।



## न्यूज-कॉलम



### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

**टाण्डा।** रविवार को ग्राम टांडा के सरकारी अस्पताल में जनजाति विकास मंच धार जिला अध्यक्ष अरविंद डाबर के नेतृत्व में उज्जैन मेडिकल कॉलेज के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि भूपेंद्र जी कसेरा चिकित्सा अधिकारी डॉ. जैन व अजय जी माहेश्वरी थे। कार्यक्रम का संचालन जनजाति विकास मंच के जिलाध्यक्ष अरविंद डावर ने किया। टांडा तथा आसपास से आए हुए 39 रोगियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा तीन रोगियों को आंखों के ऑपरेशन हेतु चयनित करके सीधा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल उज्जैन ले जाया गया, वहां पर उनके इलाज जांच और ऑपरेशन भी निशुल्क होंगे। इसी प्रकार का अगला निशुल्क सर्व रोग चिकित्सा शिविर ग्राम बाग में 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, गूंजा हर-हर महादेव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवभक्ति की अद्भूत छटा देखने को मिली। माँ नर्मदा जी के पावन तट पर स्थित नगर के प्राचीन एवं विख्यात श्री काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर, श्री जालेश्वर महादेव मंदिर, श्री कालेश्वर महादेव मंदिर, श्री छत्रगणेश महादेव मंदिर, श्री हरिहरेश्वर महादेव मंदिर, टोकेश्वर महादेव मंदिर, श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर, श्री मलशमनेश्वर महादेव मंदिर गंगाझिरा, श्री छप्पनदेव महादेव मंदिर एवं श्री देवझिरी महादेव सहित सभी शिवालयों में प्रातःकाल से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा नगर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा।

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिरों को आकर्षक फूलों, विद्युत सज्जा एवं रंगोली से विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक,



दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और मंत्रोच्चार कर भगवान शिव का पूजन किया। रात्रि में जागरण एवं भजन-कीर्तन के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**पांच रूद्र अभिषेक और हवन यज्ञ हुआ**

श्री काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर में पांच विशेष अभिषेक एवं महागणपति रूद्र यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। ज्योतिषाचार्य पंडित दिनेश मोहोरे के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।मां नर्मदा नदी के पावन तट पर बसे मंडलेश्वर में प्रातःकाल श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नर्मदा जल से शिवलिंग का अभिषेक कर भक्तों ने नर्मदे हर का जयघोष किया। घाटों पर भी विशेष सजावट की गई और दीप प्रज्वलित कर मां नर्मदा से क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की गई।

**पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सम्भाली**

भारी भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। मंदिर परिसरों एवं नर्मदा घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए तथा श्रद्धालुओं को व्यवस्थित दर्शन कराने में प्रशासन ने सराहनीय भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों के सहयोग से दर्शन व्यवस्था शांतिपूर्वक संचालित होती रही।

**सेवा समितियां द्वारा खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया**

नगर की विभिन्न सेवा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह खिचड़ी एवं फलाहार प्रसादी का वितरण किया गया। विशेष रूप से श्री जालेश्वर महादेव मंदिर में दीपक तोमर, महेश पटेल, भूपेंद्र तोमर ,हरिराम चौहान,युग तोमर ,चंदन तोमर, राजवीर कुशवाह, जितेंद्र पटेल और श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पर भी विशेष सजावट की गई समिति के सोनू सरदार जी,डॉ जितेंद्र गुर्जर,संजय पटेल ,योगेश खेड़े ,योगेश सोनी,लक्की यादव,गोलू मामा पाटीदार,यश सोनी,विशाल कुमरावत, सोमनाथ गुर्जर, अजीत चौहान द्वारा खिचड़ी प्रसादी, फलाहार एवं छाछ का वितरण कर भक्तों की सेवा की गई।श्री जालेश्वर महादेव मंदिर पर सैकड़ों महिलाओं ने शिवलिंग पर पूजन-अर्चन कर बड़ी बत्ती (दीप) प्रज्वलित की तथा अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु दिनभर उपवास रखकर भोलेनाथ की आराधना में लीन रहे। मंदिरों में दिनभर भक्तो ने भजन कीर्तन किए।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर नगर शिवमय हो उठा।

### जेतापुर हर हर महादेव मंदिर में महा शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया



**खरगोन ।** शहर में देवाधिदेव महादेव की आराधना का महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से शिव भक्तों ने मनाया ऐसे ही जैतापुर हरि सेठ की बाड़ी हर हर महादेव मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के मंदिर को साथ सज्जा के साथ सजाकर भगवान पशुपतिनाथ महादेव का अभिषेक कर महा आरती के पश्चात महाप्रसादी साबूदाने की खिचड़ी एवं छाछ की प्रसादी का वितरण किया गया सुबह से माता बहने बत्ती लगाकर महाप्रसादी का लाभ लिया सुबह से शाम तक मंदिर में भक्तों की भीड़ का तांता लगा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हर हर महादेव समिति का भी गठन किया गया इसी तारतम्य में सभी की सहमति से अमित अंजने को अध्यक्ष के रूप में चुना गया अमित अंजने ने बताया कि जो आपने मुझे अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है मैं अपने निष्ठा एवं लगन के साथ अध्यक्ष पद का निर्वाहन करूंगा समिती के उपाध्यक्ष, विक्की , कोषाध्यक्ष,आकास,सचिव,वरुन,सदस्य, अनिल, पुरुषोत्तम, राहुल, जीवनलाल, रेवाराम,गोविन्द यशवंत,आदि।

# बुरहानपुर में उमड़ा आस्था का सागर: 387वीं जयंती पर गूंजा जय सेवालाल, सांसद ने किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

संत शिरोमणी संत सेवालाल बापू की 387वीं जयंती पर बुरहानपुर जिले में श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। जय सेवालाल के गगनभेदी जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। युवाओं का जोश, महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति और समाज की एकजुटता ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

**रेणुका माता मंदिर से प्रारंभ हुई भव्य बाइक रैली**

रेणुका माता मंदिर से प्रारंभ हुई भव्य बाइक रैली नव निर्माण मंदिर होते हुए खड़कोद धाम पहुंची। लगभग तीन किलोमीटर लंबी इस विराट रैली में




सैकड़ों बाइक एक साथ सड़कों पर उतरीं। डीजे की धुन पर सेवालाल बापू के भजनों और गीतों पर बंजारा युवा झूमते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत कर आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिए।

**सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने किया पुष्पवर्षा**

शहर में जगह-जगह स्वागत मंच सजाए गए। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पवर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने संत शिरोमणी सेवालाल बापू की जयंती पर देश प्रदेश जिले वासियों को दी बधाई शुभकामनाएं।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत 16 फरवरी से संकुल स्तर पर शिविर आयोजित होंगे

**खण्डवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में इन दिनों च्वसंकल्प से समाधानज्ञ अभियान प्रारम्भ किया गया है। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नागरिकों से सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण 15 फरवरी को समाप्त हो रहा है। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में संकुल स्तर में शिविर आयोजित कर निराकरण किया जाएगा तथा हितग्राहियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ वितरण भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण 16 फरवरी, से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक जारी रहेगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संकुल स्तर पर शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### जल सुनवाई शिविर 17 फरवरी को

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जल संसाधन विभाग द्वारा तालाबों, नहरो के निरीक्षण एवं कृषको की समस्याओं के निराकरण के लिये 17 फरवरी को जल सुनवाई पानसेमल विकासखण्ड के ग्राम पाडला, चिचल्या, दोदवाड़ा, चिकल्दा में राजपुर विकासखण्ड के ग्राम सालखेड़ा, गोणपुरा, लिम्बई, रणदा एवं उंची में तथा ठीकरी विकासखण्ड के ग्राम भगवानपुरा, हसनखेड़ी में शिविर का आयोजन किया जायेगा ।

### रक्तदान शिविर में कुल 41 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया

**खण्डवा।** दिव्योदया पास्टरल सेंटर में खंडवा डायोसिस सोशल सर्विसेज द्वारा शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल ४१ यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। केडीएसएस के निदेशक फादर रॉबिंसन ने बताया कि खंडवा डायोसिस संस्था द्वारा जिला चिकित्सालय खंडवा के सहयोग से हर वर्ष तीन बार रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में केडीएसएस के अध्यक्ष बिशप अगस्टिन मठत्तिकुन्नेल ने जिला रक्तदान बैंक से रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। शिविर में स्वयं संस्था के सहायक फादर्स, सिस्टर्स तथा अन्य सदस्यों ने भी रक्तदान किया। शिविर में जिला चिकित्सालय खण्डवा की टीम जिसमें डॉ. सखाराम, लैब टेक्नीशियन जागृति चौरे एवं काउंसलर पूजा रायकवार ने अपनी सेवाएं दी।

### ओंकारेश्वर में मुंबई से आए युवक को होमगार्ड जवानों ने डूबने से बचाया

**खण्डवा।** शनिवार को ओंकारेश्वर में मुंबई के कल्याण से आये युवक धनराज पिता छतरू उम्र १७ वर्ष ब्रह्मपुरी घाट पर स्नान करने के लिए गए, जहां स्नान हेतु निर्धारित स्थान से हटकर प्रतिबंधित स्थान पर जाकर नहाते समय अचानक गहरे पानी में डूबने लगे। शोर होने पर घाट पर तैनात होमगार्ड सैनिक टुकड़ा मातरे, सेवक परिहार, हरिराम सोलंकी एवं नाव चालक राहुल परसर ने तुरंत लाइफजैकेट के साथ पानी में जाकर युवक को बाहर निकाला, जिससे युवक की जान बचाई जा सकी। युवक धनराज की जान बचाने के लिए परिवारजनों द्वारा होमगार्ड और एस.डी.ई.आर.एफ. जवानों का आभार प्रकट किया गया। होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री आशीष कुशवाहा ने बताया कि शिवरात्रि पर ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार आ रहे है।

# सुशीलादेवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान बना जनस्वास्थ्य का जनआंदोलन

## आज कार्यक्रम में महामहिम रहेंगे मुख्य अतिथि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

आज नागलवाड़ी में मध्य प्रदेश के माननीय महामहिम राज्यपाल महोदय सुशीलादेवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश जी शास्त्री, माननीय प्रांत संघचालक जी, श्रीमती बसंती गजेन्द्र पटेल जी संस्था अध्यक्ष, सांसद श्री गजेंद्र पटेल जी सहित अन्य सांसद, विधायक, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संस्थान द्वारा सिकल सेल एनीमिया मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे अभियान, टी.बी. मुक्त भारत के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर सशक्त करने के प्रयास, नियमित स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, रक्तदान प्रेरणा अभियान तथा जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। संस्थान के सेवा, समर्पण और जनस्वास्थ्य केंद्रित विविध उपक्रमों पर प्रकाश डाला जाएगा। महामहिम की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करेगी और समाजहित के इन प्रयासों को नई ऊर्जा व प्रेरणा देगी।

खरगोन-बड़वानी की वह पुण्यभूमि, जहाँ मां नर्मदा की धारा सेवा और समर्पण की परंपरा को सतत सींचती है, उसी भूमि के सासंद श्री गजेंद्र पटेल जी द्वारा 22 जून 2022 को अपनी पूज्य माताश्री की करुणा, त्याग और लोकसेवा की भावना को समाज तक पहुँचाने के संकल्प के साथ इस संस्थान की स्थापना की गई।यह केवल एक संस्था नहीं, बल्कि ष्सेवा को संस्कारष बनाने का एक सशक्त सामाजिक आंदोलन है। आदिवासी अंचलों, दूरस्थ गाँवों, वंचित परिवारों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों तक पहुँचकर यह संस्थान जनस्वास्थ्य को जन से जन से जोड़ रहा है। संस्था का उद्देश्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि जागरूकता, संवाद और रोकथाम आधारित स्वास्थ्य संस्कृति विकसित करना है। हर ग्राम में स्वास्थ्य, हर परिवार में सुरक्षा के संकल्प के साथ संस्था सिकल सेल एनीमिया मुक्त समाज की दिशा में व्यापक अभियान चला रही है। टी.बी. मुक्त भारत के लक्ष्य को जमीनी मजबूती देना, युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना और जनजातीय क्षेत्रों में सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना इसके प्रमुख आयाम हैं।पिछले 4 वर्षों में संस्थान ने सासंद श्री गजेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं जैसे 200 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, 25 हजार से अधिक नागरिकों की सिकल सेल जाँच, हजारों लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श, 2 हजार से अधिक युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रक्त से रिश्तेष का निर्माण तथा 2 हजार से अधिक टी.बी. रोगियों को पोषण आहार उपलब्ध कर ष्क्षय मित्र संकल्प को साकार करना।

# अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों से बुरहानपुर विकास की नई ऊँचाइयों पर पहुंचा



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणाओं से मिली नई दिशा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) के दूरदर्शी नेतृत्व, लगनशीलता और प्रभावी कार्यशैली के चलते बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र विकास और समृद्धि के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बुरहानपुर का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है और विधायक अर्चना चिटनिस की सक्रिय भूमिका से जिले में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुरहानपुर में मिनी एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्रिप से कम की मांग और उससे कमतर काम नहीं चाहती अर्चना दीदी, इसलिए बुरहानपुर को मिनी एयरपोर्ट देने की घोषणा करता हूं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर आदिकाल से कपड़ा और कपड़े की जरदारी का प्रमुख केन्द्र रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुरहानपुर कपड़ा उद्योग और पावरलूम का प्रमुख केंद्र है और बुनकरों का शहर के रूप में देशभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि कपास और केला जैसी प्रमुख फसलों के लिए प्रोसेसिंग, भंडारण और निर्यात सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे किसानों की आय और युवाओं हेतु रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकेंगी।

ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को लेकर विगत 25 वर्षों से प्रयत्नशील श्रीमती अर्चना चिटनिस की मेहनत को अब धरातल पर उतरता हुआ शीघ्र देख सकेंगे। श्रीमती चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ताप्ती मेगा रीचार्ज परियोजना को कैबिनेट से स्वीकृति मिली है, जिससे जिले को दीर्घकालीन जल सुरक्षा प्राप्त होगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी विकास का आधार बनेगा।

## महाशिवरात्रि पर भक्तों ने नर्मदा स्नान किया व प्रसादी का वितरण हुआ



**बड़वानी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रातः 4 बजे से शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। कुसमेश्वर महादेव मंदिर, सिद्देश्वर महादेव मंदिर एवं अन्य महादेव मंदिरों में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। जगह जगह प्रसादी का वितरण हुआ। इसी तरह नर्मदा स्नान हेतु भक्तों ने सुबह से स्नान कर दान पुण्य किया। लगभग 20 हजार से ज्यादा लोगों ने नर्मदा में स्नान किया।

### रेडियो की गूंज से सराबोर हुआ विश्वविद्यालय

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के सतत शिक्षा अध्ययनशाला एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला तथा पं. जवाहर लाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेडियो दिवस 2026 का आयोजन कार्यशाला के साथ आकाशवाणी उज्जैन के उद्घोषकों के प्रस्तुतिकरण अनुभव के साथ मनाया गया।

### कलेक्टर और प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का अवलोकन किया



**बड़वानी।** प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के प्रस्तावित नागलवाड़ी शिखर धाम मंदिर भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा व्यापक तैयारियों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री धीरज बब्बर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला,अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हेलीपैड,सभा स्थल पर मंच व्यवस्था एवं सेफ हाउस का सूक्ष्म अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वीवीआईपी मूवमेंट रूट, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था, आपातकालीन प्रबंधन हेतु आपातकालीन निकासी योजना, अग्निशमन दल एवं चिकित्सा टीम की तैनाती। यातायात हेतु पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन तथा ड्यूटी पॉइंट का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम सेंधवा श्री आशीष, एसडीएम कुमार सानू देवड़िया, तहसीलदार गणपत डावर सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी के गेहूं का अवैध परिवहन करते हुए आरोपी पर मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

महिला एवं बाल विकास विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम चिलारिया स्थित माँ सप्तश्रृंगी स्व-सहायता समूह के लिए आवंटित सरकारी राशन (गेहूं) का अवैध रूप से परिवहन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने ग्राम केरमला में दबिश दी।

वहां एक दुकान के बाहर गेहूं के 2 सील बंद बोरे बरामद किए गए, जिनका कुल वजन 102 किलोग्राम पाया गया। ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह गेहूं उचित मूल्य दुकान चिलारिया से अवैध रूप से विक्रय हेतु लाया गया था। जांच के दौरान उक्त गेहूं माँ सप्तश्रृंगी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष पुनिया बाई पति नकला द्वारा अवैध रूप से विनियमित करने हेतु चिलारिया से केरमला भेजा गया था। पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन में विसंगतियां पाई गईं। आरोपी द्वारा सरकारी राशन को निजी लाभ के लिए बाजार में बेचने का प्रयास किया जा रहा था।

जब्तशुदा गेहूं की कुल कीमत 2,346 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी पुनिया बाई के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस मामले की संयुक्त कार्यवाही वरला नायब तहसीलदार श्री संतोष कोठारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सेंधवा श्रीमती लाली खराड़ी एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी वरला श्रीमती गीता डावर द्वारा की जा रही है।

## आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान में अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त सुश्री निधि जैन के मार्गदर्शन में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्री हिमांशु अग्रवाल द्वारा कार्यवाही की गई। श्री अग्रवाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की मक्सी रोड पिंगलेश्वर मार्ग साँची फैक्ट्री के समीप मुन्नालाल नामक व्यक्ति मोटर साइकिल से दूध की कैनो में रख कर अवैध शराब का परिवहन कर रहा है।श्री अग्रवाल द्वारा मुस्तैदी से अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुँच कर नाकेबंदी की गई। वाहन को सामने से आता देख वाहन को बलपूर्वक रोक कर चालक मुन्नालाल से पूछताछ की एवं तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी मुन्नालाल के आधिपत्य से वाहन में टंगी दूध की कैन से 95 पाव देशी मदिरा मसाला,थैले में से ३० पाव देशी मदिरा मसाला के, 4 पेटी देशी मदिरा प्लेन एवं एक पेटी देशी मदिरा मसाला की जब्त की गई।जब्त मदिरा की कुल मात्रा 76.8 बल्क लीटर होना पायी गई। बरामद मदिरा एवं वाहन जब्त कर कब्जे में लिया गया। मौके पर वाहन चालक आरोपी मुन्नालाल पिता अमरचंद निवासी हीरा मि?ल की चाल के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) , 34(2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में कंट्रोलर श्री मुकेश रंदा, डिप्टी कंट्रोलर श्री प्रतीक गुप्ता, मुख्य आबकारी आरक्षक श्री प्रेम चंद्र जटिया, आरक्षक श्री सुनील अमृतिया, सुश्री आरती देवड़ा का विशेष सहयोग रहा।

## महाकाल वन मेला में प्राचीन जीवाश्म की सामग्रियां देखने पहुंच रहे लोग

**उज्जैन।** दशहरा मैदान पर आयोजित वन विभाग के श्री महाकाल वन मेले में लगे वन मंडल धार के डायनासोर जीवाश?म राष?ट्रीय उद्यान के एक स्टॉल पर लगभग ६५० लाख वर्ष पुराने डायनासोर के अण्डे और जांघ की हड्डी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्री महाकाल वन मेले में मध्य प्रदेश के धार जिले के बाग और कुक्षी क्षेत्र के लगभग 650 लाख वर्ष पुराने (मास्ट्रिशिएन युग) में टाइटेनोसोरस के जीवाश्म अंडे और जांघ की हड्डी को देखने के लिए लोगों की उत?सुकता बनी हुई है।विशेषज्ञों ने इन गोल पत्थरों की जांच के बाद पुष्टि की कि ये करोड़ों साल पुराने डायनासोर के अंडे हैं, जो मुख्य रूप से टाइटेनोसोरस प्रजाति के हैं। यह लमेटा सैंडस्टोन चट्टान से निर्मित है। अधिकांशतः यह धार जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में पाए जाते है।स?टॉल पर डायनासोर की जांघ की ऊपरी हड्डी का 1/3 भाग भी प्रदर्शित किया गया है। इसकी प्राचीनता 890 लाख से एक हजार लाख वर्ष पूर्व (ट्युरोनियन से सेनोमेनियन काल) बताई गई है। यह निमाड़ सैंडस्टोन चट्टान से निर्मित है। अधिकांशतः यह धार जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में पाए जाते है। शार्क के जीवाश्म दांतश्री महाकाल वन मेले में लगे स्टॉल पर शार्क के जीवाश्म दांत भी प्रदर्शित किए गए है जिसकी प्राचीनता 7400 लाख वर्ष पूर्व (कैम्पेनियन काल) मानी जाती है।

खास न्यूज

## बीरमखेडी में 2 परिवार के बीच विवाद, 12 घायल

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बीरमखेडी में शनिवार-रविवार रात सौंधिया परिवार में शादी होने पर युवराज सौंधिया का बाना निकाला जा रहा था। इस दौरान समीप रहने वाले श्यामसिंह पिता शिवसिंह चौहान की बोलेरो खडी थी। जिसे हटाने की बात पर दोनों परिवारों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे निकल पडे। एक-दूसरे के घर में घुसकर मारपीट की गई। विवाद में श्यामसिंह चौहान की ओर से किशोरसिंह 55 साल, विरेन्द्रसिंह 30 साल, राजपालसिंह 30 साल नरेन्द्रसिंह 22 साल, विजयसिंह 25 साल, भूपेन्द्रसिंह 25 साल, यशपालसिंह 25 साल घायल हो गये। सौंधिया परिवार की ओर से तूफानसिंह 50 साल, मानुबाई 40 साल, प्रभुबाई 60 साल, नारायणसिंह 40 साल और जितेन्द्रसिंह 17 साल घायल हुए है। घट्टिया थाना पुलिस ने एक पक्ष से मौकमसिंह सौंधिया और दूसरे पक्ष से श्यामसिंह चौहान की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

## चोरी में शामिल आरोपी के पास मिली जहरीली शराब



**उज्जैन।** खंडवा और इंदौर में चोरी की वारदातें कर चुके बदमाश को बड़नगर थाना पुलिस द्वारा जहरीली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान होटल,लाज,ढाबे चैक करते समय सूचना मिली कि आदिनाथ विहार कालोनी के सामने बरगाडी बायपास रोड पर एक व्यक्ति हाथ में जहरीली शराब से भरी प्लास्टिक की कैन लेकर खडा है। उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा गया और पूछताछ की गई तो अरुण पिता रामचन्द्र हरबोला 20 साल निवासी ग्राम काशीपुरा थाना हरसूद जिला खण्डवा हाल मुकाम मंगलवार हाट बाजार देपालपुर जिला इन्दौर का होना बताया। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भारी 6 लीटर कच्ची जहरीले शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड तलाश में पर सामने आया कि उसके खिलाफ खंडवा के हरसूद थाने और इंदौर के सांवेर थाने में चोरी के चार अपराध दर्ज है। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## इंदिरानगर चौराहा पर बदमाशों ने युवक को मारे चाकू



**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र इंदिरानगर चौराहा से शनिवार-रविवार रात 1 बजे हरीश उर्फ बंटी वेटर पिता रामप्रसाद गोयल 38 साल निवासी न्यू इंदिरानगर नानाखेडा बाइक से घर लौट रहा था। उसी दौरान 3 बदमाशों ने उसे रोक लिया और शराब पीने के रूपये मांगने लगे। हरीश ने रूपये देने से मना किया तो बदमाशों ने चाकू मार दिये। चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर चाकू मारने वाले बदमाश रोहित खन्ना, सावन और संजू निवासी शिवशक्ति नगर के खिलाफ धारा 115 (2), 119 (1), 118 (1), 296, 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। बताया जा रहा है कि चाकू मारने वाले बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## नानाखेडा से मिले युवक की भाई ने की शिनाख्त

**उज्जैन।** नानाखेडा बस स्टेंड के पास से 13 फरवरी को एक युवक को बीमार हालत में एम्बुलेंस की मदद से चरक अस्पताल भेजा गया था। जहां उपचार के दौरान शनिवार शाम उसकी मौत हो गई। नानाखेडा पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया था और मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर शिनाख्त के प्रयास शुरू किये थे। शनिवार को दानीगेट पर रहने वाले द्वारकादास ने पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचकर मृतक की शिनाख्त भाई संजय पिता लक्ष्मीनारायण 47 साल के रूप में की। द्वारकादास ने बताया कि संजय नानाखेडा क्षेत्र की होटल में काम करता था और वहीं रहता था। उसके शरीर की एक नस दबी थी, जिसके चलते उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था। कभी-कभी घर आता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।

### डिलेवरी देने आये थे खाचरौद, 18 फरवरी तक रिमांड पर...

# बुलेट सवारों के पास मिली 4.60 लाख की एमडी ड्रग्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ की डिलेवरी देने के लिये आ रहे बुलेट सवारों की खबर मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी करने के साथ घेराबंदी की। अंधेरा ढलने से पहले दोनों को पकडा गया। उनके पास से 4.60 लाख की एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। दोनों को न्यायालय में पेश कर 18 फरवरी तक रिमांड पर लिया गया है।



खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि मुखबीर से खबर मिली थी कि हंटर बुलेट पर सवार 2 व्यक्ति मादक पदार्थ की डिलेवरी देने के लिये रतलाम की ओर से आ रहे है। दोनों को पकडने के लिये नाकाबंदी की गई और नंदवासला फंटा ग्राम कनवास के पास घेराबंदी की गई। शाम ढलने से पहले बुलेट पर 2 व्यक्ति आते दिखाई दिये। संदेह के आधार पर दोनों को रोकने का प्रयास किया गया।

दोनों ने भागने की कोशिश की लेकिन पकडे गये। उनकी तलाशी लेने पर 3 मोबाइल के साथ एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। दोनों को हिरासत में लिया गया और बुलेट जप्त कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उनके नाम अमन पिता मोहम्मद सादिक शेख निवासी बंजारा कॉलोनी के पास नामली, रतलाम और चांद पिता मुखत्यार कुरैशी निवासी सुभाषनगर रतलाम सामने आये। उनके बरामद ड्रग्स 4.60 रूपये की होना सामने आई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को नाकाबंदी कर पकडने में एसआई आरसी दलोदिया, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राडोदिया, हेमेन्द्रसिंह, कृष्णा बैरागी, मनीष विश्वकर्मा, संजय राणावत, मुकेश गोयल, रविन्द्र बैरागी का सहयोग रहा। दोनों को 18 फरवरी तक पूछताछ के लिये न्यायालय से रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुडे कुछ ओर लोगों की जानकारी सामने आ सकती है।

### पत्नी को मोबाइल पर वीडियो कॉल कर बोला मर रहा हूं ...

# मौत को गले लगाने के लिये ऑनलाइन मंगवाई थी सल्फास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पैरालाइज अटैक के बाद काम नहीं कर पा रहे व्यक्ति ने ऑनलाइन सल्फास मंगवाई और मौत को गले लगा लिया। जान देने से पहले उसने पत्नी के मोबाइल पर वीडियो कॉल किया और बोला मर रहा हूं। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में रहने वाले जितेन्द्र पिता प्रेमनारायण कुशवाह 42 साल को शनिवार देर शाम अस्पताल लाया गया था। जहां कुछ देर चले उपचार के बाद जितेन्द्र की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाया था। घर में सल्फास का पाऊच मिला है। सल्फास खाने से पहले जितेन्द्र ने पत्नी माया के मोबाइल पर वीडियो कॉल किया था और बोला था कि मर रहा हूं। जितेन्द्र पूर्व में भी ऐसी धमकी दे चुका था। जिसके चलते पत्नी ने ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब शाम को काम से घर लौटी तो पति को बेसुध पडा देखा। पुत्र यश के साथ उसे अस्पताल लेकर पहुंची थी। जहरीला पदार्थ खाने पर हुई मौत की सूचना अस्पताल स्टॉफ द्वारा पुलिस को दी। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। इस दौरान सामने आया कि जितेन्द्र ड्रायवरी करता था। कुछ सालों पहले दुर्घटना में घायल हुआ था, जिसके बाद उसे पैरालाइज अटैक हुआ था। वह काम धंधा नहीं कर पा रहा था। परिवार का खर्च पत्नी और बेटा काम कर चल रहे थे।

### दिसंबर में मीशो से मंगवाई थी सल्फास

जितेन्द्र की मौत के बाद भाई राम ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने की खबर मिलने और पत्नी को वीडियो कॉल करने की जानकारी सामने आने पर जितेन्द्र का मोबाइल चैक किया गया था। जिसके माध्यम से पता चला कि उसने मीशो पर ऑनलाइन सल्फास का आर्डर किया था। जितेन्द्र दिसंबर में ही ऑनलाइन सल्फास मंगवा ली थी। जिसके बाद से वह पुत्र यश को कई बार मरने की धमकी दे चुका था, लेकिन उसने खाई शनिवार शाम को है। पुलिस ने मोबाइल जप्त कर जांच में लेने और परिजनों के बयान दर्ज करने की बात कहीं है।

### ऑनलाइन मिलने लगा मौत का सामान

जिस तरह से ऑनलाइन सल्फास मंगवा कर जान दिये जाने का मामला सामने आया है, उससे अब लग रहा है कि मौत का सामान ऑनलाइन मिलने लगा है। इससे पहले भी जनवरी माह में सामने आया था कि खूनी डोर बन चुकी चाइना भी ऑनलाइन मंगवाई जा रही थी। हर सामान ऑनलाइन मिल रहा है, जो सीधे पैकिंग में घरों तक पहुंच रहा है।

## अब सुबह-शाम की हुई ठंड, दिन में होने लगा गर्मी अहसास

**उज्जैन।** मौसम में अब धीरे-धीरे बदलाव आता दिखाई दे रहा है। ठंड सुबह-शाम की रह गई है। दिन में सूरज की तपन से गर्मी महसूस होने लगी है। लेकिन मौसम विभाग ने कुछ दिनों तक तापमान में उतार-चढाव बना रहने का अनुमान जताया है। इस बीच लोगों ने गर्मी से बचने के जतन शुरू कर दिये है।

इस बार 14 जनवरी को सूर्य के उत्तरायण होने के बाद भी मौसम में ठंड बनी हुई थी। फरवरी माह का प्रथम सप्ताह ठंड के साथ बारिश और ओलावृष्टि के बीच गुजर था। जिसकी वजह पश्चिमी विक्षोभ के 2 स्ट्रॉग सिस्टम सक्रिय होना सामने आये थे। अब फरवरी माह आधा गुजर चुका है। दिन में सूरज की तपन तेज होने के साथ तापमान 31 डिग्री पार करता दिखाई देने लगा है। हवा की गति भी कम होने पर गर्मी महसूस होने लगी है। रात का तापमान भी बडकर 15 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग की माने तो 2-3 दिन बाद मौसम में फिर से परिवर्तन आयेगा, लेकिन ठंड नहीं लौटेगी। माह के अंत तक तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच सकता है। मार्च में सूरज की तपन ओर तेज हो जायेगी, जिसके बाद गर्मी अपने चरम पर पहुंचना शुरू कर देगी। तापमान में तेजी आने पर घरों में पंखों की गति दिखाई देनी लगी है। वहीं गर्मी से बचने के लिये लोगों ने कूलर, एसी का संधारण करना शुरू कर दिया है। बाजारों में कूलर की दुकाने लगना शुरू हो चुकी है। माना जा रहा है कि जिस तरह से ठंड का असर फरवरी माह के पहले 10 दिनों में बना रहा है, उसी तरह से गर्मी भी जल्द अपने चरम पर पहुंचेगी। मार्च अंत तक तामपान 35 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत




**कोलंबो।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बडी जीत है।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट। पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (जीरो) पवेलियन भेज दिया था। जोकि टीम इंडिया के लिए बडा झटका था, क्योंकि तब स्कोर एक रन था। ऐसे में ईशान किशन ने मोर्चा संभाला और तिलक वर्मा के साथ 46 बॉल पर 87 रन की अहम साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम इंडिया को संभाला और मजबूत स्कोर की नींव रखी। बाद में सूर्यकुमार यादव (32 रन), शिवम दुबे (27 रन) और रिंकू सिंह (11 रन) ने टीम को 175 रनों तक पहुंचा दिया। 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तान ने पहले ओवर पर साहिबजादा फरहान (जीरो) का विकेट गंवाया। उन्हें हार्दिक पंड्या ने पवेलियन भेजा। उन्होंने 3 ओवर की गेंदबाजी में 16 रन दिए। पंड्या ने 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर उस्मान तारिक को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। यहां से पाकिस्तान की उबरने के चांस थे, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने दूसरे ओवर में सईम अयूब (6 रन) और सलमान अली आगा (4 रन) को पवेलियन भेजकर टीम की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने ग्रुप ए में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। इस जीत से टीम इंडिया ने सुपर-8 में प्रवेश कर लिया है। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमों अगले दौर में प्रवेश करेंगी।

# परिवार से बिछडी वृद्ध महिला, 45 मिनट में पुलिस ने मिलवाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाशिवरात्री पर देशभर से लाखों श्रद्धालु रविवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। आस्था के सैलाब में 72 साल की बुजुर्ग महिला परिवार से बिछड गई। पुलिस को पता चला तो 45 मिनट की तलाश के बाद परिजनों को खोज निकला।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध महाकाल के दरबार में महाशिवरात्री पर महाराष्ट्र के धूलिया से परिवार दर्शन करने आया था। मंदिर परिसर में काफी अधिक भीड होने पर परिवार से 72 साल की यमुनाबाई पति मोतीराम मराठी बिछड गई। 2 घंटे तक वह परिवार उनकी और बुजुर्ग महिला परिवार की तलाश में आसपास भटकते रहे। बुजुर्ग महिला श्रद्धालु के परिवार से बिछडने की खबर महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को मिली तो मंदिर में ड्युटी पर तैनात एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान, राज्य सायबर सेल इंदौर के एसआई इतेन्द्रसिंह चौहान और आरक्षक नितिन सिसौदिया के साथ बुजुर्ग महिला के परिजनों की तलाश शुरू की। मंदिर परिसर में अनाउंसमेंट कराया गया, वहीं हमेशा की तरह एएसआई चंद्रभान ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर के आसपास सूचना प्रसारित की। करीब 45 मिनट बाद परिजनों खोज निकाला गया। वह भी भीड के बीच तलाश कर रहे थे। यमुनाबाई के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने पुलिस का आभार माना।

### आस्था के साथ जागरूकता की पहल

महाशिवरात्री पर पुलिस और स्टेट साइबर पुलिस ने आस्था के साथ जागरूकता की पहल करते हुए देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को साइबर अपराधों और सुरक्षा को लेकर अलर्ट किया। महाकाल मंदिर परिसर के महाकाल लोक में 3, कर्कराज पार्किंग पर 1, हरिफाटक ब्रिज के पास 1 और काल भैरव मंदिर परिसर में एक जागरूकता कैंप लगाया गया। जहां श्रद्धालुओं को साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। वहीं बताया गया कि शातिर अपराधी भस्मारती, शीघ्र दर्शन, वीआईपी दर्शन, होटल बुकिंग, ट्रेन टिकिट और ट्रेवल बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी को अंजाम देते है। ऐसी किसी भी बुकिंग से पहले अधिकृत साइड की जानकारी ली जाये। अगर ठगी का शिकार होते है तो तत्काल ऑनलाइन या संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराये। जागरूकता ही साइबर सुरक्षा का हथियार है। कैंप का लाभ उठाते हुए कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने गुम मोबाइल और साइबर धोखाधडी की शिकायतें सीधे पुलिस के समक्ष प्रस्तुत की। कैंपों की उपलब्धता के कारण श्रद्धालुओं को भटकना नहीं पडा तथा मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान प्रारंभ हो सका।


## जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ईश्वरलाल पिता बगदीराम जी प्रजापति जाति कुम्हार आयु 46 वर्ष निवासी ग्राम कामलियाखेडी तहसील झारडा जिला उज्जैन का खाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा नजर अली मील मार्ग उज्जैन में स्थित होकर खाता क्रं. 20128334521 जिसका आई.एफ.एस. सी कोड MAHB0000223 होकर उक्त खाते की चैक बुक मेरे पक्षकार ईश्वरलाल को बैंक द्वारा प्रदान कि गई थी जिसपर कुछ चैको पर मेरे पक्षकार के हस्ताक्षर होकर उक्त चैक कोरे है जिसपर मेरे पक्षकार के द्वारा हस्ताक्षर के अरिक्त किसी भी प्रकार की कोई नाम दिनांक एवं अन्य प्रविष्टया नहीं भरी गई है उक्त चैक बुक जो कि कही गुम हो गई है जो काफी तलाश करने पर भी मेरे पक्षकार को नही मिल पाई है, मेरे पक्षकार का किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है उक्त चैक का कोई भी व्यक्ति दुरुपयोग ना करे इस सबंध में यह जाहिर सूचना प्रकाशित कि जा रही है, यदि मेरे पक्षकार के गुम हुए चैको के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई वाद परिवाद प्रस्तुत करता है तो उसके लिए मेरा पक्षकार उत्तरदायि नहीं है यदि उक्त चैक से लेन देन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को मेरे पक्षकार कि ओर लेना देना शेष हो तो वह व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाश के 7 दिवस की अवधी के अंदर मय लिखित प्रमाण एवं आवश्यक दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा जाहिर सूचना में दी गई अवधी पश्चात उक्त संबंध में ली गई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शुन्य व निराधार मानी जावेगी तथा उक्त गुम हुए चैको के संबंध में किसी भी व्यक्ति के द्वारा कि गई कार्यावाही एवं वाद परिवाद के विरुद्ध मेरा पक्षकार कानूनी कार्यावाही प्रथक से करेगा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामो कि जवाबदारी संबधित व्यक्ति की होगी उक्त जाहिर सूचना मेरे पक्षकार से प्रदत्त माहिती अनुसार जारी कि गई सर्व साधारण सूचित हो। इति दिनांक 15/02/2026

**महेश जोशी एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो 8770064678**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शोभा टिकेकर पति स्व. श्री पदमाकर टिकेकर, उम्र-85 वर्ष, धंधा पेंशनर, निवासी-एच-6, ई. डब्लू एस ऋषिनगर, उज्जैन (म.प्र.) ने अपनी पुत्री श्रीमती श्वेता पत्ति श्री सचिन आठवले, दामाद सचिन आठवले द्वारा मेरी पक्षकारा के प्रति दुव्यवहार, कदाचरण एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथ मेरी पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान जो मेरी पक्षकार ने स्वकष्टोपार्जित आय से अपने पति के नाम से क्रय किया तथा पति की मृत्यु उपरांत अपने नाम से करवाने को हड़पने की नियत रखने तथा ऐनकेन अपना बताकर विक्रय करने हेतु प्रयासरत होने, इस हेतु पूर्व में भी एक फर्जी वसीयत का संपादन करने तथा मेरी पक्षकारा को जानकारी होने पर से माफी मांगने तथा कुटरचित वसीयत को निरस्त 21/03/2025 को निरस्त करवाया गया, इसके उपरांत दिन प्रतिदिन मेरी पक्षकारा के विरूद्ध षड्यंत्र रचने से दुःखी होकर तथा मेरे पुत्र प्रवीण टिकेकर के प्रति दुर्भावनाग्रस्त होकर नित्य नये नये आरोप लगाकर पुत्र को परेशान करने जिससे पुत्र मेरी पक्षकारा का साथ नहीं देवे तथा झूठी शिकायत करने और प्रकरण लगाने की धमकी देने के कारण तथा दुसरी पुत्री शुभांगी पति श्री श्रीधरजी, दामाद श्रीधरजी द्वारा इस कार्य में पुत्री श्वेता का साथ देने के कारण मेरी पक्षकारा ने विगत एक वर्ष पूर्व से दोनों पुत्रियों को संयुक्त परिवार से अलग कर एवं अपनी जायजाद से बेदखल कर दिया हैं और तभी से मेरी पक्षकारा का अपनी दोनों पुत्रियों और उनके पति से कोई संबंध या सारोकार नहीं रहा हैं तथा कोई भी बैंक, संस्था या व्यक्ति मेरी दोनों पुत्रीयों और उनके पति से किसी भी प्रकार का कोई सव्यवहार नहीं करे यदि किसी व्यक्ति संस्था द्वारा कोई संव्यवहार किया जाता हैं तो उसमें उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा उसमें मेरी पक्षकारा का या मेरी पक्षकारा के पुत्र प्रवीण का कोई उत्रदायित्व नहीं होगा। इसी प्रकार से मेरी पक्षकारा के पुत्रियों और दामादों द्वारा किये गये कृत्य या संव्यवहार के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगे। इसमें मेरी पक्षकारा का कोई हित या लेने देने नहीं होगा। सूचित हो। इति दिनांक 15/02/2026

**प्रदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट**
**18, झरण कालोनी, पीपलीनाका चौराहा, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मोनं 9425092474, 9753069888**

# परमात्मा गौरी-शंकर



हम इस देश में किसी एक परमात्मा में भरोसा नहीं करते कि वह एक आकाश में बैठा है और वही सबको चला रहा है। नहीं, हम इस देश में, सभी जीवन-यात्राओं का अंत परमात्मा में होता है, ऐसा भरोसा करते हैं। यहां सभी खिलते-खिलते परमात्म-रूप हो जाते हैं। परमात्मा कोई स्थिति नहीं है, वह सभी का भविष्य है। दुनिया में दूसरे बहुत सारे धर्म हैं, जो भारत के बाहर पैदा हुए-ईसाइयत, यहूदी, इस्लाम, ऐसे तीन बड़े धर्म हैं, जो भारत के बाहर पैदा हुए। तीन बड़े धर्म भारत में पैदा हुए- हिंदू, बौद्ध, जैन। इन दोनों के बीच एक बुनियादी फर्क है और वह बुनियादी फर्क है कि यहूदी, ईसाई और इस्लाम परमात्मा को पीछे देखते हैं- आदि कारण की तरह- उसने जगत को बनाया। हम परमात्मा को आगे देखते हैं- अंतिम फल की तरह। इससे बड़ा फर्क पड़ता है। परमात्मा भविष्य है, अतीत नहीं। परमात्मा बीज नहीं है, फूल है। इसलिए हमने बुद्धों को फूल पर बिठाया है, कमल का फूल, सहस्त्रदल जिसके खिल गए हैं। अगर परमात्मा पीछे है, दुनिया को उसने बनाया, तो वह एक है। इस दुनिया में मोक्ष घटित नहीं हो सकता, क्योंकि स्वतंत्रता कैसी, जब तुम बनाए गए हो? बनाए हुए की कोई स्वतंत्रता होती है? जिस दिन बनाने वाला मिटाना चाहेगा, मिटा देगा। जब वह बना सका, तो मिटाने में क्या बाधा पड़ेगी? तब तुम खेल-खिलौने हो, कठपुतलियां हो। तब तुम्हारी आत्मा और स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है। इसलिए हम परमात्मा को स्त्रष्टा की तरह नहीं, अंतिम निष्पत्ति की तरह देखते हैं। वह तुम्हारा अंतिम विकास है। परमात्मा विकास का प्रथम चरण नहीं, अंतिम शिखर है। वह गौरी-शंकर है। वह कैलाश है। वह आखिरी शिखर है, जहां सभी चेतनाएं अंततः पहुंच जाएंगी, जिस तरफ सभी की यात्रा चल रही है। देर-सबेर सभी को वहां पहुंच जाना है। तुम रोज-रोज हो रहे परमात्मा हो। तो परमात्मा कोई एक घटना नहीं है, जो घट गई; परमात्मा एक प्रवाह, जो प्रतिपल घट रहा है। परमात्मा प्रतिक्षण हो रहा है। वह तुम्हारे भीतर बढ़ रहा है। तुम परमात्मा के गर्भ हो।

फूल जब खिलता है, तो वृक्ष के प्राण पूरे हो गए। उसके खिलने में वृक्ष ने अपनी पूरी सुगंध पा ली। वृक्ष जिस चीज के लिए पैदा हुआ था, वह घटित हो गया। फूल के खिलते के साथ वृक्ष एक नृत्य से भर जाता है। उसका रोम-रोम पुलकित है। जब कोई वृक्ष एक फूल के खिलने पर इतना आनंदित होता है, जो क्षण भर टिकेगा और गिर जाएगा, तो कितना आनंद है, जब कोई वर्द्धमान महावीर होता है, जब फूल बन खिलता है; जब कोई गौतम सिद्धार्थ बुद्ध होता है, जब फूल बन खिलता है। ऐसा फूल, जो कभी नहीं मुरझाएगा। उस फूल को ही हम शिवत्व कहते हैं।

## सम्पादकीय

# राफेल की जरूरत

भारत को बड़ी संख्या में लड़ाकू विमानों की जरूरत है और राफेल विमान खरीदने की तैयारी स्वागत योग्य है। भारत की रक्षा अधिग्रहण परिषद ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन से 3.25 ट्रिलियन रुपये (280.4 अरब डॉलर) में 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रारंभिक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वैसे तो इस सौदे को अंतिम रूप मिलने में कुछ समय और लगेगा, पर इस सौदे का होना अब तय है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली इस परिषद में पारित प्रस्ताव के अनुसार, भारत फ्रांसीसी निर्माता कंपनी से 18 राफेल विमान सीधे खरीदेगा और बाकी 96 लड़ाकू विमान भारत में निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ साझेदारी में बनाए जाएंगे। भारत की इस जरूरी खरीद को रक्षा खरीद बोर्ड की मंजूरी पहले ही मिल गई है। अब फ्रांस के नेताओं के साथ आमने-सामने की वार्ता होगी। वहां सहमति के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल अंतिम तौर पर मुहर लगाएगा। गौर करने की बात है, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 15 से 17 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आ रहे हैं। जाहिर है, इस सौदे से दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूती मिलेगी।

यह चर्चा इन दिनों बहुत तेज है कि भारतीय वायु सेना के तैनात लड़ाकू विमानों की संख्या महज 29 तक सिमट गई है। वैसे अभी 36 राफेल विमान भारतीय सेना के पास हैं, पर सबकी तैनाती मोर्चे पर नहीं की जा सकती। यहां यह जानना जरूरी है कि भारत को आज के समय में न्यूनतम 42 लड़ाकू विमान मोर्चे पर चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि फ्रांस से हमें जल्द से जल्द 18 विमान मिल जाएं, ताकि मोर्चे पर हमारे लड़ाकू विमानों की संख्या जरूरत के मुताबिक हो जाए। इतना ही नहीं, भारत के पास प्रशिक्षण विमानों की भी कमी होने लगी है। इस सौदे में ऐसे राफेल विमानों की संख्या ज्यादा होगी, जो दो सीट वाले हैं और जिनका इस्तेमाल प्रशिक्षण में किया जाना है। लंबे समय तक वायु सेना की ताकत मिग विमान रहे हैं, लेकिन गौरतलब है कि मिग विमानों सहित, एंग्लो-फ्रेंच जगुआर और फ्रेंच मिराज 2000 भी आने वाले वर्षों में सेवामुक्त होने वाले हैं। हमें हर हाल में अच्छे किस्म के राफेल विमान चाहिए। भारत की रक्षा चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं और वायु सेना को पर्याप्त संसाधनों व विमानों से लैस रखना होगा।

## महाशिवरात्रि के बाद महाकाल का दुर्लभ दूल्हा श्रृंगार

# फूलों का सेहरा और सप्तधान की परम्परा

भारत की आध्यात्मिक परंपराओं में कुछ रस्में केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक दर्शन होती हैं। महाशिवरात्रि के उत्सव के बाद मध्यप्रदेश की धर्मनगरी उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में निभाई जाने वाली सेहरा श्रृंगार की परंपरा भी ऐसी ही एक दुर्लभ और आध्यात्मिक रस्म है। इस दिन बाबा महाकाल को दूल्हे के स्वरूप में सजाया जाता है-फूलों का सेहरा, अलौकिक आभूषण और विशेष रूप से सप्तधान अर्थात सात प्रकार के अनाजों से सुसज्जित भव्य अलंकरण के साथ।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)



महाशिवरात्रि शिव और शक्ति के दिव्य मिलन का पर्व है। इसके पश्चात महाकाल का दूल्हा रूप धारण करना केवल सौंदर्यात्मक परंपरा नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक है। शिव, जो विरक्ति और संन्यास के देव माने जाते हैं, वही जब दूल्हे के रूप में सजते हैं तो वह सृष्टि, गृहस्थ धर्म और जीवन के उत्सव का संदेश देते हैं। यह दर्शन बताता है कि वैराग्य और जिम्मेदारी विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

सेहरा श्रृंगार में फूलों का विशेष महत्व है। पुष्प पवित्रता, क्षणभंगुरता और सौंदर्य का प्रतीक हैं। जब महाकाल के मस्तक पर फूलों का सेहरा सजता है, तो वह भक्त और भगवान के बीच प्रेम का सेतु बन जाता है। मंदिर परिसर में उस दिन का वातावरण अद्भुत होता है-घंटों की ध्वनि, वेद मंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं की भावभीनी उपस्थिति इस अलंकरण को केवल दृश्य नहीं, बल्कि अनुभूति बना देती है।

इस परंपरा की सबसे विशिष्ट विशेषता है सप्तधान का प्रयोग। सात प्रकार के अनाज-जैसे गेहूं, जौ, चना, मूंग, तिल, चावल और मक्का-सृष्टि की समृद्धि और कृषि-आधारित भारतीय जीवनशैली का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय दर्शन में अन्न को ब्रह्म कहा गया है। अन्न जीवन का आधार है, और महाकाल के श्रृंगार में उसका समावेश यह संदेश देता है कि ईश्वर और प्रकृति अलग नहीं, बल्कि एक ही चक्र के अंग हैं। शिव को अर्पित सप्तधान समृद्धि, संतुलन और जीवन की निरंतरता का प्रतीक है।

धार्मिक दृष्टि से यह रस्म उस भाव को भी प्रकट करती है कि भगवान केवल आराध्य नहीं, परिवार के सदस्य भी हैं। उज्जैन की जनता बाबा महाकाल को अपने घर के दूल्हे की तरह सजाती है। यह आत्मीयता ही भारतीय भक्ति परंपरा की पहचान है। यहां ईश्वर दूरस्थ सत्ता नहीं, बल्कि स्नेह और सहभागिता का केंद्र हैं।

आध्यात्मिकता के साथ-साथ इस परंपरा का सांस्कृतिक आयाम भी महत्वपूर्ण है। सदियों से चली आ रही यह रस्म स्थानीय शिल्प, पुष्प सज्जा और पारंपरिक अनुष्ठान विधि को जीवित रखती है। पुजारियों और सेवकों की विशेष तैयारी होती है। फूलों की चयन प्रक्रिया से लेकर सप्तधान की शुद्धता तक हर चरण में सावधानी और श्रद्धा का समन्वय दिखाई देता है। यह आयोजन दर्शाता है कि आस्था केवल भावना नहीं, अनुशासित परंपरा भी है।

महाशिवरात्रि के बाद यह सेहरा श्रृंगार एक संदेश और देता है-जीवन में उत्सव और तप दोनों आवश्यक हैं। शिव का स्वरूप हमें संतुलन सिखाता है। वे कैलाश के योगी भी हैं और पार्वती के पति भी। वे संहार के देव भी हैं और सृजन के आधार भी। दूल्हा रूप में सजे महाकाल यह बताते हैं कि जीवन का प्रत्येक आयाम-वैराग्य, प्रेम, कर्तव्य और समर्पण-एक ही सत्य के विभिन्न पक्ष हैं।

आज जब परंपराओं को केवल बाहरी आडंबर मानकर देखने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, तब ऐसी दुर्लभ रस्में हमें उनकी गहराई समझने का अवसर देती हैं। फूलों का सेहरा केवल सजावट नहीं, क्षणभंगुर जीवन की सुंदरता का स्मरण है। सप्तधान केवल अनाज नहीं, पृथ्वी की उर्वरता और मनुष्य के श्रम का सम्मान है। और महाकाल का दूल्हा स्वरूप केवल धार्मिक दृश्य नहीं, जीवन-दर्शन की सजीव व्याख्या है।

उज्जैन में इस दिन उमड़ने वाली श्रद्धा यह सिद्ध करती है कि आस्था समय के साथ बदलती नहीं, बल्कि और गहरी होती जाती है। नई पीढ़ी भी इस परंपरा को उत्सुकता और श्रद्धा से देखती है। यह सांस्कृतिक निरंतरता का प्रमाण है, जहां आध्यात्मिकता और लोकजीवन एक साथ चल रहे हैं।

महाकाल का सेहरा श्रृंगार हमें यह भी स्मरण कराता है कि भारतीय धर्म परंपराएं स्थिर नहीं, जीवंत हैं। वे ऋतु, पर्व और सामाजिक जीवन के साथ संवाद करती हैं। महाशिवरात्रि के उपरांत दूल्हा बने महाकाल इस संवाद का उत्सव हैं-जहां तप और उत्सव, दोनों एक ही चेतना के दो आयाम बन जाते हैं।

फूलों का वह सेहरा और सप्तधान का वह पवित्र स्पर्श केवल मंदिर की सीमाओं तक सीमित नहीं रहता। वह संदेश देता है-सृष्टि का प्रत्येक अंश पवित्र है, प्रत्येक अन्न कण ईश्वर का अंश है, और प्रत्येक उत्सव जीवन के प्रति कृतज्ञता का अवसर है। यही इस दुर्लभ रस्म का वास्तविक अर्थ और महिमा है।

# वाई-फाई का खूँटा और डेटा का उपवास

नौबतगंज की पंचायत में इन दिनों एक नया 'फर्मा' (साँचा) आया है-डिजिटल इंडिया। हमारे प्रधान जी ने तय किया है कि अब गाँव की समस्याएँ भगवान भरोसे नहीं, बल्कि 'सर्वर' भरोसे सुलझेंगी। उन्होंने एक ऐसा 'डिजिटल ढाँचा' तैयार किया है जिसमें हर आदमी एक 'यूजर आईडी' है और उसकी भूख एक 'एरर'।

पंचायत भवन के चबूतरे पर एक नया 'वाई-फाई' का खूँटा गड़ा है। गाँव के बुजुर्ग उसे ऐसे देखते हैं जैसे कोई परग्रही जीव उनके आंगन में आकर खड़ा हो गया हो। प्रधान जी हाथ में एक चमचमाता टैबलेट लेकर ऐसे घूमते हैं जैसे कालिदास ने मेघदूत नहीं, बल्कि 'ब्रॉडबैंड-दूत' लिखा हो। उन्होंने गाँव वालों से कहा, अब अंगूठा लगाना छोड़ो, अब तुम सब 'लॉग-इन' हो गए हो!

पर दिक्कत यह है कि हमारे यहाँ विकास का 'मार्क्सवादी साँचा' अभी भी जिंदा है। सचिव साहब के पास एक ही गणित है-जब तक किसी कागज पर किसी गरीब की 'अस्मत' और किसी अफसर की 'रिश्वत' का मिलन न हो, तब तक विकास की फाइल आगे नहीं बढ़ती। वे डिजिटल होने के नाम पर लैपटॉप तो ले आए हैं, पर उस पर काम करने के बजाय वे उस पर लूडो खेलते हैं और कहते हैं, यह डेटा-माइनिंग की प्रक्रिया है।

एक दूसरे प्रकार के 'फ्रॉयडवादी' अफसर आए हैं। उनकी दृष्टि में गाँव का किसान केवल 'वोट' है और उसकी समस्याएँ केवल 'ग्रंथियाँ'। वे गाँव में नाली बनवाने के बजाय 'मानसिक स्वास्थ्य' का कैंप लगवाते हैं। वे कहते हैं, तुम्हारी नाली जाम नहीं है, तुम्हारा अवचेतन मन कुंठित है। किसान बेचारा अपना फटा कुर्ता देखता है और सोचता है कि ये साहब कौन से 'कोकशास्त्र' का ज्ञान बाँट रहे हैं।

आजकल गाँव में कुछ 'एनसाइक्लोपीडिया' टाइप के युवक भी आ गए हैं। वे न खेती जानते हैं, न खलिहान, पर उनके पास गूगल का ज्ञान है। वे गाँव के नीम के पेड़ के नीचे बैठकर 'सतत विकास' पर ऐसा भाषण झाड़ते हैं कि खुद नीम का पेड़ भी सूखने लगता है। वे तर्क ऐसे देते हैं जैसे 'मेगाबाइट' में रोटी पकाई जा सकती हो।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 फरवरी 2026 सोमवार
सूर्योदय - 07:03 सूर्यास्त 18:19
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
ाहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 17:35 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - श्रवण 20:48 उपरांत धनिष्ठा
योग - वरियान 25:50 उपरांत परिघ
करण - शकुनि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 27 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी।

**वृषभ-** पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें।

**मिथुन-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें।

**कर्क-** आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे।

**सिंह-** कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे।

**कन्या-** रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें।

**तुला-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे।

**वृश्चिक-** विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा।सकारात्मक सोच बनेगी।

**धनु-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा।

**कुंभ-** मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# ए आई के दुरुपयोग का शिकार होते दुनियाभर के मासूम बच्चे

मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए विकसित की गई वैज्ञानिक तकनीक जहाँ एक ओर वरदान सिद्ध हुई है, वहीं इसके दुरुपयोग ने अनेक नई चुनौतियां भी पैदा कर दी हैं। संचार क्षेत्र में आई मोबाइल क्रांति इसका ताजा उदाहरण है। स्मार्टफोन ने दुनिया की दूरियाँ समाप्त कर लोगों को एक-दूसरे से जोड़ा, लेकिन यही तकनीक अब पारिवारिक और सामाजिक दूरियाँ बढ़ाने के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए गंभीर खतरे भी पैदा कर रही है । इसी खतरे का एक नया रूप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का दुरुपयोग है। यूनिसेफ और इंटरपोल द्वारा तैयार एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, केवल एक वर्ष में दुनियाभर के बारह लाख से अधिक बच्चे डीपफेक तकनीक के शिकार हुए हैं। एशिया और अफ्रीका के ग्यारह देशों पर किए गए अध्ययन में सामने आया कि ए आई के गलत इस्तेमाल से विशेष रूप से लड़कियों की तस्वीरों को अश्लील रूप में परिवर्तित किया जा रहा है।




एआई की फेस स्वैपिंग तकनीक के माध्यम से किसी भी व्यक्ति के चेहरे को दूसरे फोटो या वीडियो पर आसानी से लगाया जा सकता है, जबकि न्यूडिफिकेशन तकनीक तस्वीरों को अश्लील रूप देने में इस्तेमाल हो रही है। इसके अतिरिक्त वॉयस क्लोनिंग तकनीक किसी भी व्यक्ति की आवाज की हूबहू नकल कर नकली ऑडियो संदेश तैयार करने में सक्षम है। इन तकनीकों का उपयोग कर बनाए गए नकली ऑडियो-वीडियो और तस्वीरों को ह्लडीपफेकह्व कहा जाता है, जिनकी पहचान करना जांच एजेंसियों के लिए भी अत्यंत कठिन होता जा रहा है । रिपोर्ट के अनुसार, डीपफेक के मामलों में 65 प्रतिशत से अधिक पीड़ित लड़कियां हैं। चिंता की बात यह भी है कि दुनिया के अधिकांश देशों में ए आई के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कानून अभी तक नहीं बने हैं। बहुत कम देशों जैसे भारत, अमेरिका और ब्रिटेन में बाल शोषण से संबंधित सामग्री को देखना या रखना अपराध की श्रेणी में स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। कानूनों की कमी के कारण इंटरनेट पर बड़ी मात्रा में डीपफेक आधारित अश्लील सामग्री तेजी से फैल रही है।

एआई तकनीक निस्संदेह कंप्यूटर विज्ञान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो मशीनों को सीखने, निर्णय लेने और जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता प्रदान करती है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और शोध के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक संभावनाएँ खोलती है। किंतु इसका अनियंत्रित और अनैतिक उपयोग दुनिया के मासूम बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है । अतः संयुक्त राष्ट्र, वैश्विक संगठनों तथा सभी देशों की सरकारों को मिलकर ए आई के दुरुपयोग को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठोर कानून बनाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। अन्यथा विज्ञान की यही तकनीक, जो मानवता के लिए वरदान बन सकती है, मासूम बच्चों की खुशियों और सुरक्षित भविष्य को निगलने वाली अभिशाप सिद्ध हो सकती है।



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

## श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग

# श्रीरामचरितमानस में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग

सिव पद कमल जिन्हहि रति नाहीं। रामहि ते सपनेहुँ न सोहाहीं।।
बिनु छल बिस्वनाथ पद नेहू। राम भगत कर लच्छन एहू।।
श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 104-3
दो.- संकरप्रिय मम द्रोही सिव द्रोही मम दास।
ते नर करहिं कलप भरि घोर नरक महुँ बास।।
श्रीरामचरितमानस लंकाकाण्ड दोहा

श्रीराम एवं शिवजी का आपस में एक-दूसरे के प्रति घनिष्ठ प्रेम-भक्ति-श्रद्धा जगत प्रसिद्ध है। शिवजी श्रीरामकथा श्रवण करने हेतु महर्षि अगस्त्य के आश्रम गए तथा सतीजी सहित श्रीरामकथा का श्रवण किया। सतीजी शिवजी के समझाने के उपरान्त श्रीराम के चरित्र एवं उनकी लीलाओं को पहिचान नहीं सकी। अंत में उनकी परीक्षा लेने चली गई। श्रीरामजी की लीला-परीक्षा लेकर लौट आईं। सतीजी ने शिवजी से परीक्षा की बात बताई नहीं। शिवजी ने ध्यान लगने पर सब जान लिया। सतीजी द्वारा सीताजी का रूप धारण करने के कारण शिवजी को उन्हें त्यागना पड़ा। तत्पश्चात दक्ष प्रजापति जो कि सतीजी के पिता थे वहाँ शिवजी का यज्ञ में भाग न होने से योगाग्नि में शरीर भस्म कर दिया।



डॉ. नरेन्द्र मेहता (दैनिक अवन्तिका)

सतीं मरत हरि सन बरू मागा। जनम जनम सिव पद अनुरागा।।
तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमीं पारबती तनु पाई।।
श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 65-3

सतीजी ने मरते समय भगवान श्रीहरि से यह वर माँगा कि उनका जन्म-जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इसी कारण उन्होंने हिमाचल के घर जाकर पार्वती (गौरी-उमा) के रूप में जन्म लिया। श्रीरामकथा में श्रीराम-विवाह का अत्यन्त सुन्दर वर्णन है। अतः उनके इष्ट देव शिवजी के विवाहोत्सव का आनन्द भी होना आवश्यक है। अतः नई पीढ़ी एवं सुधीजनों के लिए शिव-पार्वती विवाह का कथा प्रसंग दिया जा रहा है।

जब तें उमा सैल गृह जाईं। सकल सिद्धी संपति तहँ छाईं।
जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे। उचित बास हिम भूधर दीन्हे।।
श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 65-4

जब से उमाजी हिमालय के घर जन्मी तब से वहाँ सारी सिद्धियाँ एवं सम्पत्तियाँ छा गईं। मुनियों ने भी जहाँ-तहाँ सुन्दर आश्रम बना लिए और हिमाचल ने उनको उचित स्थान दिए। उस सुन्दर पर्वत पर अनेक प्रकार के वृक्ष सदा पुष्प फलयुक्त हो गए। सारी नदियों में पवित्र जल बहने लगा और पशु-पक्षी, भ्रमर सभी सुखी हो गए। सभी जीवों ने अपना स्वाभाविक बैर (शत्रुता) त्याग दी और पर्वत पर सभी परस्पर प्रेम करने लग गए।

जिस प्रकार श्रीराम की भक्ति को प्राप्त कर भक्त शोभायमान हो जाता है, उसी प्रकार पार्वतीजी के हिमाचल के घर आ जाने से पर्वतराज शोभायमान हो गए। नारदजी ने जब उमा के जन्म का समाचार सुना तो वे एकाएक हिमाचल के घर पधार गए। हिमाचल ने उनका आदर-सम्मान किया और चरण धोकर उनको उत्तम आसन दिया। हिमाचल ने पुत्री को बुलाकर मुनि के चरणों में डाल दिया। हिमाचल ने कहा- हे मुनीश्वर! आप त्रिकालदर्शी और सर्वज्ञ है। अतः आप हृदय में विचारकर कन्या के गुण-दोष बताइए। नारदजी ने हँसकर बड़े ही रहस्यपूर्ण कोमल वाणी से कहा- तुम्हारी यह कन्या सब गुणों की खान है। यह स्वभाव से ही सुन्दर, सुशील और समझदार है। उमा, अम्बिका और भवानी इनके नाम हैं। यह अपने पति को सदैव प्यारी (प्रिया) रहेगी। इसका सुहाग सदा अचल रहेगा और इसके माता-पिता यशस्वी होंगे।



अब इसमें जो दो चार अवगुण हैं उन्हें भी सुन लो। गुणहीन, मानहीन, माता-पिता विहीन, उदासी, संशयहीन (चिन्ता न करने वाला) वह होगा।

दो.- जोगी जटिल अकाम मन नगन अमंगल वेष।
अस स्वामी एहि कहँ मिलिहि परी हस्त असि रेख।।
श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड दो. 67

योगी, जटाधारी, निष्काम हृदय, नंगा और अमंगल वेषवाला ऐसा पति इसको मिलेगा। इसके हाथ में ऐसी ही रेखा है। नारदजी की वाणी सुनकर हिमवान और मैना को दुःख हुआ तो दूसरी ओर पार्वती प्रसन्न हो रही थी। नारदजी ने यह सब कहा किन्तु इस रहस्य को जान नहीं पाए। देवर्षि नारद के वचन असत्य नहीं हो सकते यह जानकर पार्वतीजी ने उन वचनों को हृदय में धारण कर लिया। उमाजी को शिवजी के चरणकमलों में प्रेम उत्पन्न हो गया। देवर्षि नारदजी की भविष्यवाणी असत्य न होगी, यह विचार कर हिमवान्, मैना और सभी चतुर सखियाँ चिन्ता करने लगी। पर्वतराज हिमवान् ने देवर्षि नारदजी से कहा- हे नाथ कहिये अब क्या उपाय किया जाए।

दो.- कह मुनीस हिमवंत सुनु जो बिधि लिखा लिलार।
देव दनुज नर नाग मुनि कोउ न मेट निहार।।
श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड दो. 68

मुनीश्वर नारदजी ने कहा- हे हिमवान सुनो, विधाता ने ललाट पर जो कुछ लिख दिया है उसको देवता, दानव, मनुष्य, नाग और मुनि इनमें से कोई भी मिटा सकते हैं। नारदजी ने कहा उन्होंने जो दोष बतलाए हैं, उनके अनुमान से वे सभी शिवजी में हैं। यदि उमा का विवाह शिवजी के साथ हो जाए तो दोषों को भी सब लोग गुणों के समान कहेंगे। जैसे विष्णु भगवान शेष नाग की शय्या पर सोते हैं तो भी पंडित उनको कोई दोषारोपण नहीं करते हैं। इसी प्रकार सूर्य एवं अग्निदेव अच्छे-बुरे सभी रसों का भक्षण करते हैं किन्तु उनको कोई बुरा नहीं कहता है।

शिवजी सहज ही समर्थ हैं क्योंकि वे भगवान हैं। महादेव हैं, इसलिए इस विवाह में सब प्रकार का कल्याण है। महादेवजी की आराधना बहुत कठिन है किन्तु तप करने से वे बहुत शीघ्र प्रसन्न और सन्तुष्ट हो जाते हैं। यदि तुम्हारी कन्या तप करे तो त्रिपुरारी महादेवजी इस होनहार को मिटा सकते हैं। इस कन्या के लिए शिवजी को छोड़कर दूसरा कोई वर नहीं है। इतना कहकर नारदजी ने पार्वतीजी को आशीर्वाद दिया तथा ब्रह्मलोक चले गए। पति को एकान्त में ले जाकर मैना ने कहा- हे नाथ मैंने मुनि (नारदजी) के वचनों का अर्थ नहीं समझा। अतः आप जो हमारी कन्या के अनुकूल घर, वर और कुल उत्तम हो विवाह कीजिए। यदि पार्वती के लिए योग्य वर न मिला तो सब लोग कहेंगे कि पर्वत स्वभाव से ही जड़ (मूर्ख) होते हैं। हे स्वामी। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए ही विवाह कीजिएगा, ताकि हमें बाद में हृदय में संताप न हो। इस प्रकार इतना कहकर मैना पति के चरणों पर मस्तक रखकर गिर पड़ी। तब हिमवान ने प्रेम से कहा- चाहे चन्द्रमा में अग्नि प्रकट हो जाए किन्तु नारदजी के वचन असत्य नहीं हो सकते हैं।

हिमवान ने मैना से कहा कि अब यदि तुम्हें कन्या पर प्रेम है तो जाकर उसे यह समझाओ कि वह ऐसा तप करें कि जिससे उसे शिवजी मिल जाए। पार्वती ने माँ से कहा- तुम सुनो मैंने ऐसा स्वप्न देखा है कि मुझे एक सुन्दर गौर वर्ण श्रेष्ठ ब्राह्मण ने ऐसा उपदेश दिया है कि हे पार्वती! नारदजी ने जो कुछ कहा है उसे सत्य समझकर तू जाकर तप कर। तप सुख देने वाला और दुःख दोष नाश करने वाला होता है।

यह बात सुनकर माता को बड़ा आश्चर्य हुआ और उसने हिमवान को बुलाकर वह स्वप्न सुनाया। माता-पिता को अच्छी तरह समझाकर बड़े हर्ष के साथ पार्वती तप करने चली गई।

शिवजी के चरणों को हृदय में धारण करके पार्वतीजी वन में जाकर तप करने लगी। उनका मन तप में ऐसा लगा कि वह अपने शरीर की सारी सुध-बुध भूल गई। एक हजार वर्ष तक उन्होंने मूल और फल खाए। फिर सौ वर्ष तक साग खाकर बिताए। कुछ दिन जल और वायु का भोजन किया और फिर कुछ दिन कठोर उपवास किए। जो बेल पत्र सूखकर पृथ्वी पर गिरते थे तीन हजार वर्ष तक उन्हीं को खाया।

पुनि परिहरे सुखानेउ परना। उमहि नामु तब भयउ अपरना।।
देखि उमहि तप खीन सरीरा। ब्रह्म गिरा भै गगन गभीरा।।
श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 74-4

फिर सूखे पत्ते भी खाना छोड़ दिए, तभी पार्वती का नाम अपर्णा हुआ। तप से उमा का शरीर क्षीण देखकर आकाश से ब्रह्मवाणी हुई।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी-टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को शिक्षक परिवार ने कलम देकर किया सम्मानित

**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने पर शिक्षक परिवार ने कलम भेंट कर विद्यार्थियों को सफलता की कामना की विद्यालय प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों परीक्षा हेतु मार्ग दर्शन दिया तथा कहा परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, यह डरने का नहीं, बल्कि आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने, सकारात्मक सोच बनाये रखने तथा पूर्ण तैयारी के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। प्राचार्य राहुल पोरवाल ने बताया शनिवार को विद्यालय के 20 स्कूली छात्रों ने व्यवसायिक शिक्षा आईटी और बैंकिंग परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर हल किया।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी आगर की छात्राएं



**आगर मालवा।** अग्रणी शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर की छात्रायें जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में विजित होकर 5 फरवरी को पीएमसीओई शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में आयोजित संभागस्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता रही। इस अवसर पर उपविजेता टीम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी चतुवेर्दी, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ हंसराज पाटीदार एवं क्रीड़ा समिति द्वारा सम्मानित किया गया । उपविजेता टीम को प्रमाणपत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें अगले स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई । इस उपविजेता टीम की सदस्य मेघा गोस्वामी, शिवानी गवली एवं रिंकी गवली (तीनो बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा) का चयन अंतर्विश्विद्यालयीन राज्य स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में हुआ। ये तीनो छात्रायें दिनांक 16 से 18 फरवरी तक पीएमसीओई जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता कर उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यर्थियों ने हर्ष व्यक्त किया व सभी ने शुभकामनाएं दी।

## आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रारंभ होने से आमजन को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं:टेटवाल



**सारंगपुर।** वर्तमान में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की अत्यंत आवश्यकता है। सारंगपुर में यह आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रारंभ होने से सारंगपुर क्षेत्र की आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होंगी। यह उद्गार शनिवार सुबह आज सारंगपुर में पुराने एबी रोड किनारे सहारा स्माइल डेंटल केयर एवं सहारा लाइफ पैथोलॉजी लैब का शुभारंभ करते हुए मप्र शासन के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने इसके संचालक डॉ. आरिफ मंसूरी को भी शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी आशा है कि यह संस्थान जनसेवा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते हुए क्षेत्र के स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जनेसवा को प्राथमिकता के साथ करें और मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाए। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालवील, पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष मोहम्मद मंसूरी, महिला रोग विशेषज्ञ डा. तस्लीम मंसूरी, अशरफ मंसूरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## विभिन्न मंदिरों में दिन भर चलता रहा फलाहारी खिचड़ी के वितरण का दौर



**महिदपुर रोड।** रविवार को नगर में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया ग्राम झरावदा में स्थित झरादेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से प्रारंभ हुआ फलाहारी खिचड़ी का वितरण शाम तक चलता रहा ग्राम गोगापुर में स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी अभिषेक दिन भर यजमानों के आग्रह पर पंडित ओम प्रकाश शर्मा अन्य पंडितों ने संपन्न कराया त्रिभुवन नाथ मंदिर में मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में युवाओं की टीम ने ठंडाई ( भांग शरबत )का वितरण किया पुलिस थाना परिसर स्थित मंदिर में भी श्रद्धालु ने पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की शाम को रेलवे परिसर स्थित त्रिभुजनाथ महादेव मंदिर से शिवजी की बारात निकल गई जो माता मंदिर परिसर पर पहुंची जहां शिव शक्ति का महा मिलन एवं महा आरती के उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया गया आसपास के गांवों में स्थित शिव मंदिरों में भी श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे ग्राम बरुखेडी में युवाओं ने मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को मेवायुक खीर का वितरण किया।

दुर्घटना बताने का प्रयास, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुला राज

# देवास में भाई ने की भाई की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में भाई ने आपसी विवाद के चलते अपने ही सगे भाई की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भाई और उसके जीजा ने मिलकर घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना 10 फरवरी 2026 की देर रात की है। अमलतास अस्पताल, देवास से सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली कि रवि पिता राजाराम चौहान (30 वर्ष), निवासी ग्राम सिंगवादा पावर हाउस, को उसका भाई लखन चौहान और जीजा राहुल राजोरिया सड़क दुर्घटना में घायल बताकर अस्पताल लाए हैं। उपचार के दौरान रवि चौहान की मृत्यु हो गई।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा

इस सूचना पर सिविल लाइन थाने में मार्ग क्रमांक 07/2026, धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शव का पोस्टमार्टम एम.जी. अस्पताल, देवास में कराया गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर प्रथम दृष्टया यह सामने आया कि रवि की मृत्यु सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किए जाने के कारण हुई है, जिससे मामला हत्या का प्रतीत हुआ। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से गहन पूछताछ की।

### लोहे की मोगरी से किया वार

पूछताछ में खुलासा हुआ कि 10 फरवरी 2026 की रात मृतक रवि चौहान का अपने भाई लखन चौहान से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपी लखन ने घर में रखी लोहे की भारी वस्तु (मोगरी) से रवि के सिर पर 2-3 वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

हत्या करने के बाद आरोपी लखन ने अपने जीजा राहुल राजोरिया को घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर रवि के शव को अमलतास अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए इसे सड़क दुर्घटना बताया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि राहुल को घटना की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उसने अस्पताल में गलत सूचना दी।

### आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तथ्यों के आधार पर सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 75/2026, धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी लखन चौहान और राहुल राजोरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है और आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

देवास में गहराया जलसंकट

## शिप्रा प्लांट के 2 पंप खराब 8-10 दिन और रहेगी परेशानी, कांग्रेस पार्षदों ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में जलप्रदाय बाधित होने की शिकायतों के बाद शनिवार को कांग्रेस पार्षद दल ने शिप्रा वाटर प्लांट का निरीक्षण किया। यहां दो प्रमुख पंप खराब मिले, जिसके चलते शहर में पानी की सप्लाई गड़बड़ा गई है। ठेकेदार ने बताया कि पंपों को सुधरने में अभी 8 से 10 दिन का समय और लगेगा। तब तक शहरवासियों को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार, वसीम हुसैन, आबिद खान और प्यारेमिया पठान मौजूद थे। उन्होंने देखा कि प्लांट का एक पंप पिछले 7 दिनों से बंद पड़ा है, जबकि दूसरा पंप 3 दिन से खराब है। इन्हीं दो पंपों के कारण शहर में पानी की आपूर्ति अनियमित हो गई है।

### रोज मिल रहीं शिकायतें

पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार ने बताया, शहरवासियों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है और हमें प्रतिदिन इस संबंध में शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को पंप सुधारने के लिए कहा गया है, लेकिन इसमें अभी भी समय लगने की संभावना जताई गई है।

### ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

पार्षदों ने नगर निगम से मांग की है कि खराब पड़े पंपों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए और शहरवासियों को तत्काल पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कार्य में देरी होने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि नियमित जलप्रदाय सुनिश्चित हो सके।


## भोपाल-इंदौर हाईवे पर ओवरहाइट भूसा ट्रक जब्त, ड्राइवरों पर केस दर्ज

**देवास।** पुलिस ने भोपाल-इंदौर हाईवे पर यातायात बाधित करने और खतरनाक तरीके से ओवरहाइट भूसा ले जा रहे चार ट्रकों को जब्त किया है। यह कार्रवाई शनिवार सुबह गश्त के दौरान रसूलपुर चौराहा (टाटा शोरूम के पास) पर की गई। पुलिस ने ड्राइवरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इन ट्रकों को लापरवाहीपूर्वक चलते देखा। ड्राइवरों द्वारा ट्रकों को लहराते हुए चलाया जा रहा था और हाईवे के बीचों-बीच खड़ा कर दिया गया था, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। इससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर चारों ट्रकों को जब्त कर लिया और चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू की। जब्त किए गए वाहनों में गणेश पिता भागचंद कपाड़िया (विदिशा), मोनु कपाड़िया पिता द्वारकाप्रसाद (विदिशा), राजा खान पिता बसीर खान (भोपाल), हनीफ खान पिता हबीब खान (भोपाल) शामिल हैं। चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अफवाह के चलते महिला को पकड़ा, जांच में सामने आया सच्चाई का खुलासा

# बच्चा चोरी गैंग का वायरल मैसेज निराधार– पुलिस

**सुसनेर।** नगर में सोशल मीडिया पर वायरल हुए बच्चा चोरी गैंग के मैसेज ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया। शुक्रवार को वायरल संदेश की शुरूआत नगर के एक निजी स्कूल के नाम से हुई जिसमें दावा किया गया कि एक अजनबी युवक स्कूल से दो छात्राओं को लेने पहुंचा था। मैसेज तेजी से व्हाट्सएप ग्रुपों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल गया जिससे अभिभावकों और नागरिकों में चिंता बढ़ गई। हालांकि संबंधित स्कूल प्रबंधन ने तत्काल इस खबर का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि विद्यालय में इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। स्कूल संचालक ने बताया कि बच्चों को केवल उनके अधिकृत परिजनों के साथ ही भेजा जाता है तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। इसी अफवाह के बीच शाम के समय लोगों ने एक महिला को संदिग्ध समझकर पकड़ लिया और उसे बचा चोर बताने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित थाने ले जाकर पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है और उसका किसी भी प्रकार की बच्चा चोरी की घटना से कोई संबंध नहीं है। शनिवार को थाना प्रभारी केशर राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला का नाम गीता पति विनोद, उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी राधा नगर मोरबी जिला राजकोट है। वह पूर्व में भी कई बार घर से लापता हो चुकी है तथा उसके परिजनों द्वारा मोरबी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई जा चुकी है। सुसनेर पुलिस ने मामले की पुष्टि के लिए मोरबी थाना प्रभारी हितेश चावड़ा से संपर्क किया। जिसके बाद पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सुसनेर क्षेत्र में बच्चा चोरी की कोई घटना नहीं हुई है और वायरल हो रहे मैसेज पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार हैं। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें किसी भी संदिग्ध सूचना की पहले पुलिस से पुष्टि करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। साथ ही अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



देवास में चार ठिकानों पर जुआ-सट्टा पर दबिश

## 15 आरोपी गिरफ्तार, 5.78 लाख का सामान और 6 बाइक जब्त

**देवास।** अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के चार अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त दबिश देकर 15 जुआरियों और सटोरियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 78 हजार रुपए का सामान जब्त किया है, जिसमें 6 मोटरसाइकिल, 15 मोबाइल फोन और 28,100 रुपए नकद शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोत के निर्देशन और सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में की गई। थाना कोतवाली प्रभारी श्यामचन्द्र शर्मा और थाना नाहर दरवाजा प्रभारी अमित सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने इस अभियान को अंजाम दिया। पुलिस ने नागदा, करोल नगर, नुसरत नगर और मोहसीनपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक इंदौर का निवासी है। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को लगातार जुए-सट्टे की शिकायतें मिल रही थीं।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ उनका सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सईद, जितेंद्र खसोमरिया, इस्माइल खान, जाकिर खान, राजेश जायसवाल, धर्मेंद्र बनिया, रकीब शेख, इनायत अली, गामा खान, सुभाष हनोतिया, शहीद शेख, रजाक, सुरेश, जितेंद्र परिहार और नाथुराम अहिरपवार शामिल हैं।

## करनवास में हिंदू रक्षा शक्ति संघ की बैठक सम्पन्न, सनातन के प्रति किया जागरूक

**करनवास/राजगढ़।** बृजेश सिंह रघुवंशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद सुमन मध्यप्रदेश प्रभारी, हरिओम प्रजापति प्रदेश मंत्री एवं रामस्वरूप रघुवंशी जिला अशोकनगर कार्यकारिणी सदस्य ने करनवास में प्रवास के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य संघ की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करना तथा नए कार्यकताओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना रहा। पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकताओं को सनातन संस्कृति के महत्व, संगठन की कार्यप्रणाली और समाज में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने और क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है।

## हाईस्कूल परीक्षा में एनएसक्यूएफ का पेपर शांतिपूर्ण संपन्न

**गुना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत आज (नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) का तृतीय प्रश्नपत्र जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। जिले में निर्धारित 57 केंद्रों में से 23 केंद्रों पर आज परीक्षा आयोजित की गई। कुल 1646 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 1634 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 12 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संरचनालय ग्वालियर के अधिकारी अशोक पवार द्वारा विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

बैठक के दौरान प्रस्तावों पर चर्चा और वोटिंग होने के बाद नियम कायदों को ताक पर रखकर बदले गये प्रस्ताव

# नगर पालिका परिषद के साधारण सभा के सम्मेलन के पश्चात नियम मर्यादाएं हुई तार तार

नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ बोले यह लोकतंत्र की हत्या है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

नपा में नेता प्रतिपक्ष ने परिषद की बैठक में होने वाले प्रस्तावों पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि एजेंडे क्रमांक 11 के तहत कुल लाये गये 14 प्रस्तावों पर चर्चा की जाना थी नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ बतलाया कि बैठक के दौरान पूरे समय स्थानीय विधायक पन्ना लाल शाक्य भी मौजूद रहे।

प्रभारी सीएमओ मंजूषा खत्री ने नपाध्यक्ष से सदन के संचालन की अनुमति का अनुरोध किया इसी बीच नेता प्रतिपक्ष ने अपनी आसंदी से खड़े होकर कहा कि माननीय विधायक जी आप तो दो बार के वरिष्ठ विधायक हैं बड़े सदन में आपकी उपस्थित दर्ज होती है। नेता प्रतिपक्ष कड़ी आपत्ति जताते हुए बोले कि क्या कारण है कि परिषद के एजेंडे से प्रश्न काल का कॉलम ही हटा दिया जाता है। उस पर से प्रभारी सीएमओ बोलीं कि सदन की बैठक प्रारंभ की जाये आप अपनी बात बाद में रखिएगा। नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने तल्खी से इसका जवाब देते हुए कहां की में अपनी पूरी बात करके ही बैठूंगा में मेरी निजता की बात करने नहीं आया। आज समूचा शहर डॉग बाइट से सहमा हुआ है, आवारा मवेशियों से लोग फैकचर्ड हो रहे हैं।

### विधायक इनसे पूछिए कि क्या कदम उठा रहा है नगरीय प्रशासन

नेता प्रतिपक्ष यहीं नहीं रुके उन्होंने चार सौ पेज का पुलंदा उठाकर सदन के समक्ष पटल पर रखा और कहा कि सम्मानित पार्षद साथियों मेरा आपसे अनुरोध है कि यह बताने का कष्ट करें कि आपके वार्डों बीते तीन वर्षों में कितनी बार डीडीटी फिनायल कीटनाशक पावडर, लाल पावडर कितने मात्रा में भेजे गये यह जो चार सौ पेज का पुलंदा है। यह कोई साधारण कागजों का बंडल नहीं अपितु बीते तीन वर्षों में 80 लाख की खरीदी गई कीटनाशक दवाओं के दस्तावेजों की सत्य प्रतिलिपि है जो नपा से मेने अर्जित की हैं। इस बात का जवाब नहीं देते हुए सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ा दिया गया। जिन प्रस्तावों पर बहस हुई उसमें पहला विंदू रेलवे को दस लाख लीटर प्रतिदिन देने को कहा नेता प्रतिपक्ष ने कहां की शहर की पेयजल व्यवस्था सुधारने की कवायद की जावे आपके पास टेंकर छत विक्षत हालत में हो गये हैं। इस पर विधायक पन्नालाल शाक्य ने पीएचई प्रभारी को तलब करते हुए कहा कि शहर की व्यवस्था नहीं बिगड़े देख लेना भैया। इसके बाद उक्त प्रस्ताव को बहुमत से पास कर दिया गया नेता प्रतिपक्ष अंत तक उसका कड़ा विरोध करते नजर आये कांग्रेस के कई पार्षदों ने भी इस पर विरोध जताया। बैठक का मुख्य विंदू ओवर ब्रिज जज्जी बस स्टेंड से हनुमान चौराहा तक 150 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण निर्माण कार्य एवं विंदू क्रमांक 3 नाना खेड़ी मंडी गेट से न्यायालय के पास डामरीकरण कार्य मुख्य चर्चा का केंद्र रहे प्रभारी सीएमओ जैसे ही इन प्रस्तावों को रखती।



### परिषद में जमकर हंगामा बरपा

पार्षदों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर शहर के विकास की बात कही अधिकांश पार्षद, नपाध्यक्ष और सीएमओ से यह पूछते रहे कि शहर के ३७ वार्डों के विकास को लेकर क्या कार्य योजना है जिस पर दोनों निरुत्तर रहे। पार्षदों का कहना था कि अभी डामरीकरण मेंटिनेंस कार्य हुए जो गुणवत्ता से परिपूर्ण उसी पर नाना खेड़ी से न्यायालय परिसर तक और जज्जी बस स्टेंड से हनुमान चौराहे तक जब कार्य हो चुका है तो उक्त करोड़ों की राशि को सभी वार्डो में कार्ययोजना बनाकर विकास कार्य कराए जावे जब मुद्दा ज्यादा ही गमार्ने लगा तो प्रभारी सीएमओ ने पार्षदों से लिखित राय देकर मत देने का अनुरोध किया जिस पर कुल 14 पार्षदों ने सहमति जताई ऐसे दूसरे विंदू पर 16 पार्षदों ने सहमति जताई परिषद में अधिकांश पार्षदों की असहमति देख विंदू क्रमांक 2 एवं 3 दोनों में प्रभारी सीएमओ ने 14 और 16 मत गिनवाकर प्रस्ताव गिराए गए कि घोषणा की। नेता प्रतिपक्ष ने पूरे घटना क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं देखा कि जहां नियम कायदों का कोई स्थान ही नहीं बचा उन्होंने आरोपित करते हुए कहा कि परिषद से जब सभी पार्षद साथी निकल गए। तब पुनः नई पटकथा तैयार की गई वह भी ऐसी कि नियम कायदों को ताक पर रखते हुए प्रोसिडिंग तैयार की गई जिसमें सभी प्रस्ताव स्वीकृत कर दिये गये।

### नपा में संवैधानिक मर्यादाओं का हनन

नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने कहा कि यह संवैधानिक मयार्दाओं का हनन है। उक्त बाबू को भी नहीं बख्शा जाएगा जिसने परिषद की बैठक संपूर्ण होने के बाद सदन की गरिमा को तार तार किया है। इसे प्रभारी सीएमओ द्वारा गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिये जाने की भी आवश्यकता नेता प्रतिपक्ष ने जताई। कांग्रेस से पार्षद रश्मि शर्मा, हलीम गाजी, शेखर वशिष्ठ, रामवीर जाटव, महेश कुशवाह, राममूर्ति कुशवाह, वार्ड 32 की गीता नरेंद्र कुशवाह विशेष कारण से नहीं पहुंच सकी उन्होंने सदन में कांग्रेस के नेता के साथ लिखित सहमति भेजी थी।

## विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स, भारत ने पाकिस्तान को हराया

**बैंकॉक।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के महामुकाबले से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम (भारत-ए) ने पाकिस्तान को हरा दिया है। ACC विमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के छठे मैच में भारत-ए ने पाकिस्तान-ए को 8 विकेट से मात दी। रविवार को बैंकॉक के तेर्दथाई क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान-ए ने भारत-ए को जीत के लिए 94 रनों का टारगेट दिया था। इस टारगेट को भारत-ए ने 10.1 ओवर में ही आसानी से हासिल कर लिया। पाकिस्तान-ए के खिलाफ रन चेज में भारत-ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पारी की पहली ही गेंद पर हुमैरा काजी का विकेट गंवा दिया। हुमैरा को वहीदा अख्तर ने नेहा शर्मिन के हाथों कैच कराया। इसके बाद वृंदा दिनेश और अनुष्का शर्मा ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी कर भारतीय टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अनुष्का ने चार चौके की मदद से 26 बॉल पर 24 रन बनाए। अनुष्का को मोमिना रियासत ने आउट किया। वहीं ओपनर वृंदा दिनेश ने सिर्फ 29 गेंदों पर नाबाद 55 रन की पारी खेली, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। तेजल हसब्निस ने भी नाबाद 12 रन बनाए।

## ईशान किशन जयपुर की मॉडल से शादी करेंगे

**पटना।** भारत और पाकिस्तान के बीच आज टी 20 का मुकाबला है। मैच के पहले टीम इंडिया के ओपनर और बिहार के रहने वाले ईशान किशन की शादी की चर्चा आई है। ईशान के दादा अनुराग पांडेय ने उनकी गर्लफ्रेंड का नाम बताया है। जिसके बाद ईशान के जयपुर की मॉडल अदिति हुंडिया के साथ अफेयर की पुष्टि हो गई है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया- ईशान जिससे भी शादी करेगा मुझे स्वीकार है। उसके बड़े भाई ने कहा था कि पल्लवी से शादी करेंगे तो हमने करवा दी थी। अब इसकी भी करवा देंगे। अदिति उसकी गर्लफ्रेंड है। वो जयपुर में रहती है। मॉडल है, मिस इंडिया कंटेस्ट में दूसरे नंबर पर आई थी। ईशान के डेटिंग के चर्चे पहले ही थे, लेकिन अब उनके रिलेशनशिप पर मुहर लग गई है। बताया जा रहा है कि, टी-20 वर्ल्ड कप के बाद ईशान शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि, शादी की डेट की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## एमपी में पीएम आवास, ग्रामीण सडकों का फंड खत्म

**भोपाल।** एक तरफ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर वी बी जीरामजी किए जाने को लेकर राजनीति हो रही है। दूसरी तरफ इस स्कीम की हालत ये है कि मप्र में मनरेगा का फंड न केवल खत्म हो गया है बल्कि केन्द्र सरकार पर मप्र की 704.64 करोड़ रुपए की देनदारी बकाया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश किए गए तीन अलग-अलग विस्तृत जवाबों ने देश और विशेषकर मध्य प्रदेश में ग्रामीण विकास की वास्तविक स्थिति को उजागर किया है। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मध्य प्रदेश ने कई योजनाओं में बजट का उपयोग किया लेकिन मनरेगा और सामाजिक सहायता जैसी योजनाओं में चुनौतियां बनी हुई हैं। राज्यसभा में सांसद दिग्विजय सिंह और डॉ. जॉन ब्रिटास के सवालों के जवाब में जो आंकड़े आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं- चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 (9 फरवरी 2026 तक) में मध्य प्रदेश पर मनरेगा के तहत कुल 704.64 करोड़ रुपए की देनदारी बकाया है। इसमें मजदूरी और सामग्री दोनों का हिस्सा शामिल है। मप्र के पास मनरेगा के स्टेट नोडल अकाउंट में पैसा शेष नहीं है (10 फरवरी तक -0.01997 लाख रुपए का बैलेंस), जो दर्शाता है कि राज्य को केंद्र से अतिरिक्त फंड की तत्काल आवश्यकता है। पिछले वर्षों का ट्रेंड मध्य प्रदेश को केंद्र से मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि हुई है। जहां 2022-23 में 5711.77 करोड़ रुपए मिले थे, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 6252.03 करोड़ रुपए हो गए।

## भोपाल में फैब्रिकेशन फैक्ट्री में आग, घरों से बाहर निकाला

**भोपाल।** भोपाल में इंटर स्टेट बस टर्मिनल के सामने मेहता इंडस्ट्री में आग लग गई । यहां फैब्रिकेशन का काम होता था । आग फैक्ट्री के पिछले हिस्से में बने गोदाम में लगी, जहां लकडी का सामान और प्लाईवुड रखा था। पुलिस की डायल 112 की दो और नगर निगम की 5 दमकल मौके पर हैं। आग बुझाने की कोशिशें की जा रही हैं। फिलहाल, हादसे में जनहानि की सूचना नहीं है। फैब्रिकेशन फैक्ट्री से सटी लाल बहादुर अहीर झुग्गी बस्ती के लोगों ने ऐहतियात के तौर पर घरों का सामान बाहर निकाल लिया ।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर करीब पौने 4 बजे फैक्ट्री से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग ने कारखाने के अंदर रखे लकड़ी के सामान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लपटें तेज हो गईं ।अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।

## धर्मवीर सिंह ढिल्लो ने ग्रहण की आजाद समाज पार्टी की सदस्यता

**गुना।** जिले की राजनीति में दलबदल का दौर जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सक्रिय रहे पूर्व कांग्रेसी नेता धर्मवीर सिंह ढिल्लो ने अब नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। शनिवार को धर्मवीर सिंह ने ग्वालियर पहुंचकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की और औपचारिक रूप से पार्टी का दामन थाम लिया। ढिल्लो का कांग्रेस छोडना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि वे पिछले कई वर्षों से संगठन के भीतर एक सक्रिय चेहरे के रूप में पहचाने जाते थे। धर्मवीर सिंह ढिल्लो का राजनीतिक सफर वर्ष 2017 से 2025 तक कांग्रेस के साथ रहा, जहाँ उन्होंने आईटी सेल सहित संगठन के कई अन्य प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं दीं। बताया जा रहा है कि ढिल्लो लंबे समय से यूथ कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन अपेक्षित दायित्व न मिलने और पार्टी की अंदरूनी राजनीति से वे आहत थे। उन्होंने कांग्रेस छोडने का मुख्य कारण आत्मसम्मान में आई कमी और गुटबाजी को बताया है। कहना है कि निष्ठा से काम करने के बावजूद संगठन में कार्यकताओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने यह कदम उठाया है।

# शिव बारात में जमके थिरके युवा, कलाकारों ने जमाया भक्ति रंग

### शिवालयों में उमडा जन सैलाब, सिटी व मंडी में निकली शिव बारात, राणोगंज व जटाशंकर में दिनभर लगी रही भक्तों की कतार





**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

नगर सहित अंचलों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रृद्धाभाव के साथ रविवार को मनाया गया। इस पर्व के चलते शिवालयों पर अल सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों की कतारे लगी रही। नागरिकों ने इस पर्व के चलते शिवालयों पर विशेष पूजा अर्चना भी की।

नगर में सुबह से ही शिवालयों व अन्य देव स्थानों पर शिव स्तुती का दौर प्रारंभ हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया शिवालयों में श्रृद्धालुओं की भीड बढती गई। इस पर्व के चलते प्रशासन ने देवालयों पर व्यापक इंतजाम किए गए। क्षेत्र के प्रसिद्ध भोले डुंगरी,हिमलेश्वर,राणौगंज मंदिर व जटाशंकर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन भी हुआ। श्रृद्धालुओं ने भगवान महाकाल का अभिषेक किया। इन शिवालयों में दिनभर दर्शन के लिए लम्बी कतारे लगी रही। इसी प्रकार नगर में ब्रहम्कुमारी संस्था द्वारा भी शिवरात्रि पर विशेष आयोजन कर परम पिता परमेश्वर की झांकी सजाई। पर्व के चलते राणोगंज स्थित छतरी पर पहुंचने के लिए अकोदिया मार्ग पर भी यातायात दबाव अधिक रहा। इस मार्ग पर कई बार जाम की स्थिति बनी। जिसके कारण नागरिक परेशान होते रहे।

### शिव बारात निकली

मंडी में शिवभक्त मंडल के तत्वाधान में शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। जिसका शुभारंभ खेडापति हनुमान मंदिर से हुआ। लगभग एक किलोमीटर के काफिले में शामिल विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल की गई। जिसमें विभिन्न देवगणों, भगवान भोलेनाथ,अघोरी आदि की झांकी सजाई गई। धार्मिक प्रस्तुतियों के बीच मथूरा से आए कलाकारों ने अच्छा समा बांधा। इन कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ का नृत्य के साथ ही शानदार अग्नि नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान बारात में भूत पिसाच के साथ ही देवगण के रूप में भी बच्चों को सजाया गया था। इस बारात का स्वागत राम मंदिर के समीप, पोस्ट ऑफिस स्थित नीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में फलाहार व अन्य खाद सामग्री की स्टॉल लगाकर किया गया। शिव बारात में कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। शिव बारात का समापन लोहिया मार्ग पर स्थित माता पार्वती मंदिर पर भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह के साथ सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार सिटी क्षेत्र में भी भीमपुरा मोहल्ला से शिव बारात निकाली गई, जो कि प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरी।

# पत्नी से संबंध की आशंका में की थी हत्या

### धर्मेन्द्र शर्मा हत्या कांडः दूसरा आरोपी मेघनगर से गिरफ्तार, चाकू भी बरामद किया

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



मंडी थाना क्षेत्र में ग्राम अमलाय पत्थरकी के समीप 7 फरवरी को सीहोर निवासी धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई थी, उस हत्याकांड में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी पकड़ने में सफलता प्राप्त की। बता दे इस मामले में एक आरोपी बादल को तीन दिवस पूर्व गिरफ्तार कर लिया था और दूसरे आरोपी चिराग की तलाश की जा रही थी, जो कि झाबुआ के मेघनगर से पकड़ा गया। थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव ने बताया कि धर्मेन्द्र शर्मा की हत्या के बाद दूसरा आरोपी चिराग चार पहिया वाहन से झाबुआ के मेघनगर पहुंचा था और वह पर पार्किंग में अपना वाहन खडा किया था, इसके बाद वह इधर-उधर भटकता रहा, मेघनगर वाहन लेने आया तो उसे पकड़ लिया गया। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी चिराग को आशंका थी कि मृतक धर्मेन्द्र शर्मा के संबंध में उसकी पत्नी से है। साथ ही चिराग ने पुलिस को बताया कि मृतक धर्मेन्द्र उसकी पत्नी से बात किया करता था। उधर मृतक के परिवारजनों के साथ आरोपी पक्ष का लेनदेन को लेकर पूर्व में विवाद भी हुआ था। इन्ही रंजीश के चलते दोनों आरोपियों ने धर्मेन्द्र की हत्या कर दी। बता दे शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के निपानिया देव मार्ग पर अमलाय पत्थर के पास स्थित एक खेत में 8 फरवरी की सुबह एक युवक का अर्द्धजला शव मिला था, जिसकी पहचान धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेश प्रसाद शर्मा 27 वर्ष निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी, सीहोर के रूप में हुई है। वह कांबेश्वर धाम में पूजा सामग्री बेचने का कार्य करता था और किराए के मकान में रह रहा था। मृतक धर्मेन्द्र शर्मा का परिवार मूल रूप से कालापीपल मंडी का निवासी थे और कुछ वर्ष पूर्व सीहोर जाकर रहने लगे थे। धर्मेन्द्र के परिजनों द्वारा 7 फरवरी को कोतवाली थाना सीहोर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने पहले धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और बाद में उसका गला रेतकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव पर स्पिरिट डालकर उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसके बाद शव को एक किसान के खेत में फेंक दिया गया था। पुलिस ने आरोपी चिराग से घटना में इस्तमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया।

## हस्ताक्षर नहीं मिलने पर चेक अनादरित

**शुजालपुर।** चेक पर हस्ताक्षर मेल नहीं खाने के कारण अनादरित हुए प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी को कारावास की सजा सुनाते हुए प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश दिया है। प्रकरण की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय शुजालपुर में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचदेहरिया निवासी कैलाश नारायण पिता पन्नालाल परमार को अपने ही गांव के ओमप्रकाश पिता केशरसिंह पंवार से दो लाख रुपए लेना थे। देनदारी चुकाने के लिए ओमप्रकाश ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा जामनेर का चेक दिया। जब परिवादी ने चेक बैंक में प्रस्तुत किया तो हस्ताक्षर नहीं मिलने के आधार पर चेक अनादरित कर लौटा दिया गया। इसके बाद कैलाश नारायण ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आरोपी को विधिक नोटिस भेजा, किंतु राशि अदा नहीं की गई तथा नोटिस का जवाब भी असत्य तथ्यों के साथ दिया गया। इस पर परिवादी ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया।

## उप पंजीयक खिसानिया पर दंडात्मक कार्यवाही की माँग

**गुना।** जिला मुख्यालय पर रजिस्ट्री (पंजीयन) कार्यालय में दोष सिद्ध होने पर एक क्रेता द्वारा सब-रजिस्ट्रार जितेंद्र कुमार खिसानिया पर अवैध राशि मांगने पर शिकायत करते हुए दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। उक्त शिकायत पर जिला पंजीयक ने उप पंजीयक के कार्य को आपत्ति जनक मानते हुए कलेक्टर गुना को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है। इस संबंध में क्रेता अनिल भार्गव ने बताया कि अवांछित राशि मांगने तथा नहीं देनें पर जानबूझकर, मनगढ़ंत तथ्यों या असत्य कारणों से पंजीयन में विलंब करने का आरोप लगाते हुए जिला पंजीयक एवं कलेक्टर गुना को शिकायत की थी। शिकायत कर्ता अनिल भार्गव द्वारा प्रेस को बताया कि जितेंद्र कुमार खिसानिया का यह कृत्य पंजीकरण अधिनियम की धारा 71 के द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का उलंघन बतलाते हुए सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्यवाही की मांग की है। जिनके द्वारा पद के दुरुपयोग को अपराध बताते हुए लोकायुक्त ग्वालियर तथा संभागीय महानिरीक्षक परिक्षेत्र ग्वालियर से भी उचित न्याय के लिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को प्रकरण भेजने की मांग की हैं। साथ ही लोकायुक्त भोपाल एव संभागीय उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र ग्वालियर से भी न्याय की मांग की है।

## जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं को विधाई



**बीनागंज।** जीवन में चुनौतियां आएगी, लेकिन आप घबराना नहीं। हर ठोकर आपको और मजबूत बनाएगी, हमेशा अपने माता पिता शिक्षकों और अपने स्कूल को याद रखना उक्त विचार मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने व्यक्त किए। वह पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज में छात्राओं के विदाई समारोह को मुख्य वक्ता की हैसियत से संबोधित कर रहे थे।

समारोह को अध्यक्ष श्री मीना के अलावा हुकुमचंद साहू, रमा मीना रमेशचंद अहिरवार, अभिषेक मीना, कृष्णा शाक्य, वैशाली साहू, दीपक प्रजापति ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपाल मैथिल ने की संचालन स्पोर्ट टीचर वंदना व्यास ने किया। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा ओ मेरे वतन के लोगों, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, ओ देश मेरे, तेरी शान पे आदि गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर अपनी सीनियर छात्राओं को भावभीनी विधाई दी। समारोह में विद्यालय के बाल केविनेट प्रधानमंत्री तमन्ना जाटव, शिक्षा मंत्री पलक मीना, उप प्रधानमंत्री रीना प्रजापति, सुनीता मीना, तनवी राजपूत, प्रतिज्ञा मीना, निकिता सेन,जया अहिरवार, नेहा मीना, रक्षा अहिरवार, पलक केवट, ललिता कुशवाह, छवि वंशकार, पूर्ति मीना सहित बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं शामिल थी। वाल केबिनेट प्रधानमंत्री तमन्ना जाटव ने सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में अल्पाहार के साथ समारोह का समापन हुआ।

## जिले में महा शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया

**आगर मालवा।** जिले में महा शिवरात्रि का पावन पर्व भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र पूरे दिन हर-हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय के जयकारों से गूंजता रहा।

सुबह से ही जिले भर से श्रद्धालु दर्शन-पूजन हेतु मंदिर पहुंचे। देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के जिलों से आए भक्तों ने भी बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया, जिससे मंदिर परिसर एवं आसपास का वातावरण उत्सवमय दिखाई दिया। महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा बैजनाथ महादेव का प्रात:कालीन रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह, सहित जनप्रतिनिधियों ने मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन किया।

## जमीन विवाद में दो पक्ष आमने-सामने

**शुजालपुर।** जमीन को लेकर पुराना विवाद रविवार रात उस समय उग्र हो गया जब खेत पर कार्य के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए। मामले में दोनों ओर से एक.दूसरे पर गाली-गलौज, पथराव और मारपीट के आरोप लगाते हुए थाने में अलग-अलग एफ आईआर दर्ज कराई गई हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के भानु प्रताप मंडलोई 48 वर्ष निवासी ग्राम अकोदिया ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने साथियों अनुज नेमा व रघुवीर राजपूत के साथ राणोगंज क्षेत्र में जमीन खरीदी है। रविवार शाम करीब 8.30 बजे वे खेत पर जेसीबी से कार्य करवा रहे थे।

इसी दौरान पवन गिरी अपने साथ मदन पुरी, लोकेश पुरी व कंचन के साथ वहां पहुंचा और जमीन पर आने को लेकर विवाद करते हुए कथित रूप से गाली-गलौज की। आरोप है कि इस दौरान पत्थर फेंककर हमला किया गया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे साथियों के साथ भी अभद्रता की गई। पुलिस ने भानु की शिकायत पर पवन, मदनपुरी, लोकेश पुरी, कंचन पुरी के विरूद्ध मामला दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष के पवन पिता हिर्देश गिरी ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि रात करीब 8.30 बजे खेत पर भानु मंडलोई व अन्य लोग जेसीबी चलवा रहे थे, जब मेने मना किया तो उन्होने मारपीट की। इस दरमियान बीच बचाव करने आई मेरी मम्मी,नानाजी, मोसी, मामा के लड़के के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने पवन की शिकायत पर भानु मंडलोई व उदय मंडलोई के विरूद्ध मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। घटनास्थल व जमीन संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामले की विवेचना जारी।

# एकलव्य छात्रावास में बदहाली का तांडव, कलेक्टोरेट पहुंचे छात्र

### कलेक्टोरेट पहुंचे छात्र, प्राचार्य की तानाशाही और भ्रष्टाचार के चलते बच्चों को नहीं मिल रहा पौष्टिक भोजन



**गुना।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित शहर के बाईपास स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छात्रावास में अव्यवस्थाओं का घड़ा रविवार को उस वक्त फूट गया, जब अपमान और भूख से तंग आकर सैकड़ों आदिवासी छात्र सडकों पर उतर आए। यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि उन बच्चों की सिसकियों का सैलाब था, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद में अपने घरों से दूर सरकारी छात्रावास में रह रहे हैं। हाथों में तख्तियां लिए और हक की नारेबाजी करते हुए छात्रों का जत्था पैदल ही कलेक्ट्रेट और तहसील कार्यालय की ओर कूच कर गया।

**कीड़े वाली दाल और बेइज्जती का व्यवहार-** प्रदर्शनकारी छात्रों के आरोप रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। छात्रों ने रुंधे गले से बताया कि उन्हें जो भोजन परोसा जा रहा है, वह इंसानों के खाने लायक भी नहीं है। दाल और सब्जी में अक्सर कीड़े निकलते हैं। जब इस बारे में छात्रावास के प्रिंसिपल से शिकायत की जाती है, तो मदद के बजाय उन्हें अपमानित किया जाता है। छात्रों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से पदस्थ प्रिंसिपल का व्यवहार अत्यंत तानाशाही और संवेदनहीन है। छात्रों ने कहा कि हम पढने आए हैं, कीड़े खाने और गालियां सुनने नहीं। यह दर्द कलेक्ट्रेट परिसर में गूँज रहा था। बड़ा सवाल ये है कि इस हॉस्टल के मॉनिटरिंग पॉवर जनजातीय विभाग को हैं इसके बावजूद भी अधिकारी और अफसर इस ओर मुड़ कर भी नहीं देखते।

**कलेक्ट्रेट से हनुमान चौराहे तक संग्राम**

रविवार की दोपहर हनुमान चौराहे और कलेक्ट्रेट परिसर में भारी हंगामे की स्थिति बनी रही। छात्र अपनी मांगों को लेकर अड़ गए कि जब तक भ्रष्ट और लापरवाह प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं होती, तो वे यहाँ से नहीं हटेंगे। हंगामे की सूचना मिलते ही तहसीलदार गौरी शंकर बैरवा प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुँचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन छात्र सीधे कलेक्टर से मिलकर अपना दुखड़ा सुनाने की मांग पर अड़े रहे। रविवार का अवकाश होने के कारण कलेक्टर कार्यालय में मौजूद नहीं थे, जिससे छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया।

**जांच टीम गठित, दो छात्र भी शामिल-** प्रशासनिक हस्तक्षेप और लंबे जद्दोजहद के बाद कुछ प्रतिनिधि छात्रों की वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कराई गई। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस टीम में छात्रावास के दो छात्रों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो खुद अपनी आंखों से व्यवस्थाओं की पोल खोलेंगे।

**सवाल व्यवस्था की नियत पर-** बाईपास स्थित इस एकलव्य छात्रावास की बदहाली ने सरकार के आदिवासी कल्याण के दावों की कलई खोल दी है। छात्रों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि प्रिंसिपल को तत्काल नहीं हटाया गया और भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। फिलहाल छात्र आश्वासन के बाद लौट गए हैं, लेकिन सवाल अब भी बरकरार है कि आखिर कब तक मासूम बच्चों के निवाले में भ्रष्टाचार के कीड़े निकलते रहेंगे? क्या प्रशासन इन बच्चों के चेहरों पर दोबारा भरोसे की मुस्कान लौटा पाएगा?

**ये है कलेक्टर का बयान-** आज एकलव्य विद्यालय के लगभग एक सैकड़ा बच्चे कलेक्टोरेट आए थे। उसमें से कुछ बच्चों का छुट्टी का दिन था इसलिए मैंने बुलाया भी था। छात्रों के अनुसार स्कूल छात्रावास में कुछ मुद्दे हैं जैसे खाना, पानी, टायलेट, मैनेजमेंट को लेकर। मैंने उनका पक्ष सुना। कुछ बच्चों द्वारा मोबाईल रखने को लेकर भी उनका झगड़ा होता रहा है। मैंने डिप्टी कलेक्टर को अधिकृत किया है वह जाएंगे और जांच कर सुधार करेंगे। बच्चों को मैंने समझाया कि अभी 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाएं चल रही हैं तो अभी पढ़ाई पर फोकस करें। पास होने के लिए नहीं पढ़ें अच्छे अंकों के लिए पढ़ें। सरकारी की कई योजनाएं हैं। फिलहाल मैंने बच्चों को वापस भेजा है उम्मीद है बच्चे पढ़ाई पर फोकस करेंगे। उनके मुद्दों का भी निराकरण किया जाएगा।

**न्यूज-कॉलम**

## लग्जरी कार से 40 पेटी अवैध शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** भानपुरा थाना पुलिस ने एक मारुति फ्रोन्क्स कार से करीब 1.94 लाख रुपये मूल्य की 40 पेटी अवैध शराब जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में सउनि सुनील सिंह तोमर व टीम ने मुखबिर की सूचना पर 8-लेन रोड पर घेराबंदी की। गरोठ-सीतामऊ की ओर से आ रही सफेद रंग की मारुति फ्रोन्क्स कार क्र. एमपी 14 जेडएफ 5211 को रोककर तलाशी ली गई। कार की डिक्की और पिछली सीट पर 34 पेटी देसी मसाला और 6 पेटी प्लेन शराब (कुल 360 बल्क लीटर) भरी हुई पाई गई। पुलिस ने मौके से कार चालक रघुवीर सिंह (36) पिता भुवानी सिंह निवासी खेड़ा देवी सिंह और पास बैठे विद्यमान सिंह (32) पिता विक्रम सिंह निवासी माकड़ी माताजी दोनों थाना शामगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किराने के सामान की आड़ में हो रही थी डोडाचूरा की तस्करी

**दलौदा।** मध्यप्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दलौदा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मऊ-नीमच हाईवे पर गौशाला के पास घेराबंदी कर एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें किराने के सामान के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 40 किलो डोडाचूरा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी ओंकार सिंह (45), निवासी तरनतारन (पंजाब) को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1 लाख 40 हजार रुपये नगद भी बरामद हुए। जब्त डोडाचूरा की अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 12 लाख रुपये और ट्रक की कीमत 18 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी शुभम व्यास के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में सउनि प्रमोद सिंह तोमर और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिले की लाडली बहनों के खाते में 22.81 करोड़ की राशि अंतरित

**नीमच।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत 33वीं किस्त का अंतरण तहसील पंधाना जिला खंडवा से रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा लाडली बहनाओ के खातों में राशि का अंतरण किया गया। नीमच जिले में 155772 लाडली बहनाओं को 22 करोड़ 81 लाख रुपए राशि उनके बैंक खातों में जमा हुई है । कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नीमच जिले में सभी 6 परियोजना कार्यालय,1112 आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं द्वारा माननीय मुख्यमंत्री का लाइव कार्यक्रम देखा व सुना गया।

## टाउन हॉल में हस्तशिल्प मेले का शुभारंभ

**नीमच।** शहर के दशहरा मैदान स्थित टाउन हॉल में हैण्डलूम हैण्डीकॉफ्ट हस्तशिल्प प्रदर्शनी मेला का शुभारम्भ हूआ। जिसका योगी युवा वाहिनी राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं भाजपा नेता नारायण सोमानी ने फिता काटकर भव्य शुभारंभ किया द्य इस मौके पर महामंडलेश्वर, समाजसेवी संदीप बाफना जावद, मेला संचालक राहुल गुर्जर एवं श्रीनिवास मिश्रा, प्रमोद पल्ले, जमाल रजा, इरशाद कश्मीरी, एजाज कश्मीरी, फरफान खादी सहित मौजूद थे द्य

## महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों पर लगा श्रद्धांलुओं का लगा ताँता

**नीमच।** शहर के किलेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगीं, जिनमें सभी भक्तगण शिव जी की पूजा और भक्ति में लीन दिखाई दिए। भक्तों ने जलाभिषेक, दीपदान और रुद्राभिषेक में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक अरोरा ने सभी भक्तों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ दी और मंदिर परिसर में 101 क्विंटल खिचड़ी का वितरण कर गरीब और जरूरतमंद लोगों में खुशियाँ बांटी। मंदिर में तीन दिवसीय मेला आयोजित किया।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# तीन जिलों में चैन स्नैचिंग व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रतलाम। जिले के जावरा एवं ताल थाना अंतर्गत चेन स्नेचिंग की वारदात सहित आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं से मंगलसूत्र, पर्स एवं मोबाइल छीनने की लगातार हो रही घटनाओं का रतलाम पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए अंतरजिला स्तर पर सक्रिय चैन स्नैचिंग गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी गया माल भी पुलिस ने जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पिछले वर्ष 5 फरवरी को जावरा, 6 फरवरी को ताल, आलोट तथा बडोद जिला आगर एवं 7 फरवरी को सुसनेर जिला आगर व जीरापुर जिला राजगढ मे महिलाओ के गले से मंगलसुत्र व पर्स व मोबाईल छीनने की घटना में तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काले कलर की पल्सर से अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा ताल थाना की घटना पर थाना ताल पर अपराध क्र 75/26 धारा 304(2) बीएनएस और जावरा की घटना पर थाना जावरा शहर थाना पर अपराध क्र. 42/26 धारा 304(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच मे लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार व एसडीओपी आलोट श्रीमती पल्लवी गौर के मार्गदर्शन मे विभिन्न थानो, सायबर सेल, सीसीटीवी की संयुक्त विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटना के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे ट्रैक किए गए। टीम ने लगातार अलग अलग जिलों में जाकर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपियों का रूट ट्रैक किया।

सीसीटीवी में दिखे आरोपियों के फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से सकुर्लेट किए गए। सायबर सेल टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर आरोपी विजय पिता मुकेश डिण्डोरिया जाति हरिजन उम्र २१ साल निवासी म.नं. 101 गोरेगांव वास्तु विहार कालोनी थाना रातीबड जिला भोपाल, राजा खान पिता आशिक खान जाति पठान उम्र 23 साल निवासी मकान नम्बर 567 नेहरु नगर कोटरा थाना कमलानगर भोपाल, लक्की पिता मृदुन जाति राजपूत 23 निवासी कोलार रोड न्यू अम्बेडकर नगर बंजली थाना कोलार जिला भोपाल, मयंक पिता सुनील कुमार जाति जैन 40 साल निवासी दानेश कुंज कोलार रोड भोपाल को गिरफ्तार कर चोरी गया माल को जप्त किया गया। पुलिस आरोपियों से पुछताछ कर रही है।

आरोपी लक्की के विरुध्द मारपीट , लुट, चोरी,नकबजनी, अवेध शस्त्र रखना ,छेडछाड करना,अवेध वसुली करना जैसे कुल 28 अपराध दर्ज है। आरोपी राजा के विरुध्द चोरी व नकबजनी,बलात्कार जैसे 7 अपराध दर्ज है। आरोपी विजय के विरुध्द लुट, अवेध शराब की तस्करी करना,चोरी करना,नकबजनी जैसे 6 अपराध दर्ज है। आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड के अनुसार जमानत निरस्तीकरण हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

# श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर में भगवान का 11 लाख रुपए के नोटों से भव्य श्रृंगार किया

## 50 क्विंटल लस्सी और 20 क्विंटल खिचड़ी का वितरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व पूरी आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही पूरा शहर शिवमय हो गया है। शहर के अति प्राचीन श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर में भगवान का 11 लाख रुपए के नोटों से भव्य श्रृंगार किया गया है। वहीं, काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर पर 20 क्विंटल साबूदाने की फरियाली खिचड़ी का वितरण देर रात 12 बजे तक किया।

अमृतसागर तालाब किनारे स्थित गढ़कैलाश भगवान मंदिर में लगातार दूसरी बार नोटों से सजावट की गई है। यहां 11 लाख रुपए के नोटों के अलावा सिक्कों से नारियल बनाकर तोरण द्वार भी सजाया गया। दर्शन के लिए सुबह से दोपहर तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। यहां 50 क्विंटल लस्सी की प्रसादी का वितरण किया जा रहा है, जो देर रात तक जारी रहा। मां कालिका माता मंदिर सांस्कृतिक मंच पर सनातन सोशल ग्रुप द्वारा सत्यम-शिवम-सुंदरम् बाबा महाकाल का महारुद्राभिषेक आयोजित किया गया। इसमें 251 यजमानों ने सामूहिक रूप से शामिल होकर अभिषेक किया। महाभिषेक के बाद पूणाहूति और आरती में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय शामिल हुए। पूरे परिसर को भगवा ध्वज से सजाया गया है। यहां 12 शिवलिंगों के साथ एक दिव्य शिवलिंग भी स्थापित किया गया। भक्तों को फरियाली खिचड़ी और श्रीखंड का प्रसाद बांटा गया। राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित प्राचीन श्री काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में शहरवासी जल अर्पित करने पहुंच रहे हैं। शाम को यहां महाआरती होगी। मंदिर परिसर में पूर्व निगम अध्यक्ष दिनेश पोरवाल मित्र मंडल की ओर से ठंडाई और अभिषेक जाट अंबर परिवार की ओर से 20 क्विंटल प्रसादी, आलू चिप्स और गाजर का हलवा बांटा गया।



## डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन के विकास को मिली नई गति

**रतलाम।** डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों में आ रही एक बड़ी बाधा को अब दूर कर लिया गया है। रेलवे द्वारा रक्षा मंत्रालय से विकास कार्यों के लिए मांगी गई भूमि उपलब्ध करा दी गई है तथा संबंधित क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को भी पूरी तरह हटा दिया गया है। डॉ. अम्बेडकर नगर से पातालपानी के मध्य किमी 514/9 से 515/3 तथा किमी 515/22 से 515/26 के बीच अतिक्रमण हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13.45 करोड़ रुपये है। यह संपूर्ण भूमि रक्षा संपदा विभाग द्वारा रेलवे को हस्तांतरित कर दी गई है।इस भूमि के उपलब्ध होने से स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 का विस्तार संभव हो सकेगा, जो वर्तमान में 400 मीटर लंबा है और जिस पर केवल 14 कोच की ट्रेन ही आ सकती है। विस्तार के बाद प्लेटफार्म-4 फुल लेंथ प्लेटफार्म बन जाएगा, जिससे पूरी लंबाई वाली ट्रेनें भी यहां आसानी से आ सकेंगी। इसके साथ ही स्टेशन की लाइन नंबर ५ एवं ६ का भी विस्तार किया जा सकेगा, जिससे ट्रेनों की शंटिंग व्यवस्था बेहतर होगी और परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस सुविधा से भविष्य में इंदौर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के दौरान ट्रेनों को डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन पर शिफ्ट किया जा सकेगा, जिससे इंदौर क्षेत्र में ट्रेन संचालन को बड़ी राहत मिलेगी।

## महाशिवरात्रि पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में रुद्राभिषेक व महाआरती

**रतलाम।** ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से रुद्राभिषेक, हवन एवं पूजन मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पंडित राजेंद्र उपाध्याय एवं पंडित रवि मेहता के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और दिनभर शिवभक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन कर प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्टी प्रकाश चंद्र व्यास, सुनील मेहता, शंकरलाल मालवीय, सुनील राठौर, उषा भार्गव, अशोक सोमानी, भरत सांखला, महेश, कृष्णासिंह राठौड़, सुधांशु सिंह राठौड़, माधवसिंह राठौड़, भरतसिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह भाटी, विपिन त्रिवेदी, मोना त्रिवेदी (एडवोकेट) सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। भक्तों के लिए प्रसादी के रूप में साबूदाने की खिचड़ी एवं खीर का वितरण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। सायंकाल भव्य महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भावविभोर होकर शामिल हुए।

# महाशिवरात्रि पर दूल्हे की तरह सजे अष्टमुखी पशुपतिनाथ, चौथे पहर हुआ शिव-पार्वती विवाह

## नगर के शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब; खिचड़ी व ठंडाई का हुआ वितरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर।



धार्मिक नगरी मन्दसौर में महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर सहित नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। च्हर-हर महादेवज् और ऊ नमः शिवाय के जयघोष से पूरी पशुपतिनाथ नगरी शिवमय हो गई।

मुख्य आयोजन श्री पशुपतिनाथ मंदिर में हुआ, जहाँ तड़के 4 बजे से ही पट खोल दिए गए थे। रुद्राभिषेक के पश्चात भगवान की अष्टमुखी प्रतिमा का दूध, दही, पंचामृत, मेवा और भांग से विशेष अभिषेक किया गया। बाबा भोलेनाथ का मनमोहक अर्धनारीश्वर श्रृंगार किया गया और उन्हें फूलों से बनी विशेष पगड़ी पहनाकर दूल्हे की तरह सजाया गया। रात्रि के चौथे पहर में शिव-पार्वती विवाह की रस्में संपन्न हुईं। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस जवानों और सीसीटीवी कैमरों से पूरे परिसर की निगरानी की। नगर के धर्मराजेश्वर मंदिर में भी भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन लाभ लिए।

भक्ति के साथ-साथ इस बार सामाजिक सरोकार की भी अनूठी मिसाल देखने को मिली। गायत्री परिवार द्वारा संचालित पक्षी बचाओ आन्दोलन अपने १७वें वर्ष में प्रवेश कर गया। इस अवसर पर संयोजक जगदीश पोरवाल के नेतृत्व में मंदिर परिसर में भक्तों को 101 जल-पात्र (सकोरे) निःशुल्क वितरित किए गए। बढ़ती गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं ने अपनी छतों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने का संकल्प लिया। श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में अष्टधातु की श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। पुरुषोत्तम शिवानी एवं पुष्पा पमनानी के सानिध्य में महिला मंडली ने भजनों और मंगल गीतों के साथ शिव-विवाह का उत्सव मनाया। बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर में पांच दिवसीय शिव महोत्सव के तहत हल्दी, मेहंदी और संगीत के कार्यक्रम संपन्न हुए। वहीं भूरिया महादेव मंदिर पर विशेष पूजन के साथ खिचड़ी प्रसादी बांटी गई। पुरानी सब्जी मंडी स्थित भूतेश्वर महादेव और नईआबादी स्थित अमलेश्वर महादेव मंदिर, श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा और महारूद्राभिषेक के आयोजन हुए। पर्व के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक संस्था द्वारा पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया।

# शिवरात्रि पर पिपलिया मंडी में गूंजा आध्यात्मिक संदेश

## ब्रह्माकुमारी केन्द्र में राजयोग से आत्मजागृति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



नगर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र ने भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीके वर्षा दीदी ने शिव के महत्व पर प्रकाश डाला और राजयोग के माध्यम से आत्मिक मिलन का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। प्रातःकालीन मुरली सत्संग में सेवाकेंद्र प्रभारी बीके वर्षा दीदी ने कहा कि विकारग्रस्त विश्व के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर शिव ही प्रकाश का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि सत्कर्म की सच्ची शिक्षा केवल परमात्मा सदाशिव से ही प्राप्त होती है।भौतिक ज्ञान के साथ आध्यात्मिक ज्ञान को समान महत्व देना समय की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में बीके योगिता दीदी ने कहा कि आध्यात्म का मूल उद्देश्य आत्मा का कल्याण है और शिव शब्द स्वयं कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जैसे महाकालेश्वर शिव ने मानवता की रक्षा के लिए विषपान किया, वैसे ही आज राजयोग के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर के काम-क्रोध रूपी विष का नाश कर सकता है। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी योगिता दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में परमपिता शिव मानव जीवन में श्रेष्ठ परिवर्तन का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने सभी को राजयोग अपनाकर जीवन में देवी गुणों को धारण करने और इस शिवरात्रि को आत्मिक मिलन के रूप में मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने शिव ध्वज से आशीर्वाद प्राप्त किया। केन्द्र पर प्रतिदिन प्रातः 8 से 9.30 बजे और सायं 4.30 से 6.39 बजे तक निःशुल्क राजयोग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

मौके पर अनेक लोग उपस्थित थे।सुबह क्लास के बाद शिव बाबा को भोग लगाया गया,दीप प्रज्जवलन व केक कटिंग सेरेमनी के पश्चात पवित्र शिव ध्वज फहराया गया, दीदी के द्वारा सभी को प्रतिज्ञा भी कराई गई।इसके बाद सभी ढोल की थाप पर झूम उठें और शिव बाबा के जन्म दिवस की खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को महाप्रसादी भी वितरित की गई ।



## गोवंश तस्करी एवं हत्या को रोकने हेतु विहिप ने दिया ज्ञापन

**जावरा ।** गोवंश की तस्करी एवं गौ हत्या को प्रदेश में शीघ्र बंद किया जावे। जबकि प्रदेश सरकार के गौ रक्षा संकल्प के बावजूद बै रोक-टोक धडल्ले से गो तस्कर नीडर होकर बड़ी संख्या में गो तस्करी व गौ हत्या कर रहे ।इसको लेकर भारतीय गौवंश रक्षण संवर्धन परिषद के तत्वाधान में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग एवं बजरंग दल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन शनिवार को एसडीएम कार्यालय में दिया। ज्ञापन में बताया कि झाबुआ जिले के मेघनगर तहसील के संजेली ग्राम में मांस मंडी संचालित की जा रही एवं धार जिले में गो तस्करों द्वारा गौ रक्षक कार्यकर्ताओं के विरोध करने पर उन पर फायरिंग भी की जा रही प्रदेश से बड़ी मात्रा में तस्कर गोवंश को महाराष्ट्र एवं बंगाल ले जा रहे हैं । वहीं प्रदेश के मालवा क्षेत्र में भी धडल्ले से मांस का विक्रय हो रहा । मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम की अवहेलना खुलेआम गो तस्कर कर रहे। ज्ञापन में यह भी कहा कि गो तस्करी एवं गौ हत्या पूर्ण रूप से बंद हो जहां गो तस्करी की जानकारी आती है वहां के पुलिस प्रशासन भी पर कार्रवाई हो। गौ हत्यारे पर आ जीवन कारावास हो ।गोचर भूमि एवं चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जावे । इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत नदी से एक ट्राली कचरा निकाला



**मन्दसौर ।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 91वें दिन श्रमदानियों ने केवल नदी के किनारों की सफाई की, बल्कि नदी में उतरकर जमा हुआ कचरा, प्लास्टिक, काई और गंदगी को बाहर निकाला। श्रमदानियों ने मिलकर नदी के आसपास फैली गंदगी को भी साफ किया। विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी की स्वच्छता के लिए चल रहा यह अभियान समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनता जा रहा है। यदि इसी तरह सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आगे आएं, तो निश्चित ही हमारी नदियां पुनः निर्मल और जीवनदायिनी बन सकती हैं । श्रमदान में विधायक विपिन जैन, समाजसेवी हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, अभिषेक तिवारी, विजय आनंद, कैलाश कुमावत, श्रवण मीणा, हरीश मीणा, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, रफत पयामी, कौशल्या त्रिवेदी, राजनारायण लाड़, दिलीप देवड़ा, संजय नाहर, अजय सोनी, रमेश ब्रिजवानी, महेश गुप्ता, मनोहर नाहटा, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या आदि उपस्थित रहे ।

## बीजेएस मन्दसौर चैप्टर को मिले प्रतिष्ठित उत्कृष्टता अवार्ड




**मन्दसौर।** भारतीय जैन संगठना (बीजेएस) मन्दसौर चैप्टर को उज्जैन में आयोजित बीजेएस के राज्य अधिवेशन में विभिन्न श्रेणियों में प्रतिष्ठित उत्कृष्टता अवार्ड से नवाजा गया, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। चैप्टर की अध्यक्ष श्वेता पोरवाल ने बताया कि अधिवेशन में मन्दसौर चैप्टर की सक्रियता और रिपोर्टिंग को सर्वोपरि माना गया। चैप्टर को बेस्ट वूमेन लीडरशिप चैंपियन, बेस्ट एक्टिव वूमेन चैप्टर अवॉर्ड, बेस्ट रिपोर्टिंग ऑफ द ईयर, बेस्ट एक्सीलेरेशन चैप्टर, वाइब्रेंट चैप्टर ऑफ द ईयर (फर्स्ट रनर अप) का अवार्ड दिया गया। श्रीमती पोरवाल ने बताया कि यह सम्मान मन्दसौर चैप्टर द्वारा वर्ष भर किए गए ठोस कार्यों का परिणाम है। चैप्टर ने पूरे वर्ष में 66 प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक संपन्न किए। साथ ही, 13 में से 12 फाउंडेशन प्रोग्रामों का संचालन किया गया। विशेष रूप से स्मार्ट गर्ल सेमिनार कैंप के सफल आयोजन को राज्य स्तर पर सराहना मिली।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार



**मन्दसौर।** महू-नीमच हाईवे पर रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार पति-पत्नी की जान चली गई। तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने दंपती की स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, पिपलिया जोधा निवासी दिनेश महाजन (57 वर्ष) अपनी पत्नी विमला बाई (55 वर्ष) के साथ स्कूटी से पिपलिया की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 4 बजे चौपाटी क्षेत्र में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दिनेश महाजन की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी विमला बाई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी रघुनंदन नागदा निवासी विथलवास, नीमच को राउंडअप कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना से पिपलिया जोधा और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।



## एकीकृत मा.वि. पर्वतखेड़ा में कक्षा 8वीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित

**महिदपुर।** महिदपुर शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पर्वतखेड़ा में कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से उपहार व शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई एवं करियर मार्ग दर्शन दिया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर बच्चों को विशेष भोजन भी कराया गया। छात्राओं द्वारा विद्यालय को महापुरुष की तस्वीर भेंट की गई। इस अवसर पर विद्यालय में अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षक साथी अशोक कुमार जैन, शाला प्रभारी प्रकाशसिंह पवैया, शिक्षक राहुल कुमार माल ,नसीरउद्दीन नागोरी एवं अतिथि शिक्षक भंवरलाल राठौर, अंकित दसोरा साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी कपिल जोशी ने दी।

## पुलिस जवानों की तत्परता से मोटरसाइकिल चोरी होने से बची



**महिदपुर रोड।** नगर पुलिस थाने में पदस्थ आरक्षक मनीष व्यास (80)को उनके सहयोगी कमलेश चौहान (1589), सैनिक विकास मालवीय (1169) द्वारा शनिवार की सुबह टापरी मोहल्ला (सुदामा नगर) निवासी इंदर लाल की मोटर साइकिल चोरी होने की घटना की तत्काल पुलिस को फरियादी कृष्णा पति इंदर लाल द्वारा अपनी मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स एमपी 13 ठ - 14 92 अपने घर के बाहर से चोरी होने की सूचना दिये जाने पर पुलिस ने घेराबंदी कर स्टेशन मार्ग पर बदमाश मोटर साइकिल लावारिस स्थिति में खड़ी कर भाग निकले पुलिस ने घटनास्थल से मोटरसाइकिल बड़ा मत कर परिजनों के सुपुर्द की फरियादी इंदर लाल तथा उसकी पत्नी कृष्णा भाई मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं पुलिस ने फरियादी दंपति को थाने पर बुला कर सामान्य कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर मोटरसाइकिल उन्हें सौंप दी।

## नाली निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से मजदूर की मौत दूसरा गंभीर घायल

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के लीमा चौहान थाना अंतर्गत ग्राम निपानिया में प्रधानमंत्री रोजगार सड़क निर्माण योजना के तहत



नाली निर्माण कार्य के दौरान साइड की कच्ची दीवार की मिट्टी अचानक धंस गई, जिससे दो मजदूर संजू पिता देवीराम बंजारा और सानू पिता अमरसिंह बंजारा मिट्टी में दब गए। दोनों मजदूर ग्राम हरिपुर थाना नजीराबाद जिला भोपाल के निवासी हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना लीमा चौहान पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस बल एवं दो जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू प्रारंभ किया। पुलिस टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दोनों मजदूरों को बाहर निकाला गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक अमितेंद्र रघुवंशी एवं दिवाकर वर्मा ने मौके पर ही सीपीआर प्रदान कर सानू पिता अमरसिंह बंजारा की सांसें पुनः चालू कर उसे जीवनदान दिया। तत्पश्चात उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। वही एक अन्य मजदूर संजू पिता देवीराम बंजारा को मृत अवस्था में निकाला गया। शव का पोस्टमार्टम कराया तथा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## नारानिया गांव में तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित



**सारंगपुर।** नारानिया गांव में तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वर पक्ष की ओर से समाजसेवी शिवनारायण रहे। वधू पक्ष की ओर से फूलसिंह पटेल नारानिया द्वारा विवाह आयोजित किया गया। जिसमें सभी ग्रामीणों के सहयोग से शिवनारायण बारात लेकर पहुंचे। जिसका जगह जगह ग्रामीणों ने भगवान सालिगराम की की बारात का स्वागत किया। बारात में दूल्हा बने सालिगराम की महाराज को बैंड बाजे के साथ नाचते हुए तुलसी माता के पिता बने फूलसिंह पटेल के घर पहुंचे जहां बारात की भव्य आगवानी हुईं और अनुमानि सामुनि को रश्म अदा की गई। सालिगराम तुलसी विवाह में हजारों लोग शामिल हुए, जिसमे सभी में सहभोज किया। अध्यात्म और धार्मिक कार्यक्रम से गांव खुशियां छा गई, हर घर में जैसे कोई त्योहार हो मेहमानों के साथ बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जहां वैदिक रीतिनीति से सालिगराम की का अग्नि को साक्षी मानकर तुलसी माता के साथ फेरे लिया और विदाई में तुलसी के पिता ने सभी मेहमानों का साफा पहनाकर विदाई दी।

लापरवाही: नपा अफसरों का ध्यान नहीं

# शहर को गंदा रखने के साथ प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड

### ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाने पर लाखो खर्च, मशीनें मंगाई पर ट्रीटमेंट प्लांट शुरू नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



सारंगपुर नगर पालिका द्वारा नगर को साफ-स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए लाखो रुपए की लागत से ट्रेंचिंग ग्राउंड की नींव रखी गई थी। ताकि पूरे नगर से निकलने वाले कचरे को उठाकर यहां डंप कर कचरे से खाद जैसे अन्य प्रोजेक्ट तैयार किए जा सकें। लेकिन इस राशि से ट्रेंचिंग ग्राउंड तो बना दिया गया, कचरे का निबटान कर उससे खाद बनाने के लिए मशीन मंगाई गई लेकिन ट्रीटमेंट प्लांट आज तक शुरू नहीं किया गया। जबकि इस योजना के तहत शहर से निकलने वाला कचरा साफ होने के साथ ही नगरपालिका की आय में भी वृद्धि होना थी और दर्जनों लोगों को रोजगार मुहैया कराया जाना था। लेकिन वर्तमान में यह ट्रेंचिंग ग्राउंड नगर पालिका की उदासीनता के चलते नगर के लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। क्योंकि इस ग्राउंड में जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जो सड़को पर परेशानी पैदा कर रहे है। जिन्हें आग लगाकर नष्ट किया जा रहा है। ऐसे में धुंए के गुबार उठने से पूरे शहर में प्रदूषण फैलता है तथा बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। वही हाइवे से निकलने वाले वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत बनता है।

#### संक्रमण फैलने का खतरा

ट्रेंचिंग ग्राउंड में मशीनें मंगाई जा चुकी है लेकिन ट्रीटमेंट प्लांट शुरू नहीं किया। देखरेख नहीं होने से यहां चारो ओर भयंकर गंदगी पसरी है। यहां आवारा मवेशी ट्रेंचिंग ग्राउंड में पसरी गंदगी को न केवल बढावा दे रहे हैं, बल्कि ट्रेंचिंग ग्राउंड आवारा मवेशियों का प्रमुख ठिकाना बना हुआ है। नगर पालिका द्वारा नगर के इन प्रमुख मार्गों पर डंप किया जा रहा कचरा नगर पालिका के कर्मचारी नगर के 18 वाडों में सफाई करने के बाद प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगा देते हैं। इनमें नेशनल हाइवे बायपास से शहर को जोड़ने वाली सडक प्रमुख हैं। इस मार्ग के किनारे कचरे को इस तरह डंप किया गया है। इन इलाकों में लगातार प्रदूषण बढ रहा है तथा लोगों को बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। गंदगी के कारण इन मागों से गुजरने वाले राहगीर व यात्री भी काफी परेशान हैं। वर्तमान में ट्रेंचिंग ग्राउंड की हालत बहुत खराब है। यह असामाजिक घुस आते हैं और शराब, जुआ जैसी गतिविधियां संचालित करते हैं।

#### कचरे का निष्पादन जैविक खाद बनना था

शहर के टेंचिंग ग्राउंड पर एकत्रित कचरे का निष्पादन करने एवं कचरे से जैविक खाद आदि बनाने के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किए इतना ही नहीं टेंचिग ग्राउंड पर गिला कचरा सूखा कचरा सहित प्लास्टिक पॉलीथिन आदि का अलग अलग भंडारण कर निष्पादन हेतु लाखों रुपए की मशीनें उपलब्ध कराई गई ताकि शहर कचरा एवं प्रदूषण मुक्त हो। लेकिन उस कचरे के निष्पादन की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। कचरा निष्पादन के लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विभिन्ना प्रकार की मशीनें राज्य शासन की और से उपलब्ध कराई गई थी ताकि शहर कचरा मुक्त दिखे लेकिन जो मशीनें उपलब्ध ही थी उन मशीनों को नगर के पुराने फिल्टर प्लांट प्रांगण में शो पीस के रूप में रखवाई गई है उन पर वर्षो से धूल जम रही हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है।

> **बोले जिम्मेदार**
>
> सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है। ट्रेचिंग ग्राउंड के लिए टेंडर जारी हुआ है जल्द ही मशीनें लगाई जाएगी।
>
> **ज्योति सुनहरे, सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर**

श्री मंडोदाजी तीर्थ में दो दिवसीय विशाल जैन मेला 22 से

# धर्म-कर्म: मालवा के प्रसिद्ध तीर्थ में होंगे धार्मिक कार्यक्रम, पहुंचेंगे यात्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



शहर से 8 किमी दूर स्थित ग्राम मंडोदा में मालवा प्रसिद्ध पार्श्वनाथ भगवान के जिनालय वर्षगांठ निमित्त श्री जिनेद्र भक्ति महोत्सव विशाल जैन 2 दिवसीय मेले का आयोजन 22 फरवरी से होगा जो 23 फरवरी तक चलेगा। इसमें श्रीमंडोदा पार्श्वनाथ तीर्थ का शास्त्रविहित प्रतिमा उत्थापन होगा।

मंडोदा में 534 वर्ष प्राचीन एवं ऐतिहासिक देवाधिदेव श्रीपार्श्वनाथ भगवान की अत्यंत नयनानंदकारी एवं आलोकिक प्रतिमा विराजमान है। यह हर साल जिनालय वर्षगांठ निमित्त दो दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम होंगे। सारंगपुर से पैदल यात्रा मंडोदा तीर्थ पहुंचेगी। जहां सुबह की नवकारसी, सत्तर भेंदी पूजन एवं शाम का स्वामीवात्सल्य होगा। 23 फरवरी को दोपहर बाद प्रभु पार्श्वनाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। वही सुबह का नाश्ता एवं परम पुज्य दादागुरू देव की पूजन एवं शाम का स्वामी वात्सल्य होगा। विधिकारक के रुप में पंकज चौपड़ा खाचरोद रहेंगे। ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाजजनों से समिति अध्यक्ष अरुण सिंघवी, सचिव विनय बरडिया, कोषाध्यक्ष सुधीर श्रीमाल, उपाध्यक्ष गेंदमल भरमतिया, सह सचिव महेंद्र बड़ेरा ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

#### यह रहेंगे लाभार्थी

22 फरवरी को सुबह की नवकारसी के लाभार्थी राजेंद्र कुमार जैन स्व. हंसादेवी, संजय कुमार दिपिका, हार्दिक, दिव्यांश जैन बुरड परिवार इंदौर। सत्तरभेदी पूजा एवं शाम का स्वामीवात्सल्य के लाभार्थी श्रीमंडोदा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर तीर्थ मूर्तिपूजक ट्रस्ट एवं समिति सदस्य मंडोदा तीर्थ रहेंगे। 23 फरवरी को सुबह की नवकारजी प्रातः पू. दादा गुरुदेव की पूजन एवं शाम का स्वामीवात्सल्य के लाभार्थी स्व सेठ हजारीमल, स्व. मनोरमा देवी, स्व. हेमराजजी, स्व. मुलीबाई, स्व चिंतामण, स्व कुसुमलता, स्व. विरेंद्र , स्व. कमल सिंघवी की स्मृति में समस्त सिंघवी परिवार नलखेडा की और से रहेगा।

जमीन विवाद में पत्नी की हत्या

## आरोपी पति को चंद घंटों में गिरफ्तार किया

**सुसनेर।** ग्राम सालरिया में जमीन विवाद के चलते हुई पत्नी की हत्या के मामले में सुसनेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी रतनसिंह पिता रामलाल सौंधिया (36) निवासी सालरिया ने जमीन विवाद के दौरान अपनी पत्नी दुगार्बाई पर चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन तत्काल सिविल अस्पताल सुसनेर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी देवनारायण यादव के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक केशर राजपूत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में उनि. आलोक परेटिया, एम.ए. खान, केशरसिंह गिरोठिया, सुमेरसिंह मीणा, सउनि धर्मेन्द्र पाटीदार, जितेन्द्र झा, अरविन्दसिंह तोमर, अनिल शर्मा, नारायण पुरी, प्रधान आरक्षक जीवनसिंह, बालकृष्ण भगवानसिंह त्रिकार, महेश पाटीदार, भगवानसिंह दांगी, आरक्षक पलाश नागर, गिरीराज जामलिया, देवेन्द्र गुर्जर, पवन जावरिया, रामेश्वर यादव एवं सैनिक विक्रम मुकाती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से जेल भेज दिया गया।

## राजस्व कार्यों में लापरवाही पर दो पटवारी निलंबित

**गुना।** अनुविभागीय अधिकारी गुना श्रीमति शिवानी पाण्डेय द्वारा राजस्व वसूली एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर दो पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। नायब तहसीलदार वृत्त म्याना द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जारी आदेशानुसार पटवारी राधेश्याम शर्मा द्वारा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नहीं की गई तथा सीमांकन, सीएम हेल्पलाइन, फार्मर आईडी एवं अन्य राजस्व कार्यों में भी लापरवाही पाई गई। इसी प्रकार पटवारी रविंद्र आर्य द्वारा भी निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम वसूली की गई और शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता बरती गई।

दोनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला पाया गया। इसके आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1066 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दोनों पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय कानूनगो शाखा, तहसील गुना नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में संबंधित हल्कों का अतिरिक्त प्रभार पटवारी श्री नवीन रघुवंशी एवं सुनील रघुवंशी को सौंपा गया है।

राज्यमंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 5 पंचायतों को दी

# 1.76 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़



क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भवानीपुरा, रामगढ़, पुराबरायठा, पांजरा एवं पगारा में लगभग 1 करोड़ 76 लाख रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इन पंचायतों में पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल, सीसी रोड, पेवर्स कार्य एवं सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को आवागमन, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनसुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी।

इस दौरान राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि हमारा प्रत्येक कार्य जनता जनार्दन की मांग और आवश्यकता के अनुरूप होता है। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण से जहां किसानों और विद्यार्थियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं सामुदायिक भवन सामाजिक गतिविधियों और जनसंपर्क का सशक्त केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख लगातार मजबूत हुई है। पंवार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना ही आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। गांव मजबूत होंगे तो प्रदेश और देश मजबूत होगा। इसी सोच के साथ सरकार बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि उन्नयन और स्थानीय रोजगार सृजन पर निरंतर कार्य कर रही है। श्री पंवार ने प्रखर राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अंत्योदय की भावना ही हमारी नीति और नीयत दोनों का आधार है।



## 7 साल से फरार 4.10 लाख रुपए के वसूली वारंटी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ जिले में पुलिस कप्तान अमित तोलानी के द्वारा फरार आरोपी, स्थाई वारंटियो, वसूली वारंटियों की धरपकड हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत एसडीओपी नरसिंहगढ सुश्री नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि. देवेन्द्र राजपूत के द्वारा मुकेश पिता अमृतलाल राजपूत निवासी पुरानी पचोर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। न्यायालय नरसिंहगढ़ सीआरपीसी में वसूली गिरफ्तारी वारंटी मुकेश पिता अमृतलाल राजपूत निवासी पुरानी पचोर का न्यायालय नरसिंहगढ़ द्वारा 410000 रुपए का वसूली, गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जो काफी लंबे समय से फरार चल रहा था जिसको मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर वारंटी के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## उज्जैन में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का भावनात्मक समापन




**महिदपुर।** जिला चिकित्सालय उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित डोनर मोटिवेशन एवं रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज भावनात्मक वातावरण में समापन हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवा और मानवता के लिए समर्पित अनेक संस्थाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर निस्वार्थ सेवा देने वाले महिदपुर हेल्थ एंड ब्लड डोनेशन ग्रुप के संचालक शाहिद मंसूरी लारा एवं सक्रीय सदस्य इसहाक मंसूरी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा जरूरतमंदों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों और जीवनदायी रक्तदान अभियानों का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी अनजान जीवन के लिए उम्मीद की किरण है। समापन अवसर पर सभी समाजसेवी संगठनों के प्रयासों की सराहना करते हुए मानवता की सेवा को सर्वोपरि बताया गया।

## मुख्यमंत्री ने जिले की लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित की



**आगर मालवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वाराशनिवार को खंडवा जिले के पंधाना से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर आगर मालवा जिले की 1,13,838 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में कुल 16,75,83,800 रुपये की राशि अंतरित की गई। जिले में इस अवसर पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां लाड़ली बहनों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना। मासिक किस्त की राशि प्राप्त होने पर लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** स्थानीय विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भूमका के अंतर्गत आने वाले सुस्याहेड़ी गाँव में कई वर्षों से जगह-जगह पानी जमा रहता है। जो ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब का बना हुआ है। इसी के चलते शनिवार को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को ज्ञापन दिया। जिसमे ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में फैली गंदगी से बीमारी होने की संभावना हर समय बनी रहती है। कई वर्षों से इस जगह पानी जमा रहता है फिर भी इस ओर ध्यान किसी का नहीं जा रहा है। हमारे मोहल्ले में वर्षो से गंदगी की समस्या बढती जा रही है। सडकों पर कूडे-कचरे के ढेर लगे रहते हैं, नालियाँ जाम हैं, और जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। इससे न केवल हमारे मोहल्ले की सुंदरता कम हो रही है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन गया है। गंदगी के कारण हमारे मोहल्ले में मक्खियों, मच्छरों और अन्य कीडों की संख्या बढ गई है, जिससे बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ; गया है। इसके अलावा, गंदगी के कारण हमारे मोहल्ले में बदबू भी फैल रही है, जिससे हमें सांस लेने में भी परेशानी हो रही है।

# अप्रैल से लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, संसद से मंजूरी का इंतजार

**पिछले साल जुलाई में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 में लागू होने की संभावना है। हालांकि इस समझौते पर ब्रिटिश संसद की मुहर लगना अभी बाकी है।**

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच पिछले वर्ष जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष इस समझौते को इसी वर्ष अप्रैल से प्रभावी करने की उम्मीद कर रहे हैं। 24 जुलाई 2025 को हुए इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश कर सकेंगे। वहीं भारत में कार और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया जाएगा।

## समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी

अधिकारी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन ने डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे अस्थायी कर्मचारियों को किसी भी देश में सामाजिक अंशदान दोबारा नहीं देना पड़ेगा। संभावना है कि दोनों समझौते एक साथ लागू किए जाएं। समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी है। भारत में ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलती है। ब्रिटिश संसद की मंजूरी के बाद आपसी सहमति से लागू होने की तारीख तय की जाएगी।

ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में इस सप्ताह की शुरूआत में भारत-ब्रिटेन सीईटीए पर चर्चा हुई। व्यापार एवं उद्योग विभाग में राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट ने लेबर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि यह समझौता बड़ी उपलब्धि है और इससे ब्रिटेन के कारोबार के लिए भारत के बाजार के दरवाजे पहले से कहीं अधिक खुलेंगे।

संसदीय प्रक्रिया के तहत समझौते पर दोनों सदनों- हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में बहस होगी तथा संबंधित समितियां इसके सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगी। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक दुनिया की पाँचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं भारत और ब्रिटेन के बीच 56 अरब डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

### भारत में आएंगे ये ब्रिटिश उत्पाद

समझौते के तहत भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट और प्रसाधन सामग्री जैसे उपभोक्ता उत्पादों के लिए अपना बाजार खोला है, जबकि भारत को वस्त्र, जूते, रत्न-आभूषण, खेल सामग्री और खिलौनों जैसे निर्यात उत्पादों के लिए ब्रिटेन में अधिक पहुँच मिलेगी।

स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क तुरंत 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे घटाकर 40 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत पाँच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक लाएगा। इसके बदले भारतीय वाहन निमार्ताओं को निर्धारित कोटा व्यवस्था के तहत विद्युत और हाइब्रिड वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार में प्रवेश मिलेगा।

**अमेरिका-भारत ट्रेड डील के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। फरवरी महीने में विदेशी निवशक भारतीय बाजार में लौटे हैं।**

# भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की दमदार वापसी, आया 19,675 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** फरवरी की शुरूआत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में मजबूत वापसी दर्ज की है। महीने के पहले पंद्रह दिनों में ही उन्होंने 19,675 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया। लगातार तीन महीनों तक हुई भारी बिकवाली के बाद अब घरेलू बाजार में उनकी रुचि फिर बढ़ती दिख रही है। विशेषज्ञ इसके पीछे अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की उम्मीदों और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में आई नरमी को प्रमुख वजह मान रहे हैं।




## नए आंकड़े

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीनों में एफपीआई ने भारतीय बाजार से बड़ी मात्रा में बिकवाली की थी।

जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपए, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपए और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपए निकाले थे।

लगातार निकासी से घरेलू शेयर बाजार पर दबाव बना रहा और इससे वैश्विक निवेशकों की सतर्क सोच भी झलकती रही।

साल 2025 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल मिलाकर 1.66 लाख करोड़ रुपए (लगभग 18.9 अरब डॉलर) निकाल चुके हैं।

## फरवरी में बदली स्थिति

यह आंकड़े हाल के वर्षों में विदेशी निवेश के लिहाज से सबसे कमजोर दौरों में से एक माना जा रहे हैं। बिकवाली की बड़ी वजहों में रुपए में उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिका की संभावित टैरिफ नीतियों की चिंता और भारतीय बाजार में ऊंचे शेयर मूल्य शामिल रहे। हालांकि, फरवरी में सुधार के संकेत दिखे हैं। 13 फरवरी तक हुई 11 ट्रेडिंग सत्रों में से 7 दिन एफपीआई ने खरीदारी की, जबकि 4 दिन उन्होंने बिकवाली की। ज्यादातर दिनों में खरीदारी के बावजूद इस महीने अब तक के आंकड़े बताते हैं कि एफपीआई ने कुल मिलाकर 1,374 करोड़ रुपए के शेयर शुद्ध रूप से बेचे हैं।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि हालिया निवेश से विदेशी निवेशकों का भरोसा बेहतर होता दिख रहा है, लेकिन इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए वैश्विक बाजारों में स्थिरता और व्यापार व मौद्रिक नीतियों पर स्पष्टता जरूरी होगी।

इसी बीच, शुक्रवार (13 फरवरी) को भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए। कमजोर वैश्विक संकेतों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संभावित असर को लेकर बढ़ती चिंताओं का असर बाजार पर दिखा। इस दौरान, बीएसई का प्रमुख सूचकांक 1,048 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ। तो वहीं, एनएसई निफ्टी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत गिरकर 25,471.10 पर बंद हुआ।

**10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने मिलाया हाथ**

# वैश्विक स्तर पर मुहैया कराएंगे भरोसेमंद तकनीक

**नई दिल्ली।** तकनीक को लेकर वैश्विक सीमाओं से परे भरोसा और उच्च मानक कायम करने के लिए 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने हाथ मिलाया है। अफ्रीका, एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका की इन अग्रणी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। समान सोच वाले वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रदाताओं के इस समूह में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान टीटीए का ऐलान किया गया, जिसका उद्देश्य कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करना है। इसके संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी समेत 15 कंपनियां शामिल हैं।



## सुरक्षित ढांचे के लिए परस्पर सहयोग जरूरी

माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमैनऔर प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है।

## पांच प्रमुख सिद्धांतों पर काम करेगा टीटीए

टीटीए के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट गवर्नेंस और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी शामिल है।



**भारत महिला टीम ने पहले महिला टी20 में ऑस्ट्रेलिया महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को डीएलएस नियम के तहत 21 रन से हराया। अरुंधति रेड्डी की चार विकेट की घातक गेंदबाजी और बारिश से प्रभावित मुकाबले में मजबूत स्थिति ने भारत को जीत दिलाई।**

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत का जीत से आगाज, मेजबानों को 21 रन से हराया

**सिडनी।** भारत महिला टीम ने बारिश से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) नियम के तहत 21 रन से हराकर शानदार शुरूआत की। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की घातक गेंदबाजी इस जीत की सबसे बड़ी वजह रही। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।




## ऑस्ट्रेलिया की पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की और 2.2 ओवर में 22 रन बना लिए। हालांकि, रेणुका सिंह ने बेथ मूनी (5) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद जॉर्जिया वोल (18) भी जल्दी पवेलियन लौट गईं।

एलिस पैरी (20) और फोएबे लिचफील्ड (26) ने तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अरुंधति की गेंद पर पैरी का शानदार कैच लेकर इस साझेदारी को तोड़ा।

दीप्ति शर्मा ने एशले गार्डनर (4) को आउट किया, जबकि अरुंधति ने लिचफील्ड को चलता किया।

10 ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 5 विकेट पर 80 रन हो गया था। इसके बाद जॉर्जिया वेयरहम (30) और निकोला कैरी (12) ने छठे विकेट के लिए 41 रन जोड़े और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

लेकिन 14वें ओवर में अरुंधति ने वेयरहैम को आउट कर साझेदारी तोड़ी।

श्री चरणी ने अगले ओवर में कैरी को पवेलियन भेजा। अरुंधति रेड्डी ने 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को 18 ओवर में 133 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच विकेट मात्र 12 रन के भीतर गंवा दिए।

## भारत की पारी

134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत भी आक्रामक रही। शेफाली वर्मा ने 11 गेंदों में 21 रन बनाए, लेकिन नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर आउट हो गईं।

इसके बाद उपकप्तान स्मृति मंधाना (नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 9) ने तेजी से रन जुटाए। भारत ने 5.1 ओवर में 50 रन बना लिए थे कि तभी बारिश आ गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

डीएलएस नियम के अनुसार 5.1 ओवर के बाद बराबरी का स्कोर 29 रन था, जबकि भारत 50 रन बना चुका था। इस आधार पर भारत को 21 रन से विजेता घोषित किया गया।

इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में शानदार आगाज किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की अगुवाई में नए दौर की शुरूआत कर रहा है।

# भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बरकरार रखी नो हैंडशेक नीति, सूर्यकुमार ने नहीं मिलाया हाथ

**कोलंबो।** भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में नो हैंडशेक नीति बरकरार रखी है। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाए। भारत ने पिछले साल एशिया कप से ही चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यह नीति रखी है जिसे विश्व कप में भी जारी रखा है। इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि भारतीय टीम का रुख क्या होगा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाए। यह तय माना जा रहा था कि भारत नो हैंडशेक की नीति जारी रखेगा और उम्मीद के अनुरूप सलमान को नजरअंदाज किया। भारत ने एक बार फिर अपनी नीति स्पष्ट रखी है कि वो सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट का मुकाबला खेलेगा।

मैच से पहले सूर्यकुमार यादव ने संकेत दिए थे कि भारत के रवैये में कोई बदलाव नहीं होगा। सूर्यकुमार ने पूरी तरह पत्ते नहीं खोले थे, लेकिन उनकी बातों से लगा था कि भारत नो हैंडशेक नीति जारी रखेगा। यह बात तब साफ हो गई थी जब सूर्यकुमार और सलमान में से किसी ने भी हाथ मिलाने का वादा नहीं किया था, जबकि पाकिस्तान के कप्तान ने कहा कि वह क्रिकेट की भावना को बनाए रखना चाहेंगे।

# नॉकआउट मैच में केएल राहुल का धमाका, दामाद के शतक पर जश्न में डूबे सुनील शेट्टी

**लखनऊ।** रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले में केएल राहुल का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 2025-26 सीजन के सेमीफाइनल में उत्तराखंड के खिलाफ शानदार शतक जड़कर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। यह मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जा रहा है।

## पहले दिन राहुल का दमदार प्रदर्शन

राहुल ने कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ पारी की शुरूआत संभलकर की। हालांकि नौवें ओवर में आदित्य रावत ने मयंक (5 रन) को आउट कर कर्नाटक को झटका दिया। इसके बाद राहुल ने मोर्चा संभाला और देवदत्त पडिक्कल के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले सत्र में संयम से खेलने के बाद दूसरे सत्र में राहुल ने आक्रामक रुख अपनाया और 153 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह इस सीजन के नॉकआउट मुकाबलों में उनका लगातार दूसरा शतक है।




## फर्स्ट क्लास करियर में 25वां शतक

यह राहुल के फर्स्ट क्लास करियर का 25वां शतक है। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में मुंबई के खिलाफ उन्होंने 130 रन की पारी खेली थी। 119वें फर्स्ट क्लास मैच में राहुल ने 8,880 से ज्यादा रन बना लिए हैं। उनका औसत 44 से अधिक है, जिसमें 41 अर्धशतक और 25 शतक शामिल हैं।

## दामाद के शतक पर ससुर के रिएक्शन ने लूटी महफिल

राहुल की इस पारी के बाद सोशल मीडिया पर जश्न का माहौल है। उनके ससुर और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी भी दामाद के शतक पर खुशी से झूमते नजर आए, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। राहुल ने टेस्ट क्रिकेट में 67 मैचों में 4,053 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक और 20 अर्धशतक शामिल हैं। इनमें से 10 शतक बतौर ओपनर आए हैं। भारत के लिए टेस्ट में ओपनर के रूप में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ सुनील गावस्कर (33), वीरेंद्र सहवाग (22) और मुरली विजय (12) ने लगाए हैं।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### डीएवीवी के पूर्व कुलपति डॉ. भरत छापरवाल का निधन

**इंदौर।** इंदौर के पूर्व कुलपति, वरिष्ठ शिक्षाविद् और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन डॉ. भरत छापरवाल का रविवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे।



डॉ. छापरवाल शिक्षा के क्षेत्र से लंबे समय तक जुड़े रहे और अपने कार्यकाल में उन्होंने अकादमिक गुणवत्ता, अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता को विशेष प्राथमिकता दी। डॉ. छापरवाल को एक सरल, सुलझे हुए और दूरदर्शी शिक्षाविद् के रूप में जाना जाता था। उन्होंने विश्वविद्यालयीन शिक्षा को समाज से जोड़ने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कीं। उनके नेतृत्व में शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिली और शोध, नवाचार तथा मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा मिला। उनके निधन पर शिक्षा जगत से जुड़े कई वरिष्ठ शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और पूर्व छात्रों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### पालतू डॉग को खिलाने के बहाने युवक ने छात्रा से की छेड़छाड़

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी डॉग को खिलाने के बहाने घर के बाहर पहुंचा और छात्रा के साथ गलत हरकत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 19 वर्षीय सेकंड ईयर की छात्रा की शिकायत पर राजू पुत्र हेमराज लुनिया, निवासी श्रद्धासबुरी कॉलोनी, के खिलाफ शनिवार को छेड़छाड़ और धमकाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह घर पर रहती है, जबकि उसकी मां नौकरी करती हैं। उनके घर का पालतू डॉग बाहर बंधा हुआ था। आरोपी राजू, जो पास में ही रहता है, शनिवार को डॉग को खिलाने के बहाने वहां पहुंचा और डॉग के साथ खींचतान करने लगा। डॉग के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब छात्रा बाहर आई और आरोपी को डॉग को परेशान करने से मना किया, तो आरोपी ने उसके हाथ को गलत तरीके से छुआ और कहा कि डॉग तो सिर्फ बहाना है, वह उसे देखने आया था। इसके बाद आरोपी ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और उसके छाती पर गलत तरीके से स्पर्श किया। छात्रा के चिल्लाने पर आरोपी वहां से जाने लगा और धमकी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद छात्रा ने अपनी मां को मोबाइल पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। मां के घर पहुंचने के बाद दोनों ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# कारखाने के कर्मचारी की हत्या में दो पकड़ाए

## शराब पीने के बाद उतारा था मौत के घाट, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पकड़े आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा में 11 फरवरी (बुधवार) को एक कारखाने के कर्मचारी का शव रेलवे पटरी के पास पड़ा हुआ मिला था। उसकी गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस ने इस मामले में अवैध सबंध, लूट और रजिंश को लेकर जांच की। कई फुटेज देखने के बाद दो हत्यारों की पुलिस ने पहचान कर उन्हें पकड़ा है।

डीसीपी राजेश व्यास ने भागीरथपुरा में हुई खोजराम नारगे की हत्या के मामले में अलग-अलग टीमें बनाई थी। जिसमें खुलासा करते हुए दो आरोपी भरत निवासी भागीरथपुरा और उसके साथी को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक शराब पीने के दौरान उनका विवाद हुआ था। इसके चलते दोनों ने खोजराम की हत्या कर दी। आरोपी हत्या करने के बाद भाग गए थे। पुलिस की टीमें लगातार जानकारी जुटा रही थी। इसके बाद दोनों आरोपियो को हिरासत में लिया गया। खोजराम मूल रूप से छतीसगढ़ का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, बच्चे और बहन है। हत्या की सुबह बहन ने ही मौके पर जाकर भाई के शव की पहचान की थी। उसने बताया था कि परिवार एक फ्रेम बनाने के कारखाने में काम करता है। 10 फरवरी की रात भाई खोजराम ने शराब पी थी। वह मटन लेने की बात कर दुकान पर गया था। लेकिन वापस नहीं आया। अफसर इस हत्याकांड को लेकर और खुलासे करेंगे।



### लोडिंग वाहन की छत से गिरकर ड्राइवर की मौत, अस्पताल में इलाज में देरी का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के पलासिया इलाके में लोडिंग वाहन की छत से गिरने से एक ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान साजिद (25) पुत्र शेख जफर, निवासी अकोला (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार को विनोबा नगर में हुई। बताया गया कि साजिद कुछ दिन पहले ही पानी सप्लाई का काम करने वाले व्यापारी अंकित के यहां ड्राइवर के रूप में काम पर लगा था। शनिवार को वह लोडिंग वाहन की छत पर काम कर रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। सहकर्मियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंकित ने आरोप लगाया कि शनिवार को एमवाय अस्पताल में कमिश्नर का दौरा होने की वजह से साजिद को समय पर उपचार नहीं मिल सका। उनका कहना है कि जब वे साजिद को अस्पताल लेकर पहुंचे, तब स्टाफ दौरे की व्यवस्था में व्यस्त था और घायल पर ध्यान नहीं दिया गया। काफी देर तक इलाज न मिलने के बाद साजिद ने दम तोड़ दिया। साजिद के परिवार में पत्नी और बहन हैं। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है। वहीं, परिजनों ने साजिद की मौत को लेकर अंकित पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।



### सीबीएन की कार्रवाई, महू में ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) ने महू के थवलाय में किराए के मकान में चल रही एमडी ड्रग्स बनाने की लैब का खुलासा किया है। यहां से 44 किलो एमडी ड्रग्स, 260 किलो केमिकल-पाउडर और ड्रग्स बनाने की मशीनें जब्त की हैं। एक दिन पहले 8 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी। अब तक 52 किलो ड्रग्स मिली है। इसकी कीमत 15.60 करोड़ रु. है। सीबीएन ने शुक्रवार रात मंदसौर में यात्री बस से 8 किलो एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया कि ड्रग्स थवलाय गांव में किराए के मकान में बनाई जाती थी। शनिवार को 20 सदस्यीय टीम ने गांव पहुंचकर घनश्याम यादव के मकान पर दबिश दी। टीम को यहां अत्याधुनिक लैब मिली, जहां मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जैसी ड्रग्स तैयार की जा रही थी।

### बिना सर्टिफिकेट खरीदी 8 करोड़ की मशीनें, ईओडब्ल्यू में शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में 6 करोड़ की जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन सहित अन्य उपकरणों की कुल 8 करोड़ की खरीदी में अनियमितता का मामला सामने आया है। इसको लेकर ईओडब्ल्यू में शिकायत भी हुई है।

शिकायतकर्ता राकेश भाभर ने कॉलेज के एमडीआरयू विभाग की मांग पर टर्न-की आधारित हुए इस टेंडर में कंपनी के पास सीडीएससीओ सर्टिफिकेट नहीं होने समेत कई खामियों का जिक्र किया है। खास बात यह है कि टेंडर कमेटी पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा 6 करोड़ की जो मशीन सप्लाई हुई है उसका मॉडल टेंडर में बताए मॉडल से अलग है। सर्टिफिकेट केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यह प्रमाणित करता है कि कोई मेडिकल मशीन, उपकरण या दवा भारत में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित, मानक के अनुरूप और कानूनी है। यह सर्टिफिकेट सरकारी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में खरीदी के टेंडर की मुख्य शर्तों में होता है।



जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 10वीं पास
सैलरी :- 13000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है
2 पद : सैलरी 9000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपुरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 17/02/2026 मंगलवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रुम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरुआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
Marketing Manager
Merketing Executive
Sales Executive
Team Leader
Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com